राष्ट्रीय मुख्यधारा PRESS
PRINT | WEB | VIDEO

mukhyadhara.daily@gmail.com +91 9142412511

हिन्दी दैनिक

RNI : JHAHIN/2014/54374

# राष्ट्रीय मुख्यधारा

अख़बार भी, आन्दोलन भी

बोकारो, मंगलवार
10.10.2023
पृष्ठः 12, मूल्य 2/-
वर्ष : 10, अंक : 245

www.rashtriyamukhyadhara.com



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

## कैंसर की मिली चमत्कारिक दवा, 6 महीने में ठीक हुई महिला

**वेल्स**। यदि सबकुछ ठीक रहा तो आने वाले समय में कैंसर भी जुकाम बुखार की तरह सामान्य दवा से ही ठीक हो जाएगा। कुछ इसी तरह की एक दवा तैयार की गई है जिसका परीक्षण चल रहा है। इसी दवा की परिणाम है कि मात्र 6 महीने में ही एक महिला के तीसरी स्टेज का कैंसर पूरी तरह ठीक हो गया है।रिपोर्ट्स के मुताबिक कैरी डाउनी को आंत का स्टेज तीन कैंसर डोस्टारलिमैब दवा लेने के छह महीने के भीतर गायब हो गया। 42 वर्षीय डाउनी को एक साल पहले कैंसर होने के बारे में पता चला था। इसके बाद उन्हें छह महीने के लिए डोस्टरलिमैब




इन्फ्यूजन दिया गया था। स्वानसी बे यूनिवर्सिटी हेल्थ बोर्ड ने एक बयान में कहा कि दवा देने के बाद टेस्ट में पता चला कि उनका कैंसर पूरी तरह से ठीक हो चुका है। उनके उपचार के दौरान स्कैन से पता चला कि उनका ट्यूमर काफी ज्यादा सिकुड़ गया था और अंत में उनका कैंसर पूरी तरह से खत्म हो गया। उन्होंने आगे कहा 'मैं डॉ. बैरिंगटन और उनकी टीम की बहुत आभारी हूं कि मुझे मौका मिला और उन्होंने उत्परिवर्तन पर ध्यान दिया और इन नए उपचारों को देखा। डोस्टारलिमैब इम्यूनोथेरेपी का एक रूप है, जो प्रतिरक्षा प्रणाली को कैंसर को नष्ट करने में मदद करता है। हालांकि इसका अभी भी क्लिनिकल ट्रायल किया जा रहा है। सर्जरी, रेडियोथेरेपी या कीमोथेरेपी से बचने में यह पहले ही उल्लेखनीय परिणाम दिखा रहा है। बता दें कि डाउनी को पिछले हर्निया ट्रांसप्लांट के कारण दर्द हो रहा था। जांच के दौरान डॉक्टरों को उनके कैंसर के बारे में मालूम पड़ा। छह महीने के लिए महिला डोस्टारलिमैब दिया गया।

## 15 दिन में लगेंगे दोनों ग्रहण, 14 को सूर्य तो 28 अक्टूबर को होगा चंद्रग्रहण

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

अक्टूबर महीने में पंद्रह दिनों के अंतराल में सूर्य ग्रहण और चंद्र ग्रहण दोनों लगने वाले हैं। दरअसल, सूर्य ग्रहण 14 अक्टूबर, शनिवार सर्व पितृ अमावस्या के दिन लगने जा रहा है। वहीं ठीक उसके 15 दिन बाद चंद्र ग्रहण 28 अक्टूबर को लगने जा रहा है। 14 अक्टूबर, बृहस्पतिवार को इस साल का दूसरा सूर्य ग्रहण लगने जा रहा है। यह ग्रहण 14 अक्टूबर को रात 8 बजकर 34 मिनट से शुरू होगा और रात 2 बजकर 25 मिनट पर समाप्त हो जाएगा। यह ग्रहण भारत



में दिखाई नहीं देगा इसलिए इस ग्रहण का सूतक काल नहीं माना जाएगा। यह ग्रहण कन्या राशि और चित्रा नक्षत्र में होगा। यह सूर्य ग्रहण भारत में नहीं दिखेगा। साल का दूसरा सूर्यग्रहण दक्षिण अमेरिका के क्षेत्रों को छोड़कर उत्तरी अमेरिका, कनाडा, ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड, ग्वाटेमाला, मैक्सिको, अर्जेंटीना, कोलंबिया, क्यूबा, बारबाडोस, पेरु, उरुग्वे, एंटीगुआ, वेनेजुएला, जमैका, हैती, पराग्वे, ब्राजील, डोमिनिका, बहामास, आदि जगहों पर दिखाई देगा। सूर्य ग्रहण लगने से 12 घंटे पहले सूतक काल लग जाता है। सूतक काल में पूजा-पाठ की मनाही होती है। इस अवधि में भगवान की मूर्तियों का स्पर्श नहीं करना चाहिए। लेकिन सूतक काल केवल तभी मान्य होता है, जब सूर्य ग्रहण भारत में दृश्यमान हो। साल का दूसरा सूर्य ग्रहण भारत में नहीं दिखाई देगा, इसलिए इसका सूतक काल भी मान्य नहीं होगा। भारत में सूतक काल नहीं लगेगा। जानकारों के मुताबिक, साल का आखिरी और दूसरा चंद्र ग्रहण 28 अक्टूबर की मध्यरात्रि को लगने जा रहा है। यह ग्रहण 29 अक्टूबर को रात 1 बजकर 5 मिनट से शुरू होकर रात 2 बजकर 24 मिनट पर समाप्त होगा। यह पूर्ण चंद्र ग्रहण होगा, जो भारत में दिखाई देगा। इसलिए सूतक काल भी मान्य होगा। यह यूरोप, एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, नॉर्थ अमेरिका, उत्तर व पूर्व दक्षिण अमेरिका, अटलांटिक महासागर, हिन्द महासागर, अंटार्कटिका में भी दिखेगा। यह ग्रहण मेष राशि और अश्विनी नक्षत्र में लगने जा रहा है। ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि यदि सूर्य ग्रहण दर्शनीय ना हो तब भी इसका प्रभाव सभी राशियों पर पड़ता है। इस दौरान कुछ राशियों को सर्वाधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। यह राशियां हैं- मेष, कर्क, तुला और मकर। इन राशियों को सूर्य ग्रहण की अवधि विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। साल का आखिरी चंद्र ग्रहण पूर्ण लगने जा रहा है इसलिए ये काफी पीड़ादायक माना जा रहा है। यह चंद्र ग्रहण मेष, वृषभ, कन्या और मकर राशि के लिए बेहद अशुभ माना जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### पश्चिम बंगाल नगर पालिका नौकरी घोटाला : अब बीजेपी विधायक के आवास पर सीबीआई का छापा

**कोलकात्ता**। पहली बार पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के नगर पालिकाओं में भर्ती अनियमितता मामले में भाजपा का नाम शामिल हुआ है। सीबीआई ने सुबह से पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के राणाघाट निर्वाचन क्षेत्र के भगवा विधायक पार्थसारथी चटर्जी के आवास पर छापेमारी की। वह राणाघाट नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष भी थे। रविवार को, सीबीआई के अधिकारियों ने पश्चिम बंगाल में 12 स्थानों पर मैराथन छापेमारी और तलाशी अभियान चलाया, जिसमें पश्चिम बंगाल के नगरपालिका मामलों और शहरी विकास मंत्री और कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम और तृणमूल कांग्रेस के विधायक मदन मित्रा के आवास भी शामिल थे।सत्तारूढ़ दल का नेतृत्व शुरू से ही यह दावा करता रहा है कि ये छापेमारी और तलाशी अभियान भाजपा और केंद्र सरकार की प्रतिशोध की राजनीति के कारण हैं, जिसकी प्रक्रिया में केंद्रीय एजेंसियों को तैनात किया जा रहा है। अब, भाजपा विधायक के आवास पर सीबीआई की छापेमारी के बाद, पर्यवेक्षकों को लगता है कि राज्य में भगवा खेमे के पास अब यह दावा करने का मौका होगा कि केंद्रीय एजेंसियां राजनीति से प्रभावित नहीं हो रही हैं।भाजपा में शामिल होने और 2021 के राज्य विधानसभा चुनाव में विधायक बनने से पहले चटर्जी कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस दोनों से जुड़े रहे थे। वह 25 वर्षों की लंबी अवधि तक राणाघाट नगर पालिका के अध्यक्ष रहे, पहले कांग्रेस की ओर से और फिर तृणमूल कांग्रेस की ओर से।



### आयकर विभाग ने जम्मू-कश्मीर के बारामूला में बिजनेसमैन से जुड़े परिसरों पर मारे छापे

**श्रीनगर**। आयकर विभाग के अधिकारियों ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के सोपोर शहर में एक व्यवसायी के आवास और कार्यालय पर छापा मारा।आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि छापेमारी एआरसीओ बिजनेस ग्रुप के मालिक जावेद अहमद अनम के घर और दुकान पर हो रही है। सूत्रों ने कहा, "छापेमारी पूरी होने के बाद विवरण साझा किया जाएगा।




### रणनीतिक संबंधों को मिलकर नए आयाम देंगे भारत और सऊदी अरब



**नई दिल्ली**। भारत तथा सऊदी अरब अपने रणनीतिक संबन्धों को मिलकर नए आयाम देंगे। दोनों देशों के मध्य द्विपक्षीय सम्बन्धों की बढ़ती प्रवृत्तियों में रक्षा, रणनीति, सुरक्षा, निवेश, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, व्यापार के साथ-साथ शिक्षा, ऊर्जा तथा प्रसार जैसे कारक शामिल हैं। यह उन सम्भावनाओं के बढ़ते सौहार्द्र तथा समझ की स्पष्ट झलक है जिसमें द्विपक्षीय साझेदारी विकसित हुई है। इसका ताजा उदाहरण भारत की राजधानी नई दिल्ली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन के दौरन भी देखने को मिला, जब पीएम नरेंद्र मोदी ने सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। इस वार्ता के दौरान दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा और समीक्षा हुई। दोनों नेताओं ने देश के बीच रणनीतिक साझेदारी की संभावना को आगे बढ़ाने के तरीकों पर भी विचार विमर्श किया। भारत और सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद की पहली बैठक के बाद पीएम मोदी ने कहा कि मुझे खुशी है कि इस परिषद के अंतर्गत दोनों समितियां की कई बैठक हुई है जिनसे हर क्षेत्र में हमारा आपकी सहयोग बढ़ रहा है। बदलते समय के अनुसार हमारे संबंधों में नए आयाम जुड़ रहे हैं। गौरतलब है कि पीएम नरेंद्र मोदी ने अक्टूबर 2019 में रियाद की यात्रा की थी जिसके बाद भारत सऊदी अरब रणनीतिक साझेदारी परिषद का गठन किया गया था। इस परिषद में दो समितियां है जिसमें पहले समिति राजनीतिक सुरक्षा सामाजिक और सांस्कृतिक सहयोग समिति है। इन समितियों की बैठक में दोनों देशों के नेताओं ने द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी परिषद के तहत कई अहम फैसले लिए हैं। दोनों देशों में कार्यालय स्थापित किए जाएंगे। भारत और सऊदी अरब मिलकर स्टार्टअप और इनोवेशन ब्रिज का शुभारंभ करेंगे।

# पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

- मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना तथा मिजोरम में एक-एक तथा
- मप्र में 17 नवंबर, तेलंगाना में 30 मिजोरम में 7, छत्तीसगढ़ में 7 एवं 17 नवंबर तथा राजस्थान में 23 नवंबर को होगा मतदान




निर्वाचन आयोग ने सोमवार को 5 राज्यों में चुनावी तारीखों का एलान कर दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश,राजस्थान,तेलंगाना तथा मिजोरम में एक-एक चरण में चुनाव होगा जबकि छत्तीसगढ़ में दो चरणों में चुनाव कराने का एलान किया गया है। मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को मतदान होगा तो राजस्थान में 23 एवं तेलंगाना में 30 और मिजोरम में 7 नवंबर को मतदाता किया जाएगा तथा छत्तीसगढ़ में 7 एवं 17 नवंबर को मतदान किया जाएगा। जबकि चुनाव का परिणाम 3 दिसंबर को घोषित किया जाएगा। 17 अक्टूबर को वोटर लिस्ट का प्रकाशन होगा और 23 से 30 अक्टुबर तक इसमें सुधार किया जा सकेगा। उम्मीदवारों को अपने आपराधिक रिकॉर्ड की जानकारी 3 बार अखबारों में विज्ञापन के माध्यम से देना पड़ेगी। बता दें कि इन पांचों राज्यों में 16.1 करोड़ मतदाता हैं जिसमें 8.2 करोड़ पुरुष और 7.5 करोड़ महिला एवं 60 लाख युवा मतदाता शामिल हैं।

### मिजोरम में दुर्गम इलाकों के 22 केंद्रो पर पैदल जाएगी टीम

मिजोरम में कुल 8.38 लाख मतदाता हैं, जिनमें 4.32 लाख महिलाएं शामिल हैं। राज्य का लिंगानुपात 1,060 है। राज्य में 40,934 मतदाता पहली बार वोट डालेंगे। ईसीआई अधिकारियों के अनुसार, राज्य में 1,276 मतदान केंद्र होंगे, जिनमें 751 ग्रामीण क्षेत्रों में होंगे। 40 विधानसभाओं में प्रति मतदान केंद्र पर औसतन 657 मतदाता हैं। चुनाव आयोग 80 वर्ष से अधिक उम्र के 9,000 से अधिक मतदाताओं और 3,000 से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर पर मतदान की सुविधा भी दे रहा है। इसके अलावा, यह सुनिश्चित करने के लिए कि कोई भी मतदाता छूट न जाए, चुनाव आयोग की टीमें दुर्गम इलाकों में लंबी दूरी की यात्रा कर रही हैं। राज्य में 22 मतदान केंद्र ऐसे हैं जहां मोटरेबल रोड नहीं है। यानी यहां मतदान टीमों को पैदल ही जाना होगा। साथ ही 19 मतदान केंद्र नदी क्षेत्र में पड़ते हैं और यहां तक केवल नाव द्वारा ही पहुंचा जा सकता है।

### छत्तीसगढ़ में 4.43 लाख युवा पहली बार करेंगे मतदाता

छत्तीसगढ़ की 90 सदस्यीय विधानसभा में भूपेश बघेल की सरकार का कार्यकाल 3 जनवरी को समाप्त हो रहा है। 1.97 करोड़ मतदाताओं वाले राज्य में 24,109 मतदान केंद्र होंगे। प्रति स्टेशन औसतन 815 मतदाता हैं। सिर्फ 4,853 मतदान केंद्र शहरी इलाकों में हैं जबकि बाकी ग्रामीण इलाकों में हैं। राज्य में 4.43 लाख मतदाता ऐसे हैं, जो पहली बार अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। राज्य में लिंगानुपात 1003 है। 1.47 लाख दिव्यांगजनों, 80 वर्ष से अधिक आयु के 2.02 लाख लाख मतदाताओं और 100 वर्ष से अधिक आयु के 2,948 मतदाताओं के लिए घर पर मतदान की सुविधा प्रदान की जाएगी। यह सुनिश्चित करते हुए कि अंतिम मील में भी मतदान केंद्र हों, चुनाव आयोग 112 ऐसे स्टेशन स्थापित कर रहा है, जहां मोटरेबल रोड नहीं हैं और यहां पैदल ही जाया जा सकेगा।

### मध्य प्रदेश में 5 हजार केंद्रों की कमान महिलाओं के हाथ में होगी

मध्य प्रदेश की 230 सदस्यीय विधानसभा में शिवराज सिंह चौहान सरकार का कार्यकाल 6 जनवरी को समाप्त हो जाएगा। 5.52 करोड़ मतदाताओं वाले राज्य में 64,523 मतदान केंद्र होंगे। मध्य प्रदेश में लिंग अनुपात 936 है और प्रति मतदान केंद्र पर औसत 843 मतदाता हैं। मध्य प्रदेश में 2.67 करोड़ महिला मतदाता हैं और राज्य भर में कम से कम 5,000 मतदान केंद्रों का प्रबंधन महिलाएं करेंगी। 4.85 लाख दिव्यांगजन मतदाताओं और 80 वर्ष से अधिक आयु के 7.12 लाख मतदाताओं और 100 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 6,180 मतदाताओं के लिए घर पर मतदान की सुविधा प्रदान की जाएगी। राज्य में 18.86 लाख से अधिक मतदाता ऐसे हैं, जो पहली बार वोट डालेंगे। कम से कम 1,150 मतदान केंद्र युवाओं द्वारा संभाले जाएंगे।

### तेलंगाना में मतदान केंद्रो की बढ़ेगी संख्या

चुनाव आयोग फिलहाल तेलंगाना में योजना को अंतिम रूप दे रहा है और चुनाव विवरण पर काम कर रहा है। चुनाव निकाय इस सप्ताह राज्य के लिए विवरण जारी करेगा। पिछले चुनाव में राज्य में 2.61 करोड़ मतदाता और 32,574 मतदान केंद्र थे। इस बार इसके बढ़ने की उम्मीद है। 2018 के विधानसभा चुनावों में, पांच राज्यों में 12 नवंबर से मतदान शुरू हुआ था। छत्तीसगढ़ के अलावा, सभी राज्यों में एक ही चरण में चुनाव संपन्न हुए थे। राजस्थान और तेलंगाना में आखिरी चरण में 7 दिसंबर को मतदान संपन्न हुआ था। पांचों राज्यों में हुए चुनाव की मतगणना की तारीख 11 दिसंबर थी।

### राजस्थान में दिव्यांग संभालेंगे प्रबंधन

राजस्थान में कांग्रेस सरकार का कार्यकाल 14 जनवरी को समाप्त हो जाएगा। राज्य की कुल 200 सीटों में से 141 सामान्य हैं, जबकि 25 अनुसूचित जनजाति (एसटी) और 34 अनुसूचित जाति (एससी) श्रेणी की हैं। राज्य में 5.25 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 2.51 करोड़ महिलाएं और 604 ट्रांसजेंडर शामिल हैं। राजस्थान में मतदाता लिंग अनुपात 920 है, और लगभग 22 लाख मतदाता पहली बार वोट डालेंगे। राज्य में 51,756 मतदान केंद्र होंगे और प्रत्येक पर औसतन 1,002 मतदाता होंगे। कुल मतदान केंद्रों में से 41,341 ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। चुनाव आयोग यह सुनिश्चित कर रहा है कि 200 स्टेशनों का प्रबंधन दिव्यांगजनों द्वारा किया जाए, 1600 स्टेशनों का प्रबंधन युवाओं और महिलाओं द्वारा किया जाए। पिछली बार, कोई भी दिव्यांगजन प्रबंधित मतदान केंद्र नहीं थे और महिलाओं द्वारा संचालित मतदान केंद्र 250 थे। राज्य में 80 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 12 लाख मतदाताओं, 100 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 18,500 मतदाताओं और 5.61 लाख दिव्यांग मतदाताओं के लिए घर पर मतदान की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। कड़ी निगरानी के लिए 350 से अधिक चेक पोस्ट स्थापित किये जायेंगे, जिनमें 251 पुलिस चेक पोस्ट भी शामिल हैं। ईसीआई राज्य में मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर भी ध्यान केंद्रित करेगा। 2018 के चुनावों में, कुल मतदान 74.71% था, जिसमें महिलाओं ने 74.68% मतदान के साथ पुरुषों (73.83%) को पीछे छोड़ दिया था। हालांकि, कम से कम 95 विधानसभाओं और लगभग 25,000 मतदान केंद्रों पर महिला मतदाताओं का प्रतिशत पुरुषों की तुलना में कम था। ईसीआई का लक्ष्य समग्र मतदान को सुधारकर 75% तक पहुंचाना है।

# बीएड पास कैंडिडेट को फिलहाल राहत नहीं

**सरकार की SLP खारिजः शुक्रवार को फ्रेश रिट पर SC में सुनवाई; दूसरी बेंच में केस ट्रांसफर**

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पटना

सुप्रीम कोर्ट में बिहार के बीएड पास अभ्यर्थियों को लेकर सुनवाई हुई। बीएड कैंडिडेट्स को फिलहाल राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार की एसएलपी को खारिज कर दिया है। शुक्रवार को फ्रेश रिट पर सुनवाई होगी। साथ ही मामला दूसरी बेंच में ट्रासफर कर दिया गया है। अब बिहार सरकार बदलाव के साथ दूसरी याचिका दायर करेगी। बता दें कि क्लास 1 से 5 तक के शिक्षकों की नियुक्ति में बीएड अभ्यर्थियों को शामिल किए जाने को लेकर सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में जो एसएलपी दायर की थी। बीपीएससी ने सिर्फ डीएलएड पास उम्मीदवारों का रिजल्ट जारी करने का निर्णय लिया है। बिहार सरकार ने 25 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दायर की गई थी। इस मामले में जस्टिस एएस बोपन्ना और जस्टिस एमएम सुंदरेश की बेंच में सुनवाई हुई। बता दें कि बिहार में 1 लाख 70 हजार 461 शिक्षकों की नियुक्ति होनी है, जिसमें करीब 80 हजार प्राइमरी स्कूल के टीचर हैं।




| कक्षा | पद |
| --- | --- |
| 1 से 5 | 79 हजार 943 |
| 9-10 | 32 हजार 916 |
| 11-12 | 57 हजार 602 |

### 6 लाख में 3 लाख से ज्यादा बीएड अभ्यर्थी

दरअसल ,बिहार में शिक्षक बहाली प्रक्रिया जारी है। बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) ने 1 लाख 70 हजार 461 पद के लिए बहाली निकली थी। क्लास 1 से 5 तक के लिए कुल 79 हजार 943 पद, क्लास 9 से 10 तक के लिए कुल 32 हजार 916 और क्लास 11 से 12वीं तक के लिए 57 हजार 602 पद की बहाली निकली थी। बीपीएससी शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 2023 में करीब 6 लाख अभ्यर्थियों में से बीएड पास अभ्यर्थियों की संख्या आधे से ज्यादा है। बीएड पास अभ्यर्थियों की संख्या 3 लाख 90 हजार है।

**कैसे उलझा मामला** – सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान शिक्षक बहाली की सुनवाई करते हुए प्राथमिक शिक्षक के लिए डिप्लोमाधारी को योग्य करार दिया है। इसके बाद बीएड पास कैंडिडेट की नियुक्ति अधर में लटक गई। राजस्थान को लेकर दिए गए फैसले के मुताबिक सिर्फ बीटीसी या डीएलएड डिग्री वाले अभ्यर्थी ही कक्षा पांचवीं तक पढ़ाने के लिए योग्य माने जाएंगे। इस नियम को बीपीएससी ने बिहार में भी लागू करने का फैसला किया है, जिसके कारण कई अभ्यर्थियों के रिजल्ट पर रोक लगा दी गई है।

### शरद पवार की एनसीपी नेशनल कम्युनल पार्टी है : भाजपा

**नई दिल्ली**। भाजपा ने विपक्षी गठबंधन में शामिल एनसीपी ( शरद पवार गुट ) को 'नेशनल कम्युनल पार्टी' बताते हुए यह आरोप लगाया है कि एनसीपी और उसके नेता तुष्टिकरण की राजनीति और सनातन का विरोध करते रहे हैं। भाजपा ने विपक्षी दलों के ' आईएनडीआईए' गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों पर प्रहार करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर 'घमंडिया फाइल्स' की एक नई सीरीज शुरू की है।इस सीरीज के तहत भाजपा ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर पांचवा एपिसोड जारी कर एनसीपी की आलोचना करते हुए कहा, "घमंडिया फाइल्स के पांचवें एपिसोड में देखिए।

# तंजानिया की राष्ट्रपति हसन चार दिवसीय भारत यात्रा पर

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली


तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से रविवार को भारत की चार-दिवसीय यात्रा शुरू की। तंजानिया के किसी राष्ट्रपति की आठ साल बाद यह पहली भारत यात्रा है। हसन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से वार्ता करेंगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि द्विपक्षीय संबंधों को नई गति देते हुए तंजानिया की राष्ट्रपति सामिया सुलुहू हसन भारत की राजकीय यात्रा पर



पहुंचीं। राष्ट्रपति का पदभार संभालने के बाद यह भारत की उनकी पहली यात्रा है। हसन ने रविवार शाम को विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात की। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि भारत की राजकीय यात्रा पर आईं तंजानिया की राष्ट्रपति सुलुहू हसन से मुलाकात कर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैंने अफ्रीकी संघ को जी20 की स्थायी सदस्यता दिलाने की दिशा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल की सराहना करने पर उन्हें धन्यवाद दिया।

## इसरो का नया अपडेट, यान पूरी तरह से ठीक, 16 सेकंड तक काम भी किया

**नई दिल्ली**। इसरो ने अपने पहले सूर्य मिशन को लेकर ताजा अपडेट दिया है कि आदित्य एल1 यान पूरी तरह से ठीक है, उसने 16 सेकंड के लिए अपना काम भी किया है। वह लगातार अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। इसरो ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर करते हुए कहा कि ट्रैजेक्टरी करेक्शन मेन्यूवर ने 6 अक्टूबर को 16 सेकंड के लिए काम किया था। एक्स पर आई पोस्ट में कहा गया कि अंतरिक्ष यान स्वस्थ है और सूर्य-पृथ्वी एल1 की ओर बढ़ रहा है। एक ट्रैजेक्टरी करेक्शन मेन्यूवर (टीसीएम), 6 अक्टूबर को लगभग 16 सेकंड के लिए किया गया था। 19 सितंबर को



किए गए ट्रांस-लाग्रांजियन प्वाइंट1 इंसर्शन (टीएल1आई) पैंतरेबाज़ी को ट्रैक करने के बाद मूल्यांकन किए गए प्रक्षेप पथ को सही करने के लिए इसकी आवश्यकता थी। इसरो के अनुसार टीसीएम यह सुनिश्चित करता है कि अंतरिक्ष यान एल1 के आसपास हेलो कक्षा सम्मिलन की ओर अपने इच्छित पथ पर है। जैसे-जैसे आदित्य-एल1 आगे बढ़ता रहेगा, कुछ ही दिनों में मैग्नेटोमीटर फिर से चालू हो जाएगा। इसरो की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, अंतरिक्ष यान लगातार सूर्य की ओर बढ़ रहा है। 6 अक्टूबर को 16 सेकंड के लिए इसमें थोड़ा बदलाव किया गया था। इसरो ने कहा कि 19 सितंबर को किए गए ट्रांस-लाग्रांजियन प्वाइंट इंसर्शन को ट्रैक करने के बाद पथ को सही करने के लिए इसकी आवश्यकता पड़ी थी। जैसे-जैसे अंतरिक्ष यान आगे बढ़ेगा, वैसे-वैसे मैग्नोमीटर फिर से चालू हो जाएगा। मालूम हो कि भारत का पहला सूर्य मिशन पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर की दूरी तय करेगा और एल1- बिंदू की परिक्रमा करेगा।

### इजराइल पर हुए हमले 10 नेपाली छात्रों की मौत 11 लापता

**काठमाण्डू**। इजराइल पर हुए हमले में नेपाल के 10 छात्रों की मौत हो गई है। इसराइल और हमास के बीच शनिवार से जारी हमलों में अब तक 1000 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2000 से अधिक घायल बताए जा रहे हैं। इजराइल में नेपाल दूतावास के अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि नेपाल के कई छात्र इजराइल में फंसे हुए हैं। हमास हमले के बाद इजराइल ने सभी लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने का आदेश दिया है। इससे पहले नेपाल के विदेश मंत्री एन पी सऊद ने रविवार को कहा कि इजराइल में पढ़ाई कर रहे चार नेपाली छात्र आतंकवादी समूह हमास के हमले में घायल हुए हैं जबकि 11 छात्र लापता हैं।

# स्वदेशी जागरण मंच ने बोकारो में आयोजित किया 'युवा संवाद'





बोकारो।।राष्ट्रीय मुख्यधारा

सोमवार को स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा बोकारो के चीरा चास में अवस्थित एन पी टीचर ट्रेनिंग कॉलेज में स्वावलंबी भारत अभियान के तहत युवा संवाद का कार्यक्रम रखा गया। इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय संयोजक अमरेंद्र सिंह ने कहा की अभी अभी देश अपना अमृत महोत्सव मनाया है अर्थात अमृत कालखंड प्रारंभ हुआ है यह यात्रा स्वतंत्र भारत के 100 वर्ष पूरा होने तक चलेगा। कोई भी देश जब तक आर्थिक सामाजिक और शैक्षणिक रूप से मजबूत नहीं होगा तब तक देश स्वावलंबी नहीं बनेगा। उन्होंने कहा कि संगठित क्षेत्र में रोजगार मात्र 8% के लगभग है, खुदरा व्यापार और कृषि को जोड़ दिया जाए तो लगभग 21 से 22% के आसपास बनता है जबकि हमारा हमारे यहां प्रत्येक महीने लगभग 9 लाख से अधिक बच्चे प्रत्येक महीने बेरोजगार की श्रेणी में शामिल हो जाते हैं। किसी भी देश की सबसे बड़ी पूंजी उसका युवा शक्ति होता है जो हमारे पास है। इस समस्या के निदान के लिए बड़े-बड़े अर्थशास्त्रियों ने अपने सर्वेक्षण एवं रिसर्च के बाद कहा है कि देश को स्वावलंबी बनाना है तो हमें अपना लक्ष्य निर्धारित करना होगा। पहले पूर्ण रोजगार युक्त भारत दूसरा बीपीएल मुक्ति मुक्त भारत तीसरा 2030 तक 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था । इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए उन्होंने चतुष् पंक्ति मार्ग सुझाया है विकेंद्रीकरण, स्वदेशी,उद्यमिता और सहकारिता। आज सरकारी नौकरी एवं बड़ी कंपनियों में नौकरी को ही लोग रोजगार मानते हैं यही मानसिकता लोगों को बेरोजगार बना देता है स्वरोजगार के बारे में भी सोचना चाहिए आज लघु उद्योग कुटीर उद्योग जो भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है देश के युवाओं को आगे बढ़कर इसमें हाथ बढ़ाना होगा रोजगार देनेवाला बनना होगा। जिस दिन हम स्वरोजगार की तरफ हाथ बढ़ाएंगे देश भी स्वावलंबी बनेगा। कार्यक्रम को प्रांत संपर्क प्रमुख अजय कुमार चौधरी, विभाग से संयोजक अजय कुमार सिंह, महाविद्यालय के प्राचार्य संजीव कुमार सिंह, केनरा बैंक के अधिकारी श्री मिश्रा ने संबोधित किया। कार्यक्रम में नए उद्यमी कुणाल सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रांतीय समिति सदस्य जयशंकर प्रसाद, जिला संयोजक कुमार संजय एवं प्रमोद कुमार सिन्हा उपस्थित थे। लगभग 60 से 70 बच्चे इस कार्यक्रम में सहभागी बने।

# आदिवासी सेंगेल अभियान की बैठक में जनसभा को सफल बनाने पर चर्चा

डुमरी।।राष्ट्रीय मुख्यधारा



आदिवासी सेंगेल अभियान की एक बैठक 08 अक्टूबर को प्रखंड के टेसाफुली गांव में हुई। जिसकी अध्यक्षता छात्र मोर्चा जिलाध्यक्ष दिलीप टुडू तथा संचालन डुमरी प्रखंड संयोजक सुगन बेसरा ने किया।बैठक को सम्बोधित करते हुए आदिवासी सेंगेल अभियान के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष देवनारायण मुर्मू ने कहा कि आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद सालखन मुर्मू के नेतृत्व में 8 नवंबर 2023 को रांची मोरहाबादी मैदान में सरना धर्म कोड जनसभा आयोजित है। इसमें बिहार,झारखंड,बंगाल, असम,उड़ीसा,त्रिपुरा,अरुणाचल प्रदेश सहित नेपाल, भूटान और बंगला देश से भी आदिवासी शामिल होंगे। कहा कि हम अधिसंख्यक आदिवासी हिन्दू,मुस्लिम, सिख,ईसाई नहीं है,हम प्रकृति पूजक है लेकिन अभी तक हमें धार्मिक मान्यता नहीं मिला है जो हमारा मौलिक अधिकार है।कहा कि झारखंड के हेमंत सोरेन सरकार सरना धर्म कोड की जगह ठगने और ईसाई आदिवासियों को खुश करने के लिए सरना आदिवासी धर्म कोड की अनुशंसा पत्र लिखते हैं चूंकि आदिवासी समाज से ज्यादा उनको वोट और पार्टी की चिन्ता है इसलिए अभीतक राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त संथाली भाषा ओलचिकी को झारखंड की प्रथम राजभाषा का दर्जा नहीं दिया है।झारखण्ड में जेएमएम पार्टी और हेमन्त सोरेन के नेतृत्व की सरकार ने 8 फरवरी 2023 को कुरमी को आदिवासी बनाने का समर्थन किया है।इसी तरह बंगाल में टीएमसी,उड़ीसा से बीजेडी ने समर्थन किया है,जिसका हम विरोध करते हैं।चूंकि कुरमी जब आदिवासी बनेंगे तो हम असली आदिवासी संताल,हो, मुण्डा,उरांव ,बिरहोर,खड़िया,पहाड़िया आदि का पतन हो जाएगा।कहा कि मरांग बुरू पारसनाथ पहाड़ जो गिरिडीह पीरटांड़ प्रखंड में स्थित है वह आदिवासियों का मरांग बुरू है ईश्वर है,उसको झारखण्ड की हेमंत सोरेन सरकार ने 5 जनवरी 2023 को लिखित रूप से जैनों को सुपुर्द किया है जो ग़लत है जिसका हमलोग विरोध करते हैं।कहा कि आज आदिवासी समाज को बचाने वाला एक ही नेता पूर्व सांसद सालखन मुर्मू है बाकी नेता,पार्टी,संगठन सिर्फ अपने पेट परिवार और पार्टी के लिए काम करते हैं आदिवासी समाज के लिए नहीं इसलिए आज हरहाल में पूर्व सांसद सालखन मुर्मू को साथ देना होगा।बैठक को सेंगेल सरना धर्म मंडवा के प्रदेश अध्यक्ष रामकुमार मुर्मू सेंगेल अभियान के बोकारो जोनल युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय टुडू बोकारो जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष ललिता सोरेन आदि ने भी संबोधित किया।इस दौरान सेंगेल कमिटी का भी गठन किया गया जिसमें छछंदो पंचायत अध्यक्ष माहा किस्कू,निर्मल कुमार मुर्मू,हीरालाल टुडू को टेसाफूली आतु सेंगेल टावर महिला मोर्चा अध्यक्ष नमिता सोरेन छात्रा मोर्चा अध्यक्ष विनिता मुर्मू छात्र मोर्चा अध्यक्ष महादेव मुर्मू को बनाया गया।बैठक में सावना मुर्मू, निर्मल मुर्मू,सोनवा मुर्मू सहित सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

# डॉक्टर की लापरवाही ने छीन लिया एक महिला से उसके दुबारा माँ बनने का सपना

गिरिडीह।।राष्ट्रीय मुख्यधारा



डॉक्टर की लापरवाही ने एक महिला को उससे दुबारा माँ बनने के सपने को चकनाचूर कर दिया है। चिकित्सक ने महिला की बच्चेदानी ही काट दिया। यह सनसनीखेज मामला जिले के जमुआ प्रखंड स्थित एक निजी अस्पताल मेडीनोवा की है। जहां महिला को उसकी डिलीवरी के लिये भर्ती कराया गया था। चिकित्सक ने उसे बड़ा ऑपरेशन कर ही डिलीवरी सम्भव होने की बात कह उसका ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के दौरान चिकित्सक ने महिला की आंत और बच्चेदानी ही काट दिया। डॉक्टर की इस लापरवाही के बाद उक्त अस्पताल और डॉक्टर के प्रति महिला कें परिजनों का गुस्सा फुट पड़ा। परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगा जमकर हंगामा कर किया।

**क्या है मामला** : बताया गया कि जमुआ प्रखण्ड के बाटी निवासी राजेश शर्मा की पत्नी अनिशा कुमारी की डिलीवरी होना था। इसके लिए चिकित्सक द्वारा बड़ा ऑपरेशन डॉक्टर किया जा रहा था। इसी दौरान डॉक्टर की लापरवाही की वजह से अनिशा की बच्चेदानी कट गई। जिससे महिला की स्थिति बिगड़ गई। आनन-फानन में अनिशा को दूसरे अस्पताल में शिफ्ट कराया गया। जहां उसका इलाज जारी है। बताया गया कि अनिशा की यह पहली डिलीवरी थी। डॉक्टर की लापरवाही से उसकी बच्चेदानी कट जाने के से अनिशा अब दुबारा कभी माँ नहीं बन पायेगी। अब वह कोई बच्चे को जन्म नहीं दे पाएगी। इस बात से परिजनों में काफी आक्रोश व्याप्त है। वहीं ऐसे में एक ओर जहां पीड़िता अनिशा समेत पूरे परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, डॉक्टर की लापरवाही से स्थानीय लोगों में काफी गुस्सा है।

## झारखंड मूल निवासी परिसंघ समिति ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को दिया आवेदन



डुमरी।।राष्ट्रीय मुख्यधारा

झारखंड मूल निवासी परिसंघ समिति डुमरी से जुड़े सदस्यों ने सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम डुमरी एसडीएम को एक आवेदन देकर कहा है कि गिरिडीह जिले में तीन सौ 89 चौकीदार बहाली में एक भी सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित नहीं होने की बात कही है।आवेदन पत्र में लिखा है कि गिरिडीह जिले में चौकीदार बहाली का विज्ञापन निकला है जिसके तहत 233 सीट अनारक्षित,72 सीट अनुसूचित जनजाति, 26 सीट अत्यंत पिछड़ा वर्ग,19 सीट पिछड़ा वर्ग एवं 39 सीट आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिए निर्धारित है।लिखा है कि अनुसूचित जाति वर्ष के लिए कोई भी सीट आरक्षित नहीं किया गया है जबकि झारखंड आरक्षण नियमावली के अनुसार अनुसूचित जाति के लिए कम से कम 47 सीट आरक्षित होना चाहिए।सदस्यों ने अनुसूचित जाति वर्ग के लिए 47 सीट आरक्षित करने की मांग किया है। आवेदन में भुनेश्वर रविदास,जगदीश रजक,सुरेश रजक,प्रीतम दास,जितेन्द्र दास,सीताराम,माणिकचन्द राम,ज्ञानचंद दास,तुलसी दास आदि के हस्ताक्षर हैं।

# सरिया के बराकर नदी की तेज धार में बहे किशोर का मिला शव, मचा कोहराम

गिरिडीह।।राष्ट्रीय मुख्यधारा



जिले के सरिया थाना क्षेत्र स्थित बराकर नदी के किनारे सोमवार सुबह ग्रामीणों ने एक शव पड़ा देखा। शव मिलने की खबर सुन घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गयी। मृतक की पहचान मोहन मण्डल के 14 वर्षीय पुत्र मोहित मण्डल के रूप में हुई। घटना स्थल पर मृतक के परिजनों के पहुंचने के बाद वहां कोहराम मच गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। सूचना पाकर सरिया पुलिस भी मौके पर पहुंची और शव को अपनी अभिरक्षा में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गिरिडीह भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की शाम उरो श्मशान घाट के समीप बराकर नदी के किनारे गांव के सात बच्चे घूमने गये थे। इस दौरान नदी में स्नान करने की नियत से 4 बच्चा नदी में कूद गया और नदी के तेज धार में वो सभी बहने लगा। नदी के प्रवाह की बेग अधिक रहने के कारण वह सभी खुद को नहीं सम्भाल पाया और नदी की तेज धार में बह गया। इस दौरान नदी के किनारे खड़े तीन अन्य बच्चों ने उन्हें नदी में बहता देख शोर मचाना शुरू किया। शोर सुन काफी संख्या में ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे। इस दौरान नदी की तेज धार में बहे तीन बच्चों ने किसी तरह तैर कर निकलने में सफल रहे और अपनी जान बचा लिया। लेकिन एक बच्चा मोहित मण्डल लापता हो गया। नदी किनारे मौजूद लोगों ने लापता बच्चे मोहित की अपने स्तर से काफी तलाश किया। लेकिन नदी की तेज धार और रात का घना अंधेरा होने के कारण उसका कहीं कुछ पता नहीं चला। वहीं सूचना मिलने पर सरिया थाना की पुलिस भी रात में घटना स्थल पहुंची और सारी वस्तु स्थिति से अवगत हुई। वहीं सोमवार सुबह जब ग्रामीण शौच आदि के लिये नदी किनारे पहंचे तो वहां नदी किनारे झाड़ियों में कुछ फँसा देखा। ग्रामीण नजदीक पहुंचे तो पाया कि वह लापता किशोर मोहित मण्डल का शव था। नदी के तेज धार में बहते हुए मोहित का शव उरो श्मसान घाट से लगभग एक किलोमीटर दूर नदी किनारे झाड़ियों में फंसा बरामद हुआ।

## एसडीएम को आवेदन देकर बालू उठाव पर रोक लगाने की मांग



**डुमरी**। जामतारा पंचायत के पंसस अखिलेश राणा ने एसडीएम को आवेदन देकर जमुनिया नदी छठ घाट से बालु के उठाव को रोकने की मांग किया है। आवेदन की प्रतिलिपि बीडीओ,सीओ एवं स्थानीय मुखिया को भी दी है। आवेदन में लिखा है कि जमुनिया नदी से लगातार बालु उठाव होता आ रहा है जिससे नदी का

**अस्तित्व मिटता जा रहा है साथ ही नदी की चौड़ाई भी**- बढ़ती जा रही है। इसलिए उक्त नदी की संरक्षण के लिए नदी से बालू का उठाव को रोकना अतिआवश्यक है। लिखा है कि अनवरत बालू उठाव होते रहने से नदी तट व सतही जगह पर गढ्ढे हो जाते हैं साथ ही रास्ता कंकड़िला हो जाता है जिससे छठ महापर्व के दौरान छठ वर्तियों एवं अन्य श्रद्धालुओं को नंगे पांव चलने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है इसलिए छठ घाटों से बालु उठाव को रोकना अति आवश्यक है साथ ही इस संबंध में बालु उठाव प्रतिबंध का बोर्ड लगा देना जनहित में होगा। बता दें कि बायपास रोड से दक्षिण में बना पीसीसी पथ जो जमुनिया नदी से होते हुए दुधपनिया की ओर जाता है, उक्त रास्ते से प्रत्येक दिन बालू लदे दर्जनों ट्रैक्टरों का आवागमन होता है जबकि पथ से सटे दोनों ओर कई आवास है जिससे दुर्घटना की भी आशंका बनी रहती है इसलिए लोगों ने भी उक्त पथ से ट्रैकटरों की आवागमन पर रोक लगाने एवं नदी में जहां तहां शव जलाने पर रोक लगाने की दिशा में सार्थक पहल करने की मांग स्थानीय प्रशासन से की है।

## विदाई समारोह आयोजित कर बीडीओ को दिया गया विदाई

**गिरिडीह**। तिसरी के प्रखंड विकास पदाधिकारी रहे संतोष प्रजापति का स्थानांतरण होने पर सोमवार को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कर्मचारियों ने एक विदाई समारोह का आयोजन कर उन्हें विदाई दिया। इस दौरान कर्मियों ने गुलदस्ता, अंगवस्त्र सहित कई चीजें बीडीओ को भेंट की। मौके पर बीडीओ संतोष प्रजापति ने कहा कि तिसरी में उनका दो वर्षों का कार्यकाल यादगार रहेगा। यहां के लोगों की याद आएगी। वहीं कर्मचारियों ने भी उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख राजकुमार यादव व संचालन राजन कुमार ने किया। मौके पर सभी पंचायत प्रतिनिधि व कर्मी मुख्य रूप से मौजूद थे। बता दें कि विभाग द्वारा उनका तबादला बीते दिनों किया है। जिसकी अधिसूचना भी जारी हुई थी। लेकिन उसमे उनके स्थान पर किसी अन्य बीडीओ का पदस्थापन नहीं होने से संतोष प्रजापति ने प्रभारी बीडीओ संग्राम मुर्मू को अपना पदभार सौंपा विरमित हुए हैं। गौरतलब है कि तीसरी प्रखंड व अंचल कार्यालय में पहले से ही अंचलाधिकारी का पद रिक्त चला आ रहा है। कोई स्थायी सीओ का पदस्थापन नहीं हुआ है। वहीं अब बीडीओ का भी पद रिक्त हो गया है। इस प्रखण्ड में अब दोनों ही पद प्रभारी के सहारे रह गया है।

# वसूली वाली सरकार से तंग है जनता : बाबूलाल मरांडी

रांची।।राष्ट्रीय मुख्यधारा



झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी सोमवार को बीजेपी की संकल्प यात्रा के क्रम में सरायकेला खरसावां जिला पहुंचे. यहां खरसावां डाक बंगला में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी खरसावां शहीद बेदी पर पहुंचे और खरसावां के शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किये. इसके बाद उन्होंने एक विशाल रोड शो किया और सभा में आए लोगों को संबोधित किया. बाबूलाल मरांडी ने सूबे के मुखिया हेमंत सोरेन पर जमकर हमला बोला. बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष ने ट्रांसफर पोस्टिंग के भी बहाने भी हेमंत सरकार पर हमला बोला. उन्होंने कहा कि झारखंड के तमाम सरकारी कर्मचारी, अधिकारी और पुलिस वाले भी इस वसूली वाली सरकार से तंग आ चुके हैं, वो इनको पैसा पहुंचाते-पहुंचाते परेशान हैं. हर महीने-दो महीने पर ट्रांसफर-पोस्टिंग की लिस्ट आ जाती है, ऊपर वाले का पेट इतने पैसों से भी नहीं भर रहा. अपने संबोधन में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साढ़े नौ वर्ष का कार्यकाल देश के गरीबों को समर्पित रहा. केंद्र सरकार ने इस दौरान जन धन योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजनाओं के माध्यम से महिलाओं, बुजुर्गों, किसानों के जीवन में खुशहाली लाई. पीएम नरेंद्र मोदी ने बिचौलियों को खत्म कर दिया. अब दिल्ली से जो पैसा आता है, वह सीधे गरीबों के खाते में जाता है. बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह देखकर दुख होता है कि बदले की राजनीति से प्रेरित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में बाधा डाल रहे हैं.

## भारती चलकरी इलाके में डायरिया का प्रकोप, एक की मौत, कई आक्रांत



पीरटांड़।।राष्ट्रीय मुख्यधारा

प्रखंड के भारती चलकरी पंचायत के रेहडा घुट्ट गांव में डायरिया का प्रकोप काफी तेजी में बढ़ रहा है। अब तक इस रोग की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। मिली जानकारी के अनुसार गांव के एक परिवार में सभी सदस्य डायरिया से पीड़ित हैं। जिनमें पतिराम टुडू एवं उनके पुत्र कृष्णा टुडू और अर्जुन टुडू को ईलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जिनमे इलाज के दौरान अर्जुन टुडू की मौत हो गई। वहीं कई अन्य लोग इस रोग से आक्रांत है। भारती चलकरी पंचायत के मुखिया महावीर मुर्मू ने बताया कि गांव में डायरिया रोग पूरी तरह से अपना पैर पसार लिया है। कई लोग इस रोग से प्रभावित है। कई लोगों को इलाज हेतु स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जिनका इलाज जारी है। वहीं इलाज के क्रम में रविवार को एक व्यक्ति की मौत हो गयी है। मुखिया जहां सभी पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्हें इलाज कराने में काफी सहयोग किया। वहीं मृतक के परिजनों से मिल उन्हें ढांढस बंधाया। मुखिया ने स्वास्थ्य विभाग से गांव में कैम्प लगाने तथा मृतक के परिजनों को सरकारी सहयोग देने की मांग किया हैं। ताकि शोक संतप्त परिवार को जीविकोपार्जन में सहूलियत हो सके।

# पुलिस ने किया साइबर अपराधियों द्वारा संचालित कॉल सेंटर का उद्भेदन, 9 साइबर अपराधी गिरफ्तार

गिरिडीह।।राष्ट्रीय मुख्यधारा





गिरिडीह पुलिस ने पचम्बा थाना क्षेत्र के बोड़ो में साइबर अपराधियों द्वारा संचालित एक कॉल सेंटर का उद्भेदन कर 9 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसपी दीपक कुमार शर्मा ने सोमवार को प्रेसवार्ता कर उक्त जानकारी दी। एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि पचम्बा थाना क्षेत्र के बोड़ो में स्थित बलदेव यादव के नवनिर्मित मकान में साइबर अपराधी, अपराध कर रहे हैं। सूचना पर साइबर डीएसपी संदीप सुमन के नेतृत्व में टीम गठित कर छापेमारी की गई। जिसमे 9 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया. उन्होंने बताया कि फर्जी कॉल सेंटर बनाकर साइबर ठगी करने वाले 7 साइबर अपराधी को बलदेव यादव के नवनिर्मित मकान से गिरफ्तार किया गया। बाद में उनकी निशानदेही पर बैंक खाता उपलब्ध कराने वाले व पैसों की निकासी करने वाले अन्य 2 अपराधियों को मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के बनियाडीह व बेंगाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सोनबाद से गिरफ्तार किया गया। बताया कि गिरफ्तार अपराधियों में जमुआ थाना क्षेत्र के बेहराडीह निवासी 20 वर्षीय निलेश कुमार मण्डल, मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के केरहारी निवासी 19 वर्षीय मोहन कुमार मण्डल, मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के सिहोडीह निवासी 19 वर्षीय रूद्र कुमार उर्फ रॉकी, बेंगाबाद थाना क्षेत्र के बनहती निवासी 19 वर्षीय महेन्द्र सिंह, बेंगाबाद के नईयाडावर निवासी 28 वर्षीय मोतीलाल किस्कू, बेंगाबाद के सोनबाद निवासी 20 वर्षीय नीरज कुमार तुरी, जामताड़ा नारायणपुर के मिरगा निवासी 24 वर्षीय अशोक कुमार, मुफ्फसिल क्षेत्र के बनियाडीह गांधीनगर निवासी 50 वर्षीय नागेश्वर दास एवं बेंगाबाद के सोनबाद निवासी 32 वर्षीय महेन्द्र मण्डल शामिल है। वही पुलिस ने गिरफ्तार अपराधियों के पास से 16 मोबाइल, 25 सिम, 4 एटीएम, 6 पासबुक, 2 चेकबुक, 3 क्यूआर कोड व 2 बाइक बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया कि वे साइबर ठगी करने में गर्भवती महिलाओं के मो नं० पर कॉल कर उन्हें मातृत्व लाभ राशि के रूप में 6300 रूपये दिलाने का झांसा देकर रिमोर्ट एक्सेस ऐप - एप्लेमिक्स, एनी डेस्क, टीम व्यूवर आदि का लिंक भेजकर इंस्टॉल करवा कर ठगी करते हैं। ये लोग रैंडम नम्बरों पर सीरियल कॉलिंग कर बिजली विभाग का फर्जी अधिकारी बनकर बकाया बिजली का भुगतान करने के लिए कहते हैं। अन्यथा बिजली का कनेक्शन काटने का बात कहकर डराते हैं। उसके बाद झांसे में लेकर रिमोर्ट एक्सेस ऐप एप्लेमिक्स, एनी डेस्क, टीम व्यूवर आदि का लिंक भेजकर इंस्टॉल करवा कर ठगी करते हैं।

/astrosantosha
asriindia.com
उस प्राणस्वरूप, दुःखनाशक, सुखस्वरूप, श्रेष्ठ, तेजस्वी, पापनाशक, देवस्वरूप परमात्मा को हम अपने अन्तःकरण में धारण करें। परमात्मा हमारी बुद्धि को सन्मार्ग की ओर प्रेरित करे।
30 वर्षों का अनुभव और हजारों लोगों का विश्वास
ASTROLOGICAL SCIENCE AND RESEARCH INSTITUTE INDIA
ज्योतिर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान
जन्म पत्रिका
निर्माण, विश्लेषण और समाधान
हस्तरेखा
परीक्षण और समाधान
वास्तु
निरीक्षण और समाधान
मकान का नक्शा और निर्माण
शिक्षण और प्रशिक्षण
ज्योतिष में कुछ ऐसे उपाय बताए गए हैं जिन्हें करने से तुरंत ही लाभ मिलता है फिर चाहे समस्या कितनी भी बड़ी क्यों न हो....
CALL FOR APPOINTMENT
99343 24 365
House No.-113-B, Road No.-1, Basant Vihar Colony, Harmu, Ranchi, Jharkhand - 834002



https://g.co/kgs/u42CPm
ज्योतिषी संतोषाचार्य जी
चार्टर्ड अभियंता (सिविल) एवं ज्योतिष विशारद, हस्तरेखा प्रवीण तथा वास्तु आचार्य
[द इंस्टिट्यूट ऑफ इंजिनियर (भारत) एवं भारतीय ज्योतिर्विज्ञान परिषद्, चेन्नई]
LICENCE NUMBER : CHARTERED ENGINEER (INDIA) - AM1964668, ICAS - 13072/18

# चतुर्थ राज्यस्तरीय योगासन स्पोर्ट प्रतियोगिता में गिरिडीह की अनुष्का ने जीता पदक

गिरिडीह।।राष्ट्रीय मुख्यधारा



जमशेदपुर में आयोजित चतुर्थ राज्यस्तरीय योगासन स्पोर्ट प्रतियोगिता में गिरिडीह की अनुष्का गुप्ता ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीत जिले का नाम रोशन की है। अनुष्का गुप्ता गुरुनानक स्कूल की छात्रा है। वह 9 से 14 आयु वर्ग के बालिका वर्ग में खेलते हुए बेहतर प्रदर्शन कर पदक जीतने में सफल रही है। योगासन स्पोर्ट संघ की महासचिव अनिता कुमारी ओझा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गिरिडीह से 13 खिलाड़ियों की टीम जमशेदपुर गई थी। बताया कि अनुष्का के पदक जीतने से अब वो आगामी राष्ट्रीय योगासना प्रतियोगिता के संभावित खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गईं है। उसका नाम झारखंड टीम में शामिल किया जायेगा। वहीं गिरिडीह योगासन संघ के अध्यक्ष संतोष शर्मा, कोषाध्यक्ष अमित स्वर्णकार, सदस्य दयानद जायसवाल सहित सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने अनुष्का गुप्ता को बधाई दिया। इधर गुरुनानक नानक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सपना कुमार ने बताया कि गिरिडीह जिला टीम में विद्यालय के तीन खिलाड़ियों का चयन हुआ था जिसमें कक्षा 7 की अनुष्का गुप्ता ने पदक जीत कर विद्यालय को गौरवांवित की है। उसकी इस जीत से पूरे विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। वहीं विद्यालय के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह सलूजा और सचिव कुँवरजीत सिंह दुआ ने भी अनुष्का को शुभकामना देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना किया। उन्होंने अनुष्का की जीत का श्रेय खेल प्रशिक्षक अमित स्वर्णकार को दिया।

# तालाब में डूबने से मामा घर आये 8 वर्षीय बच्चे की मौत



गिरिडीह।।राष्ट्रीय मुख्यधारा

बिरनी थाना क्षेत्र के बाराडीहा गांव स्थित सरकारी तालाब में सोमवार की दोपहर एक 8 वर्षीय बच्चे की डूबने से मौत हो गयी। मृतक बच्चा राजन कुमार बिशनपुर गांव निवासी बहादुर यादव का 8 वर्षीय पुत्र था। वह बाराडीहा अपने मामा मुकेश यादव के घर आया था। इसी दौरान यह हादसा घटित हुआ। बच्चे की मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही बिरनी थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह सदल बल घटनास्थल पहुंचे और मृतक बच्चे के शव को अपनी अभिरक्षा में ले पोस्टमार्टम हेतु गिरिडीह भेज दिया। इधर, घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय मुखिया सहदेव यादव, मंझिलाडीह पंचायत के मुखिया सत्येंद्र राउत, पंसस टेकनारायाण पंडित, उप मुखिया नारायाण यादव, भीमसेन यादव, माले नेता इसराइल अंसारी, गणेश राणा, जगन साव आदि भी घटनास्थल पहुंचे और सारी वस्तु स्थिति से अवगत हो पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।

# छात्राओं ने की सर जेसी बोस साइंस सेंटर का भ्रमण



गिरिडीह।।राष्ट्रीय मुख्यधारा

सर जेसी बोस मुख्यमंत्री बालिका उत्कृष्ट विद्यालय के नवम कक्षा की छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के तहत सोमवार को विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुन्ना प्रसाद कुशवाहा की अगुवाई में सर जेसी बोस साइंस सेंटर का भ्रमण कराया गया। इस दौरान छात्राओं ने साइंस सेंटर में उपलब्ध वैज्ञानिक उपकरणों का अवलोकन की। साइंस सेंटर पहुंची छात्राओं को यह बताया गया कि सर जेसी बोस ने ही पेड़ पौधे भी सांस लेते हैं और महसूस करते हैं से संबंधित वैज्ञानिक तथ्य की खोज की थी। छात्राओं ने म्यूजियम में मौजूद पेड़ पौधों के वृद्धि को मापने का क्रोसकोग्राफ के मूल मॉडल को देखा। वही जेसी बोस के रेडियो का मॉडल भी छात्राओं ने देखा। इस दौरान छात्राओं ने सर जेसी बोस की तिजोरी भी देखी। बताया गया कि यह तिजोरी अब तक नहीं खुलीन्हे। इस तिजोरी के अंदर छिपा रहस्य अब भी रहस्य बना हुआ है।



# सदर प्रखंड के पंचायत सचिव का हुआ निधन, कर्मियों में शोक

गिरिडीह।।राष्ट्रीय मुख्यधारा

गिरिडीह सदर प्रखंड में पंचायत सचिव के पद पर कार्यरत थे गांडेय थाना क्षेत्र के चम्पापुर गांव निवासी लोथरो मुर्मू का रविवार शाम निधन हो गया। उन्होंने अपने पीछे पत्नी समेत चार पुत्र को छोड़ गये है। जानकारी के अनुसार 52 वर्षीय लोथरो मुर्मू पिछले तीन महीनो से बीमार थे। रविवार की देर शाम घर पर ही उनका निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। वहीं उनके निधन की सूचना मिलने पर स्थानीय मुखिया समेत झारखंड पंचायत कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह, पंचायत सचिव फ्रांसिस टुंडू ने गहरी शोक संवेदना प्रकट किया। वहीं उनके परिजनों से मिल उन्हें सांत्वना दिया।

# शत प्रतिशत रहा बी.एड. सत्र 2021-23 का परीक्षाफल

गिरिडीह।।राष्ट्रीय मुख्यधारा



कुमारी नुपुर प्रथम स्थान | अनुराग गोस्वामी द्वितीय स्थान | अदीबा सब्बीर तृतीय स्थान

सुभाष शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के बी.एड. सत्र 2021-23 का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया है। इस सत्र का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। परीक्षा परिणाम में 70 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रथम श्रेणी में डिस्टिंक्शन एवं 30 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रथम श्रेणी में उत्तीर्णता प्राप्त की है। परीक्षा में कुमारी नूपुर ने 82% अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त की जबकि अनुराग गोस्वामी ने 81.69% के साथ द्वितीय एवं अदीबा शब्बीर ने 81.38% अंक लाकर कॉलेज स्तर पर तृतीय स्थान प्राप्त की। शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम पर संस्थान के निर्देशक संजय कुमार सिंह,आकाश परमहंस एवं आतिश परमहंस, प्राचार्य डॉ अनुज कुमार ने सभी सफल रहे प्रशिक्षणार्थियों को बधाई दिया है।

# जिलास्तरीय खेल प्रतियोगिता का हुआ आयोजन




गिरिडीह।।राष्ट्रीय मुख्यधारा

पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग अंतर्गत खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय झारखंड रांची द्वारा आयोजित "आदिवासी एवं ग्रामीण स्तरीय खेल विकास" योजना अंतर्गत जिलास्तर पर विभिन्न खेलो की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान जनजातीय खेलों (तीरंदाज़ी, गुलेल, मटका दौड़, गेड़ी दौड़, भारा दौड़ एवं सेकोर) का आयोजन गिरिडीह स्टेडियम में किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य डायरेक्टर डीआरडीए आलोक कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रश्मि सिन्हा, ज़िला खेल पदाधिकारी अर्जुन बारला, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला युवा अधिकारी, नेहरू युवा केंद्र ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में 14 वर्ष से 40 वर्ष के खिलाड़ियों ने भाग लिया। विभिन्न स्पर्धा में विजेता रहे खिलाड़ी आगामी 11-12 अक्टूबर को हजारीबाग में होने वाले प्रमंडल स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

आवश्यकता
झारखंड के आदिवासियों व जनजातियों पर केंद्रित न्यूज पोर्टल
नगाड़ा
आदिवासी आवाज़
के लिए प्रखंड स्तर पर केवल
आदिवासी रिपोर्टर
संपर्क करें – nagadapress@gmail.com
www.nagada.xyz

आदिवासी साहित्य आमंत्रित
'नगाड़ा' (आदिवासी आवाज) न्यूज पोर्टल के लिये
झारखण्ड के सभी नौ लोकभाषाओं के
रचनाकारों/साहित्यकारों/लेखकों/कवियों से
साहित्य और संस्कृति आधारित कविता/कहानी/आलेख आमंत्रित है।
M : 9142412511
9431366404
नगाड़ा

Methodology :
With age-appropriate stimulation, and the right balance of learning and fun, we encourage their curiosity and fuel their creative side.
our curriculum & teaching methodology are carefully designed to create stimulating learning experiences that boost neural connections helping children develop higher levels of observation, critical thinking & problem-solving skills thus, making us the best in area...
KILKARI
PLAYWAY-N-PRESCHOOL
Run by NGO Hiral Independent Foundation of India
NEW BATCH
ADMISSION OPEN
Visit us at :
GOPINDU BHAWAN, Krishnapuri, Chas, Bokaro, Jharkhand.
: 6201464746
: 8969003415
Vocal Skill | Writing Skill | Language Skill | Math Skill | Communication Skill | Cognitive Skill | Brush Skill | Social Skill



# डीडीसी द्वारा प्रखंड निरीक्षण एवं विकासात्मक योजना की समीक्षा की गई

दुमका ।।राष्ट्रीय मुख्यधारा



उप विकास आयुक्त अभिजीत सिन्हा द्वारा प्रखण्ड विकास कार्यालय, जरमुण्डी का निरीक्षण एवं विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में नव पदस्थापित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नीलम कुमारी को निदेश दिया गया कि मनरेगा योजना अन्तर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर आवास योजना, 15वीं वित्त आयोग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जे०एस०एल०पी०एस० से संचालित योजनाएँ, पेंशन, राशन शिक्षा विभाग, आँगनबाड़ी केन्द्र, कृषि एवं आपूर्ति विभाग की योजनाएँ एवं अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं का संबंधित पदाधिकारी / कर्मी के साथ साप्ताहिक समीक्षा करें तथा क्षेत्र में जाकर योजनाओं के वास्तविक स्थिति का की जाँच करें। बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना एवं बिरसा हरित ग्राम योजना में संतोषप्रद प्रगति नहीं होने के कारण दोनों प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा) एवं झनकपुर के रोजगार सेवक से कारण पृच्छा करने का निदेश दिया गया। इसी प्रकार "आवास पूरा करो अभियान अन्तर्गत अपेक्षित प्रगति नहीं होने के कारण प्रखण्ड समन्वयक तथा पंचायत पेटसार के पंचायत सचिव से कारण पृच्छा करने का निदेश दिया गया एवं निशा कुमारी, कम्प्यूटर ऑपरेटर की अनुपस्थिति के फलस्वरूप उनका दो दिन का मानदेय स्थगित करते हुए कारण पृच्छा करने का निदेश दिया गया। जेएसएलपीएस अन्तर्गत "दीदी की दुकान', प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के साथ सभी विद्यालयों में बेंच-डेस्क एवं पोषण वाटिका आदि की समीक्षा की गई। प्रखण्ड निरीक्षण उपरांत उप विकास आयुक्त, दुमका द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जरमुण्डी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि प्रसव पूर्व जाँच हेतु गर्भवती महिलाओं की लंबी कतार लगी हुई थी एवं सभी महिलाएँ खडी थीं। उक्त के आलोक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि गर्भवती महिलाओं के बैठने हेतु पर्याप्त कुर्सी की व्यवस्था की जाय तथा टोकन प्रणाली / क्रमांकन प्रणाली से क्रमवार एक-एक कर गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व जाँच हेतु बुलाया जाय एवं यदि आवश्यक हो तो माईक सिस्टम का प्रयोग करें । निरीक्षण के क्रम में प्रखण्ड लेखा प्रबंधक अनुपस्थित पाये गये, फलस्वरूप निरीक्षण की तिथि का मानदेय स्थगित करते हुए कारण पृच्छा करने का निदेश दिया गया। अस्पताल के प्रसव वार्ड, आपातकालीन वार्ड, कूपोषण उपचार केन्द्र, जाँच केन्द्र एवं अन्य कक्षों का निरीक्षण किया गया तथा अस्पताल के साफ-सफाई एवं प्रबंधन पर संतोष व्यक्त किया गया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त के साथ प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, जरमुण्डी, चिकित्सा पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी / कर्मी उपस्थित थे ।

# डीसी ने जिले के सभी पत्थर खनन पट्टेधारियों एवं क्रशर संचालकों के साथ बैठक की

## अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त व्यक्तियों एवं वाहनों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगाः-डीसी





पाकुड़।।राष्ट्रीय मुख्यधारा

समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में सभी पत्थर खनन पट्टेधारियों एवं क्रशर संचालकों के साथ बैठक की।

बैठक में मौजूद खनन पट्टाधारियों को उपायुक्त ने खदान संचालन में सभी नियमों के अनुपालन की जानकारी दी और नियम का पालन हर हाल में करने का निर्देश दिया। नियमों के तहत खदान और क्रशर प्लांट की घेराबंदी करने, सीसीटीवी कैमरा लगाने, सूचना पट्ट लगाने, व्यवसायिक स्थल पर संपूर्ण दस्तावेज रखने, निरीक्षण पंजी रखने, क्रशर प्लांट में प्रदूषण मापक यंत्र लगाने, प्रदूषण नियमों के अनुपालन को लेकर जल छिड़काव एवं पौधा लगाने का काम होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी पट्टाधारी अपने-अपने खनन क्षेत्र के प्रवेश द्वार के पास ही साइन बोर्ड लगाना सुनिश्चित करेंगे। साइन बोर्ड में संचालक का नाम, पता, अनुज्ञप्ति नंबर, खाता नंबर, प्लॉट नंबर एवं खनन क्षेत्र का स्पष्ट विवरण होना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि खनन पट्टा में निर्धारित क्षेत्र के बाहर खनन कार्य नहीं करेंगे। जांच के दौरान अगर लीज एरिया से बाहर काम करते पाए गए तो प्रावधान के तहत कार्रवाई की जाएगी। उपायुक्त ने कहा कि सभी वाहनों के आगे पीछे नंबर प्लेट लगाना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ उपायुक्त ने कहा कि सभी अपने माइनिंग एरिया का मापी 31 अक्टूबर तक कराना सुनिश्चित करें एवं सभी वाहनों में जीपीएस डिवाइस तीन महीने के अंदर तक लगाने का निर्देश दिया।

मौके पर एसडीओ हरिवंश पंडित, जिला खनन पदाधिकारी प्रदीप कुमार, मुख्यालय डीएसपी वैद्यनाथ प्रसाद, माइनिंग इंस्पेक्टर पिंटु कुमार, एसएमपीओ पवन कुमार समेत सभी पत्थर खनन पट्टेधारी एवं क्रशर संचालकों उपस्थित थे।

# उपायुक्त मृत्युंजय कुमार बरणवाल की अध्यक्षता में जिला सुरक्षा समिति एवं कारा सुरक्षा समिति की बैठक की गई

पाकुड़।।राष्ट्रीय मुख्यधारा



जिला सुरक्षा समिति एवं कार्य सुरक्षा समिति की बैठक में कारा सुरक्षा, कारा में कैदियों- बंदियों हेतु मूलभूत सुविधाएं, कैदियों - बंदियों के परिजनों से मुलाकात, स्वास्थ् सुविधाएं, सीसीटीवी कैमरा, जैमर, टेलीफोन बूथ, वाकी टॉकी की कार्यशीलता, सायरन सहित अन्य आवश्यक बिंदुओं पर समीक्षा किया गया। कारा अधीक्षक से कारा के सुरक्षा सहित भोजन, पान, शौचालय एवं साफ-सफाई के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई एवं निर्देश देते हुए कहा कि कारा में कैदियों - बंदियों को जेल मैनुअल के अनुसार कैदियों बंदियों को स्वच्छ, ताजा एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ पानी एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं, इसमें किसी प्रकार की कोताही ना बरतें। वहीं उन्होंने कारा में कार्यरत कर्मियों एवं कारा सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल की उपलब्धता, कारा में पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था, जैमर, सीसीटीवी कैमरे की क्रियाशील सहित सभी जरूरी बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा अंदर बंदियों को उनके परिजनों के द्वारा भेजे जाने एवं अन्य सामग्री का कड़ाई से सीसीटीवी कैमरा के नजर में जांच के बाद ही कारा के अंदर प्रवेश दें ताकि खाना के साथ प्रतिबंधित सामग्री अंदर नहीं जाए जिला सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त ने निजी अंगरक्षक उपलब्ध कराने के लिए जिले में प्राप्त आवेदनों की जानकारी ली। प्राप्त आवेदनों पर निःशुल्क और सशुल्क निजी अंगरक्षक उपलब्ध कराने को लेकर चर्चा की गई। जिसके बाद कुछ आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई। जिले में सुरक्षा समिति की ओर से प्राप्त आवेदनों के माध्यम से पूर्व में दिए गए अंगरक्षकों की भी समीक्षा की गई। मौके पर अपर समाहर्ता मंजू रानी स्वांसी, अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित, मुख्यालय डीएसपी वैद्यनाथ प्रसाद, कार्यपालक दंडाधिकारी प्रमोद कुमार दास, जेलर ललन कुमार, एसएमपीओ पवन कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

# एनसीडी सेल के द्वारा बच्चों को तम्बाकू प्रयोग के दुष्प्रभाव से अवगत कराया गया

गोड्डा।।राष्ट्रीय मुख्यधारा





राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत् डिस्ट्रिक्ट नॉन कम्युनिकेबल डिजीज सेल द्वारा आज दिनांक 09.10.2023 को गोड्डा, जिले के चार अलग-अलग प्रखंडों के विद्यालयों में तंबाकू उत्पाद के सेवन से होने वाले घातक दुष्परिणाम एवं मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत् कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए सेल के कर्मी ने बताया कि जागरूकता अभियान के क्रम में सुंदरपहाड़ी, प्रखंड अंतर्गत संत जोसेफ उच्च विद्यालय, डमरूहाट में सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी सोहन लाल, रजनी तिर्की एवं शीला रानी खालखो महागामा, प्रखण्ड में राजकीयकृत उत्क्रमित उच्च विद्यालय में सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी कुमारी सरस्वती एवं जसीनता मरांडी, सदर प्रखण्ड में उत्क्रमित उच्च विद्यालय , अमरपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी प्रीति सोरेन एवं जसीनता किस्कु एवं शोभा मेहरमा, प्रखण्ड में पारसनाथ उच्च विद्यालय, घोरीकिता उत्क्रमित उच्च विद्यालय में सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारी दिव्य कच्छप, सोनी कुजूर एवं किरण कुमारी के द्वारा उक्त कार्यशाला का आयोजन किया गया।उक्त कार्यशाला में विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षक की उपस्थिति मे सभी छात्रों को तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए भविष्य में कभी भी तंबाकू उत्पाद सेवन नहीं करने का शपथ दिलाया गया। बच्चों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं प्रदर्शन के अनुरूप उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले शीर्ष तीन छात्रों को पुरस्कृत किया गया। उसके पश्चात शपथ ग्रहण के माध्यम से विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने तंबाकू के प्रयोग से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज के लोगों को इसके संभावित खतरों से आगाह करने का संकल्प दिलाया गया।उक्त कार्यशाला मे यह बताया गया कि, तंबाकू उत्पाद सेवन के लत से भारत मे 37% लोग ग्रसित हैं। प्रतिदिन 5500 युवा इस लत के शिकार बनते है, जो की एक अत्यंत चिंता का विषय है। नशे के आदि हो चुके युवा शक्ति में अब सोचने समझने, विवेक ,तर्क वितर्क करने की शक्ति क्षीण होती जा रही है, और युवा अवसाद, आत्महत्या एवं अपराध के कुचक्र मे फसते जा रहे हैं। नशे के निवारण के लिए सबसे पहला उपाय यही है कि, बचपन से बच्चे को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया जाए ,जब बच्चा किशोरावस्था में प्रवेश करें तब अभिभावकों एवं शिक्षकों को चाहिए कि वह उन्हें समय दे ,उनसे बातचीत करें और उन पर थोड़ी निगरानी रखे और अगर गलती से कोई युवा नशे की चपेट में आ भी गया तो उसे उचित तरीके से समझा कर किसी और अभिरुचि में व्यस्त करें ,आवश्यक हो तो नजदीकी नशा मुक्ति केंद्र पर ले जाकर नशा छुड़वाने का प्रयास करें। परंतु सबसे बड़ा निवारण यही होगा कि अभिभावक बच्चों को नैतिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनाएँ उन्हें भावनात्मक परेशानियों से सामना करने को समर्थ बनाएं ताकि जीवन के कठिन समय मे उचित और सही निर्णय ले सके।

"आरोग्यं परमं भाग्यं स्वास्थ्यं सर्वार्थसाधनम्"निरोगी होना परम भाग्य है, और स्वास्थ्य से अन्य सभी कार्य सिद्ध होते हैं। स्वास्थ्य से बड़ा कोई धन नहीं। स्वास्थ्य है तो सबकुछ है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। स्वयं धूम्रपान न करें एवं दूसरों को भी धूम्रपान न करने को प्रेरित करें।

# समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत

गोड्डा।।राष्ट्रीय मुख्यधारा



समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त गोड्डा की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग की समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई।

बैठक में उपायुक्त के द्वारा जिला समाज कल्याण विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पोषण ट्रैकर एप, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, आधार सीडिंग, पूरक पोषाहार योजना, आंगनबाड़ी केंद्र भवन, टेक होम राशन से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त के द्वारा सभी बाल विकास परियोजना पदाधिकारी को निर्देश दिया गया

कि आवंटित लक्ष्य के अनुरूप शत्-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने की दिशा में कार्य पूरा करे नहीं तो उनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी। प्रधानमंत्री मातृत्व बंदना योजना ,में उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया की सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं के द्वारा योग्य लाभुकों के आवेदन प्राप्त घर शत्-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित कराया जाए।

उपायुक्त के द्वारा जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को निदेश दिया गया की पोषण ट्रैकर के माध्यम से रैंडम सर्वेक्षण कराया जाए एवं सर्वेक्षण की सूची मुख्यालय में सौंपी जाए। वही सीडीपीओ को निर्देश दिया गया कि सेविका जब भी क्षेत्र भ्रमण में जाएं तो जियो टैग फोटो अनिवार्य रूप से लें ,फोटो की जेरोक्स कॉपी कार्यालय में संलग्न करें। उपायुक्त ,गोड्डा के द्वारा सेविका एवं सहायिका की बहाली को लेकर सभी सीडीपीओ से विभिन्न प्रखंड स्तर पर रिक्ति संबंधी जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिया गया।

समीक्षा के दौरान सभी प्रखंडों के एलएस को निर्देश दिए गए कि टीएचआर की एंट्री प्रत्येक महीने कराया जाए,साथ ही साथ सेविका के द्वारा भी पोषण ट्रेकर पर एंट्री कराई जाए।मौके पर बैठक में समाज कल्याण पदाधिकारी गोड्डा अनीशा कुजूर , सीडीपीओ महिला पर्यवेक्षिका एवं समाज कल्याण विभाग के कर्मीगण मौजूद थे।

# जिला प्रारंभिक शिक्षा स्थापना समिति की बैठक आयोजित



दुमका ।।राष्ट्रीय मुख्यधारा

उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला प्रारंभिक शिक्षा स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में उपायुक्त ने हिन्दी तथा संथाली विषय के नव नियुक्त दो शिक्षकों को पदस्थापित करने का निदेश दिया।इसके उपरांत कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में नामांकन की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की।उन्होंने कहा कि वैसे बच्चे जो अनाथ हैं तथा एकल अभिभावक वाले बच्चों को नियमानुसार प्राथमिकता दी जाय। अगर क्षमता से कम बच्चों का नामांकन हुआ हो तो नियमानुसार उक्त रिक्त स्थानों पर आदिवासी बच्चों को प्राथमिकता देते हुए उनका नामांकन करे।

इस दौरान झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा निजी विद्यालयों को मान्यता हेतु कुल 7 आवेदन प्राप्त हुए।निर्धारित अहर्ता पूरी करने वाले विद्यालयों समीक्षा की गयी एवं आवश्यक निदेश दिया गया।

बैठक में शिकारीपाड़ा विधायक नलिन सोरेन सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# आकांक्षी प्रखंड मंडरो में आजीविका समृद्धि दिवस का हुआ आयोजन

साहिबगंज।।राष्ट्रीय मुख्यधारा



रविवार को नीति आयोग के आकांक्षी प्रखंड अंतर्गत मंडरो प्रखंड में जेएसएलपीएस के तत्त्वाधान में सभी ग्राम पंचायत में सबकी आकांक्षाएं सबका विकास के तहत " संकल्प सप्ताह " का आयोजन के छठे दिन आजीविका समृद्धि दिवस का* आयोजन किया गया। वहीं ग्राम पंचायत कौडिखुटना के आयोजित कार्यक्रम, जिला कार्यक्रम प्रबंधक मतीन तारिक एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मुरारी मोहन रविदास, बड़तला में राजेंद्र कुमार जिला प्रबंधक कौशल एवं रोजगार शिमरा में राजेश राय जिला वित्तीय प्रबंधक, पिंडरा में रवि शंकर MIS & ME प्रबंधक, बच्चा पंचायत में नेहा कुमारी एवं बोरना भराली द्वारा संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर आजीविका समृद्धि दिवस का कार्यक्रम का शुभारंभ कुल 11 पंचायतों में किया गया।इस आयोजित आजीविका समृद्धि दिवस कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं जेएसएलपीएस के अन्य पदाधिकारी द्वारा अपने अपने प्रतिनियुक्ति पंचायत में संबोधन के माध्यम से महिलाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही साथ वित्तिय जानकारी, पी०एम०विश्वकर्मा योजना, प्रारंभिक ग्रामीण लघु उद्यमियता कार्यक्रम,दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, बिजनैस प्लान,दीदी बाड़ी योजना,छुटे योग्य व्यक्तियों का वोटर आई कार्ड बनवाने में सहयोग करने,शिक्षा का महत्व,बाल विवाह पर जागरूक एवं विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारियां दी गई। वहीं इस कार्यक्रम में आजीविका से संबंधित पलाश मार्ट, बम्बू क्राफ्ट, आरसेटी, उद्योग विभाग,उड़ान परियोजना, पीएम विश्वकर्मा योजना,दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना इत्यादि का स्टाल लगाकर सभी को जागरूक भी किया गया।कार्यक्रम को सफल बनाने में मंडरो प्रखंड अंतर्गत विभिन्न क्लस्टर के सामुदायिक समन्वयक, आईपीआरपी, आईबैप एवं संबंधित कैडर ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में भरपूर सहयोग किया।

# श्रम, नियोजन एवं आईटीआई की समीक्षा बैठक आयोजित की गई

दुमका।।राष्ट्रीय मुख्यधारा



उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे की अध्यक्षता में श्रम,नियोजन एवं आईटीआई की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।बैठक में उपायुक्त ने प्रवासी मजदूरों के निबंधन,ई श्रम कार्ड सहित राज्य सरकार के श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के तहत जिले में किये गए कार्यों की समीक्षा की। निदेश दिया कि श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से योग्य लाभुकों को चिन्हित करते हुए उन्हें योजनाओं से आच्छादित करने का कार्य करें।जिस भी मद में राशि की आवश्यकता हो उक्त मद में विभाग से पत्राचार कर राशि प्राप्त करें ताकि लाभुकों को राशि का भुगतान किया जा सके।उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा श्रम विभाग के विभिन्न योजनाओं से लाभुकों को आच्छादित करने हेतु लक्ष्य प्राप्त हैं।प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों का चयन करते हुए उन्हें कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य करें।उपायुक्त ने कहा कि वैसे प्रवासी मजदूर जो त्यौहार के दौरान घर आ रहे हैं,उन्हें चिन्हित करते हुए ई-श्रम पोर्टल पर निबंधन कराना सुनिश्चित करें।बैठक में आईटीआई कॉलेज सरैयाहाट,जरमुंडी तथा दुमका के प्राचार्य भी उपस्थित थे। उनके अनुसार जानकारी दी गई की प्राप्त निदेश के अनुसार 10 अक्टूबर तक नामांकन का कार्य जारी है।साथ ही पठन पाठन का कार्य भी हो रहा है।उपायुक्त ने निदेश दिया कि कॉलेज में बिजली,पानी से संबंधित या किसी अन्य प्रकार की समस्या है तो लिखित रूप से उपायुक्त कार्यालय को आवेदन दें ताकि उक्त समस्याओं को दूर करने के लिए जल्द से जल्द आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

# बीडीओ ने समीक्षा बैठक में जनसेवकों से अधिक से अधिक लाभुकों को केसीसी तथा टपक सिंचाई का लाभ दिलवाने का निर्देश दिया

पाकुड़।।राष्ट्रीय मुख्यधारा



हिरणपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी उमेश कुमार स्वांसी ने अपने कार्यालय कक्ष में सभी रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, मुखिया, जनसेवक एवं अभियंता के साथ मनरेगा और आवास योजना की समीक्षा की।समीक्षा के क्रम में सभी जनसेवकों को केसीसी ऋण हेतु अधिक से अधिक लाभुकों को आवेदन स्वीकृत करने का निर्देश दिया। साथ ही बिरसा हरित ग्राम योजना लाभुकों को टपक सिंचाई से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। पोटो हो खेल मैदान योजना कार्य में प्रगति लाने का निर्देश दिया। सभी रोजगार सेवक एवं पंचायत सचिव को मनरेगा मजदूरों का केवाईसी कैम्प मोड में कराने का निर्देश दिया ताकि एबीपीएस के जरिए ससमय मजदूरों को भुगतान हो सके। सभी रोजगार सेवक को योजनाओं का एनएमएमएस मेट के माध्यम से ससमय कराने, आवास निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया गया। रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन दो दिनों में रिजेनरेट करने का निर्देश रोजगार सेवक को दिया गया। मौके पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ट्विंकल चौधरी, सूर्या मालतो, प्रखंड कृषि पदाधिकारी, जुनेद आलम, बीटीएम, सभी मुखिया, पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक उपस्थित थे।

# भीम आर्मी ने मनाया कांशीराम साहब का 17 वा महापरिनिर्वाण दिवस समारोह

देवघर।।राष्ट्रीय मुख्यधारा



भीम आर्मी जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार दास और जिला सचिव क्रांतिकारी कृष्णा कुमार के नेतृत्व में कांशीराम साहब का 17 वा महापरिनिर्वाण दिवस मधुपुर स्थित कोर्ट मोड़ आंबेडकर चौक पर मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से भीम आर्मी प्रदेश संगठन प्रभारी राजेश कुमार दास भी मौजूद थे। भीम आर्मी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने बाबा साहब भीमराव आंबेडकर और मान्यवर कांशीराम साहब पर माल्यार्पण किया साथ ही सभी कार्यकर्ताओं ने बारी बारी से पुष्प अर्पित किया। इस दौरान जिला अध्यक्ष कमलेश कुमार दास ने कहा कि मान्यवर कांशीराम साहब का सपना हम तभी पूरा कर पाएंगे जब हम सभी बहुजन समाज के लोगो को एक साथ होना पड़ेगा। साथ ही जिला सचिव क्रांतिकारी कृष्णा कुमार ने कहा कि गरीब शोषित पीड़ितो के मसीहा मान्यवर कांशीराम साहब के 17 वे महापरिनिर्वाण दिवस मनाते हुए कहा कि कांशीराम साहब ने एक कथन कहा था की वोट हमारा राज तुम्हारा नही चलेगा नही चलेगा इस बात को सभी लोगो को फॉलो करने की जरूरत है और सभी लोगो को अपना वोट का अधिकार समझना होगा। बहुजन समाज के लोगो को हुक्मरान बनाना है और कांशीराम साहब के सपने को साकार करना होगा। साथ ही क्रांतिकारी कृष्णा कुमार ने कहा मान्यवर कांशीराम साहब को हमलोग सच्ची श्रद्धांजलि तभी दे पाएंगे जब बहुजन समाज के लोगो को सत्ता में बैठाएंगे और इस कार्य के लिए भीम आर्मी को लड़ना होगा । चंद लोग बहुजन समाज से वोट लेकर बहुजन समाज के लोगो के साथ छल करने का काम कर रहे है। इसलिए भीम आर्मी के सभी कार्यकर्ताओं ने ये ठाना है आने वाले समय में भीम आर्मी आजाद समाज पार्टी को सत्ता में लाना होगा और इसके लिए भीम आर्मी संघर्ष कर रहा है। इस दौरान बबलू कुमार दास को कोरो प्रखंड उपाध्यक्ष और धीरेंद्र दास को प्रखंड वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस कार्यक्रम में भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष दिलीप कुमार दास, प्रखंड अध्यक्ष मधुपुर विजय मेहरा,सचिव विकाश कुमार दास, उपाध्यक्ष रंजय कुमार,सोशल मीडिया प्रभारी नितेश कुमार दास,देवघर प्रखंड अध्यक्ष अमरेश कुमार दास, करों प्रखंड अध्यक्ष पलटन दास,सरवा प्रखंड अध्यक्ष अशोक दास,जिला सक्रिय कार्यकर्ता उत्तम राज ,रमेश कुमार मेहरा, हलीम अंसारी, धीरेंद्र दास,अभय कुमार दास,मनोहर कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर

### महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह 15 अक्टूबर को

रांची। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष नंदकिशोर पाटोदिया, मंत्री मनोज चौधरी, अग्रसेन जयंती आयोजन समिति के संयोजक सज्जन पाड़िया एवं अग्रवाल सभा के प्रवक्ता प्रवक्ता संजय सर्राफ ने संयुक्त रूप से कहा है कि अग्रवाल सभा के तत्वधान में श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव सह 47 वां वार्षिकोत्सव के अंतर्गत 14 अक्टूबर को अपराहन 3:30 बजे महाराजा अग्रसेन जी की भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा का संचालन अग्रवाल युवा सभा करेगा। 15 अक्टूबर को महाराजा अग्रसेन जी की जयंती के दिन प्रातः 6:30 बजे अग्रसेन चौक में महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा में पुष्पांजलि, माल्यार्पण, आरती प्रसाद एवं प्रभात फेरी का कार्यक्रम होगा। पूर्वाहन 10:30 बजे अग्रसेन भवन में हवन, कुलदेवी का पूजन एवं प्रसाद वितरण तथा अपराहन 3:30 बजे से महाराजा अग्रसेन भवन में प्रतिभा प्रोत्साहन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। इस समारोह में रांची क्षेत्र के सभी अग्रवंशी के ऐसे छात्र-छात्राएं जिन्होंने वर्ष 2022- 23 की परीक्षाओं में निर्धारित मापदंड के अनुसार अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें सम्मानित किया जाएगा। समाज ऐसे छात्र-छात्राएं जिन्होंने वर्ष- 2022-23 के दौरान इंजीनियरिंग, मेडिकल, सीए,सीएस, सीएफए, एमबीए, एलएलबी एवं विशिष्ट योग्यता या उपलब्धियां प्राप्त की हो उन्हें भी सम्मानित किया जाएगा। तथा विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धियों के लिए अग्रवाल सभा द्वारा अग्रसेन सम्मान गंगा प्रसाद बुधिया शिक्षा पुरस्कार, हनुमान सरावगी कला- संस्कृति साहित्य एवं शिक्षण सम्मान एवं नंदलाल मोदी खेलकूद पुरस्कार दिए जाएंगे। 15 अक्टूबर को आयोजित प्रतिभा सम्मान एवं प्रोत्साहन सम्मान समारोह के लिए संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल एवं सह संयोजक विनोद कुमार जैन को बनाए गए हैं।

### झारखंड के चीफ सेक्रेटरी सुप्रीम कोर्ट में हुए पेश

रांची। पिछले 20 साल से अराजपत्रित कर्मचारियों के वेतन भुगतान से जुड़े मामले की आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस सुनवाई में झारखंड के चीफ सेक्रेटरी सुखदेव सिंह सशरीर हाजिर हुए। पांच अक्टूबर को इस मामले की सुनवाई के दौरान न्यायाधीश जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस राजेश बिंदल की बेंच झारखंड राज्य की कार्यशैली पर कड़ी टिप्पणी की थी। अदालत ने कहा था कि ऐसे संवेदनशील मामले में, झारखंड राज्य सो रहा है और इस मामले में किसी वकील को नियुक्त करने की भी परवाह नहीं कर रहा है। जिसके बाद आज चीफ सेक्रेटरी को पेश होने को कहा था। आज हुई सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले का समाधान निकालने को कहा है। वहीं कोर्ट ने कहा कि इसके लिए तीन सदस्यीय कमिटी बनाएं। इस कमिटी में झारखंड, बिहार और केंद्र सरकार के अवर सचिव रैंक के अधिकारी को रखने को कहा है। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में अगली सुनवाई के लिए सात नवंबर की तारीख मुकर्रर की है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के मुताबिक यह कमिटी अदालत को अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। आज की सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन की ओर से अदालत से गुजारिश की गई कि आगामी सुनवाई के दौरान चीफ सेक्रेटरी को सशरीर उपस्थित होने से मुक्त किया जाए। महाधिवक्ता की इस आग्रह को अदालत ने स्वीकार कर लिया है। अदालत ने मुख्य सचिव को अगली सुनवाई के दौरान सशरीर उपस्थित होने से छूट दी है। झारखंड सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन, अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल और अधिवक्ता पल्लवी लांगर ने पक्ष रखा।

### शौर्य जागरण यात्रा

रांची। विश्व हिंदू परिषद की ओर से रविवार को रांची की विभिन्न जगहों से शौर्य जागरण यात्रा निकाली गई, जो धुर्वा स्थित प्रभात तारा मैदान पहुंची। रविवार को छुट्टी होने के बाद भी यात्रा के दौरान कई प्रमुख मार्ग जाम रहे। हरमू रोड और चुटिया से बड़ी संख्या में लोग बाइक व चार पहिया वाहनों से धुर्वा पहुंचे। जगह-जगह यात्रा का स्वागत किया गया, जिससे ट्रैफिक रुकी रही। हरमू रोड में दोपहर करीब एक बजे लंबा जाम लग गया। अरगोड़ा चौक, बिरसा चौक में वाहन जाम में फंसे रहे। इधर, चुटिया से निकले शौर्य जागरण यात्रा के कारण राजेंद्र चौक, डोरंडा, हिनू, बिरसा चौक में जाम लगा रहा।

# विश्व डाक दिवस पर झारखण्ड परिमंडल में डाक सप्ताह शुरु

रांची।।राष्ट्रीय मुख्यधारा



मुख्य पोस्टमास्टर जनरल झारखण्ड परिमंडल, रांची के कार्यालय में राष्ट्रीय डाक सप्ताह के तहत सोमवार को विश्व डाक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल, झारखण्ड डाक परिमंडल राकेश कुमार ने झारखंड परिमंडल, डाक विभाग, भारत सरकार द्वारा झारखंड राज्य में विश्व डाक दिवस 2023 और राष्ट्रीय डाक सप्ताह 2023 के जश्न के विभिन्न पहलुओं के बारे में विस्तार से चर्चा की, साथ ही भारतीय डाक विभाग के नए नए सेवाओं के बारे में बताया। उन्होंने प्रेस वार्ता में बताया कि भारतीय डाक विभाग अपने सभी ग्राहकों की बदलती जरुरतों के मुताबिक अपनी सेवाओं का लगातार तकनीकी उन्नयीकरण – व - विस्तारीकरण कर रहा है ताकि उन्हें और भी ग्राहक उन्मुखी बनाया जा सके। भारतीय डाक पूरे सप्ताह को राष्ट्रीय डाक सप्ताह 2023 के रूप में मना रहा है। राष्ट्रीय डाक सप्ताह के विभिन्न दिन मनाए जा रहे हैं। नौ अक्टूबर को विश्व डाक दिवस, 10 अक्टूबर को वित्तीय सशक्तिकरण दिवस, 11 अक्टूबर को फिलाटेली दिवस, 12 अक्टूबर को मेल एवं पार्सल दिवस और 13 अक्टूबर को अन्तयोदय दिवस मनाया जायेगा। राकेश कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय डाक सप्ताह का आयोजन का मूल उद्देश्य, देश और समाज के उभरते विकास खण्डों के बीच डाक विभाग की महती भूमिका और राष्ट्र की सामाजिक व आर्थिक विकास में डाकघरों की भूमिका के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि पूरे झारखंड राज्य के 24 राजस्व जिलों को, झारखंड पोस्टल सर्कल द्वारा कुल 4500+ डाकघरों (4579) के साथ सेवा प्रदान की जाती है। इनमें से 4112 शाखा डाकघर हैं जो मुख्य रूप से झारखंड के ग्रामीण इलाकों में हैं। जीपीओ साथ प्रधान डाकघर 13 है। वही, उप डाकघर 454 और शाखा डाकघर 4112 है। झारखंड डाक परिमंडल ने वामपंथी उग्रवाद क्षेत्रों में 898 डाकघर खोले हैं। इसके अलावा, हर 5 किमी पर वित्तीय समावेशन के लिए एक आउटलेट प्रदान करने के भारत सरकार के उद्देश्य को पूरा करने के लिए, झारखंड डाक परिमंडल ने राज्य भर में 548 डाकघर खोले हैं। हाल ही में हमारे ग्रामीण क्षेत्रों के शाखा डाकघर में बुनियादी ढांचे को नया रूप दिया गया है और शाखा डाकघर के डिवाइस को लिनक्स से एंड्रॉइड आधारित एप्लिकेशन में स्थानांतरित किया गया है। इससे ग्रामीण डाकघरों में रोजमर्रा के कामकाज में और आसानी होगी। 4112 शाखा कार्यालयों में से 3343 ने तीन अक्टूबर 2023 से इस नए एप्लिकेशन में काम करना शुरू कर दिया है। **1 करोड़ 50 लाख पंजीकृत डाक प्राप्त–** राकेश कुमार ने बताया कि झारखण्ड परिमंडल में के कुल 4500+ डाकघरों के द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष (2022-23) में लगभग 1 करोड़ 50 लाख पंजीकृत डाक ( रजिस्टर्ड, स्पीड पोस्ट तथा बिज़नेस पार्सल) प्राप्त हुए थे। इनमें से लगभग 85 प्रतिशत पंजीकृत डाकों का वितरण प्राप्ति के दिन ही कर दिया गया तथा डाकघर के नियमानुसार बचे हुए डाक पत्रों का वितरण कर दिया गया। इस वित्तीय वर्ष में सितम्बर माह तक कुल 86 लाख पंजीकृत डाक प्राप्त हुए, जिसमें से 85 लाख डाक पत्रों का वितरण उसी दिन तथा बचे हुए डाक पत्रों का वितरण कर दिया गया।झारखंड परिमंडल में कुल 238 बल्क कस्टमर से पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान लगभग 25 लाख से ऊपर तथा इस वित्तीय वर्ष में अगस्त माह तक 40 लाख 33 हजार राजस्व की प्राप्ति हुई। परिमंडल कार्यालय, रांची में दिनांक 12 अक्टूबर को डाक एवं पार्सल दिवस के अवसर पर कस्टमर मीट आयोजित किया गया है जिसमें तत्कालीन और वर्तमान बल्क कस्टमरों को आमंत्रित किया गया है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए सहायक डाक अधीक्षक (डाक एवं व्यवसाय), परिमंडल कार्यालय, रांची से मो॰ संख्या 9304776316 में संपर्क किया जा सकता है। झारखण्ड डाक परिमंडल के अंतर्गत जिला स्तरीय चयनित 24 डाकघरों में मतदाता पहचान पत्रों की बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है। झारखण्ड राज्य निर्वाचन आयोग के द्वारा अब तक कुल 56 लाख ईपीआईसी कार्ड्स की बुकिंग तथा वितरण अब तक (दिसंबर 2021 से) की गयी। इस वित्तीय वर्ष के सितम्बर माह तक लगभग दस लाख के करीब मतदाता पहचान पत्रों की बुकिंग तथा डिलीवरी की गयी है।

# उर्स में पूरे देश से लोग आकर मांगते हैं दुआ : आलमगीर आलम

रांची।।राष्ट्रीय मुख्यधारा



हजरत कुतुबद्दीन रिसलदार शाह बाबा के 216 में उर्स के चौथे दिन कव्वाली का उद्घाटन झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास और संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम और झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने फीता काटकर किया। इस मौके पर बोलते हुए आलमगीर आलम ने कहा कि इस दरगाह का सिलसिला सैकड़ो वर्षों से चल रहा है और लगातार इसका आयोजन किया जा रहा है। यह उर्स सिर्फ रांची झारखंड बल्कि पूरे देश से लोग यहां आते हैं और जितने भी लोग आते हैं सभी लोगों की मुरादों को बाबा पूरा करते हैं। उन्होंने कहा कि हर इंसान जो इस दुनिया में आता है उसे उसे इस दुनिया से एक दिन जाना होता है। उन्होंने कहा कि रिशालदार साहब बाबा केरल से रिशालदार पद पर रांची आए थे, वह काम करते हुए अल्लाह की इबादत और अच्छी-अच्छी बातें मिल्लत की बातें लोगों को बताते थे। बाबा का आखिरी शब्द था ईश्वर, अल्लाह , खुदा ,भगवान सब एक है। वह गंगा जमुना तहजीब के एक बड़े मिसाल है। यहां सभी धर्म के अकीदतमंद पूरे विश्वास के साथ आते हैं। उन्होंने झारखंड अलग हुए 23 साल हो गया है उसे समय से दरगाह का बहुत विकास हुआ है ।पिछली जो कमेटी थी उसने भी दरगाह का बहुत विकास किया है और उम्मीद है कि नया कमेटी भी दरगाह के विकास को आगे ले जाएगी । कमेटी ने दो मांगे हमसे रखी पहले की उर्स मैदान का विकास हो और हेल्थ सेंटर को दरगाह कमेटी के हैंडोवर दिया जाए। इस पर हम विभागीय मंत्री से बात कर उनकी मांगों को पूरा करने का कोशिश करेंगे। मौके पर बोलते हुए झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम ने कहा कि रिशालदार शाह बाबा झारखंड के पहचान है। यहां सभी धर्म के लोग आते हैं और बाबा सभी की मन्नतें को पूरा करते हैं। उन्होंने कहा की नई कमेटी को जब भी हमारी जरूरत होगी हम तैयार हैं।

# नेशनल रेड रन मैराथन दौड़ में झारखंड की बिटिया को मिला दूसरा स्थान



गोवा/रांची।।राष्ट्रीय मुख्यधारा

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन द्वारा युवाओं के बीच एचआईवी संक्रमण एवं एड्स के प्रति जागरूकता हेतु पूरे राष्ट्र स्तर पर नेशनल रेड रन कार्यक्रम का आयोजन आठ अक्टूबर 2023 को गोवा राज्य में किया गया। इस कार्यक्रम में देश के 28 राज्यों के अलावे 08 केंद्र शासित प्रदेशों के बच्चों ने राज्य स्तर पर चयनित होने के बाद राष्ट्रीय स्तर की दौड़ में भाग लिया। राष्ट्रीय स्तर पर कार्यक्रम का आयोजन गोवा के पंजी शहर में किया गया, इसमें 10 केएम का मैराथन दौड़ नेशनल रेड रन में झारखंड की बिटिया संघमित्रा मेहता ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। गिरीडीह जिले के कालू राम मोदी मेमोरियल वनांचल इंटर कॉलेज की इस छात्रा ने 10 केएम की दूरी मात्र 37 मिनट 55 सेकेंड में पूरी की वहीं पुरूष वर्ग में राजन कुमार को 5वां स्थान प्राप्त हुआ। रांची जिले के एस0एस0 मेमोरियल कॉलेज के इस छात्र ने 10 केएम की दूरी मात्र 33 मिनट 02 सेकेंड में पूरी की। सभी विजेताओं को गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत, गोवा के स्वास्थ्य मंत्री विश्वजीत पी राणे एवं नाको के वरीय अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया। मौके पर झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति के परियोजना निदेशक जयकिशोर प्रसाद एवं समिति के युवा प्रभारी सत्य प्रकाश प्रसाद उपस्थित थे। ज्ञात हो कि नेशनल रेड रन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सात सदस्यों की टीम गोवा परियोजना निदेशक, झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण समिति जयकिशोर प्रसाद के नेतृत्व में रांची से गोवा 06 अक्टूबर 2023 को निकली थी।

### पत्रकारों पर हमला लोकतंत्र पर हमला : भुवनेश्वर मेहता

# पत्रकारों की गिरफ्तारी के विरोध में इंडिया गठबंधन का राजभवन मार्च

रांची।।राष्ट्रीय मुख्यधारा




इंडिया गठबंधन की ओर से दिल्ली के पत्रकारों के गिरफ्तारी के विरोध में सोमवार को जिला स्कूल के मैदान से गगन भेदी नारों के साथ राजभवन तक मार्च किया गया। मार्च के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन राज्यपाल के द्वारा भेजा गया।राजभवन मार्च में पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक, जिला सचिव अजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य प्रमोद कुमार पांडे, राजेंद्र प्रसाद यादव, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम, अंतू तिर्की, राष्ट्रीय जनता दल के धर्मेंद्र महतो, कांग्रेस के राकेश किरण, भाकपा माले के शुभेंदु सेन, माकपा के प्रफुल्ल लिंडा, आम आदमी पार्टी के संतोष कुमार रजक, सत्येंद्र सिंह आदि कई नेतृत्व के साथियों ने भाग लिया। लोगों को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा कि दिल्ली में पत्रकारों की गिरफ्तारी कर केंद्र की मोदी सरकार ने अपनी फासिस्ट चेहरा को उजागर करते हुए लोकतंत्र के विरोधी के रूप में साबित कर दिया। नेताओं ने कहा कि पहले विपक्षी नेताओं को अपने केंद्रीय एजेंसियों के माध्यम से फसाना और फिर उसे जेल भेजना परेशान करना भाजपा सरकार की नियति बन गई है। अडानी और अंबानी के इशारे पर देश को चलाया जा रहा है। विपक्ष में है तो सारे विपक्ष भ्रष्ट है और जान बचाने के लिए अगर बीजेपी में चला गया तो भ्रष्टाचार मुक्त हो गया। इसी तरह से पूरे देश में लोकतंत्र को कुचलना के लिए केंद्र की सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार महंगाई बेकारी, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार को रोकने में विफल रही। लोगों को ध्यान हटाने के लिए नए-नए एजेंडे लाकर असली एजेंडे से लोगों को भड़काने की कोशिश की जा रही है। नेताओं ने लोगों से अपील करते हुए 2024 में केंद्र सरकार को सत्ता से बाहर करने की अपील किया।

# बालू घाट की नीलामी नहीं हुई तो करेंगे बड़ा आंदोलन : कमलेश सिंह

रांची।।राष्ट्रीय मुख्यधारा




एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधानसभा के विधायक कमलेश सिंह ने सरकार को सीधे चेतावनी देते हुए कहा कि सरकार अगर जल्द बालू घाट की नीलामी नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन को सरकार तैयार रहे। बालू को लेकर लगातार दो वर्षो से राज्य में भवन निर्माण व विकास कार्य प्रभावित है। लगातार ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद सरकार मूक दर्शक बनी है। सरकार अपराधी और पुलिस की गठजोड़ से बालू का अवैध कारोबार फल फूल रहा है। यह जनता के साथ बड़ा धोखा है। जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता है। श्री सिंह सोमवार को रांची प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड के बालू घाटों की बंदोबस्ती नहीं करने के पीछे बड़ा खेल चल रहा है। बालू घाटों की बंदोबस्ती होने से सरकार को राजस्व भी मिलता और आम लोगों को बालू आसानी से सस्ती दर पर उपलब्ध होता। सरकार के मुखिया बालू की कालाबाजारी करा कर अपनी जेब भरने में लगे हैं। वहीं, राज्य में भवन निर्माण, सड़क, पीएम आवास समेत सभी विकास के कार्य ठप्प हैं, या कालाबाजारी में ऊंचे दाम पर किया जा रहा है। पीएम आवास के लाभुकों को बालू नहीं मिल रहा है। वह लाचार हैं. निर्माण नहीं करने की स्थिति में अधिकारी एफआईआर दर्ज करने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले को उन्होंने विधानसभा में तीन मार्च 2020, दो मार्च 2021 व दो अगस्त 2022 को उठाने के अलावा मुख्यमंत्री को पत्र लिख कर समाधान कराने का आग्रह किया था। सुनवाई नहीं होने की स्थिति में हुसैनाबाद में विशाल आंदोलन किसानों, ट्रैक्टर मालिकों व आम लोगों ने किया था। उन्होंने कहा कि याचना नहीं अब रन होगा, संघर्ष बड़ा भीषण होगा। कमलेश सिंह ने कहा कि पलामू में एक तो सुखाड़ की मार ऊपर से बालू की किल्लत ने लोगों की परेशानी को बढ़ा दिया है। सुखाड़ होने के बाद किसान मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहे थे। लेकिन अब बालू की समस्या पलामू में विकराल रूप ले चुकी है। कहीं बालू मिल भी रहा है तो वह चार से पांच हजार रूपये ट्रैक्टर। पलामू में बालू घाटों की नीलामी नहीं होने से अवैध बालू ढुलाई का धंधा जोर-शोर से जारी है। हर दिन सैकड़ों ट्रैक्टर नदी से निकाल कर बिक्री किये जा रहे है। इस खेल में स्थानीय प्रशासन से लेकर जिले के बड़े अधिकारी तक शामिल है। लेकिन अब बालू के मुद्दे को लेकर एनसीपी आर-पार की लड़ाई लड़ने के मूड में है।

## पहाड़ी मंदिर का विकास ही मुख्य उद्देश्य : एनएन पांडेय




रांची।।राष्ट्रीय मुख्यधारा

पहाड़ी मंदिर विकास समिति की बैठक सोमवार को अध्यक्ष एनएन पांडेय की अध्यक्षता में पहाड़ी मंदिर कार्यालय में हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें मुख्यरूप से मंदिर के रख रखाव के लिए पहाड़ी मंदिर में जहां मिट्टी कटा हुआ हैं, वहां समुचित रूप से मिट्टी भरा जाएगा जो मंगलवार से शुरू होगा। इसकी औपचारिकता पूरी कर लिया गया हैं। साथ ही सभी खराब एस्ट्रीट लाइट को दुरुस्त करना एवं मंदिर में कार्यरत कर्मचारियों का वेतन भुकतान करना मुख्यरूप से शामिल हैं। इस चर्चा में मुख्य रूप से अध्यक्ष एनएन पांडेय, सचिव राकेश सिन्हा, विनोद कुमार, राजेश कुमार साहू, अजय श्रीवास्तव, बादल सिंह, रणजीत बिहारी, दयाशंकर शर्मा, दीपक नंदा आदि लोग मौजूद थे।

# ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने की जन-सुनवाई


रांची।।राष्ट्रीय मुख्यधारा



झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में कांग्रेस कोटे के सभी मंत्रियों का जन-सुनवाई कार्यक्रम लगाातार जारी है। इसी कड़ी में सोमवार को जन-सुनवाई कार्यक्रम के तहत कांग्रेस भवन, रांची में सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने राज्य के विभिन्न जिलों से आये लोगों की समस्याओं को सुना और उसके निराकरण हेतु अधिनस्थ पदाधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से निराकरण करने का निर्देश दिया। साथ ही फरियादियों के आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए विशेष टिप्पणी के साथ त्वरित लिखित रूप से भी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देने का कार्य किया। इस जन-सुनवाई कार्यक्रम में रांची, गुमला, गिरिडीह बोकारो, रामगढ़ जिला के विभिन्न प्रखंडों से लोग जनसुनवाई में अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। जनसमस्या में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, ट्रांस्फारम लगाने, नाली निर्माण, रोड निर्माण, विधवा महिलाओं को भीम राव अंबेड़कर आवास आवंटन करने, पारिवारिक फैसले के संबंध में घर एवं जमीन, छात्रावास निर्माण, जल मिनार मरम्मत के संदर्भ मंत्री को एक मांग पत्र सौंपा। प्रदेश कांग्रेस महासचिव सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि तमाम जनसुनवाई कार्यक्रम में आये लोगों के आवेदन पर मंत्री ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अधीनस्थ विभाग के अधिकारियों को दिशा-निर्देश देने का काम किया और अविलंब समस्याओं के निष्पादन का निर्देश दिया।

# समाज कल्याण निदेशालय का पांच बैचों में दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शुरू

रांची।।राष्ट्रीय मुख्यधारा




समाज कल्याण निदेशालय और यूनिसेफ संयुक्त रूप से पांच बैचों में दो दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। हर परियोजना से एक-एक सुपरवाइजर कुल 224 पर्यवेक्षकों को समुदाय आधारित कार्यक्रमों (सीबीई) और गृह भ्रमन पर प्रशिक्षण दिया जा रह है। पोषण माह के दौरान पहला बैच 29 अक्टूबर 2023 को आयोजित किया गया था। यह प्रशिक्षण समाज कल्याण निदेशक शशि प्रकाश झा (आईएएस) के कर-कमलो द्वारा उद्घाटन किया गया। इस समारोह में सहायक निदेशक सह पोषण अभियान संयुक्त परियोजना समन्वयक कंचन सिंह, यूनिसेफ से पोषण विशेषज्ञ प्रीतिश नायक और सामाजिक व्यवहार परिवर्तन विशेषज्ञ दानिश खान भी उपस्थित थे। यह प्रशिक्षण 14 अक्टूबर तक चलेगा। प्रमुख पोषण सेवाओं और व्यवहारों को बढ़ावा देने के लिए प्रभावी समुदाय आधारित कार्यक्रमों और गृह भ्रमन के माध्यम से जन जागृति कार्यक्रम आयोजन करने की क्षमता बर्धन करना इस प्रशिक्षण का उद्देश्य है। इस प्रशिक्षण का एक अन्य उद्देश्य पी एम एम वी वाई, साबित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना पर आवश्यक जानकारी प्रदान करना और पोषण ट्रैकर और अन्य डिजिटल डैशबोर्ड से संबंधित मुद्दों को हल करना है। यह निदेशालय द्वारा कर्मचारियों के कौशल और ज्ञान का निर्माण करने के लिए उठाया गया एक और नई पहल है।

हिन्दी दैनिक
# राष्ट्रीय मुख्यधारा
अखबार भी, आन्दोलन भी
बोकारो । मंगलवार । 10.10.2023
वर्ष : 11 । अंक : 245



## बड़ा ही गुणकारी ओषधि है पीपल का पत्ता

**पीपल का पत्ता कई बीमारियों में रामबाण औषधि होता है साबित**



पीपल एक अकेला ऐसा पौधा जो दिन और रात दोनो समय आक्सीजन देता है। पीपल के ताजा 6-7 पत्ते लेकर 400 ग्राम पानी मे डालकर 100 ग्राम रहने तक उबाले, बर्तन स्टील और एल्युमिनियम का नहीं हो, आपका हृदय एक ही दिन में ठीक होना शुरू हो जाएगा। पीपल के पत्तो पर भोजन करे, लीवर ठीक हो जाता है। पीपल के सूखे पत्तों का पाउडर बनाकर आधा चम्मच गुड़ में मिलाकर सुबह दोपहर शाम खायें, किंतना भी पुराना दमा ठीक कर देता है। पीपल के ताजा 4-5 पत्ते लेकर पीसकर पानी मे मिलाकर पिलाये,1- 2 बार मे ही पीलिया में आराम देना शुरू कर देता है। पीपल की छाल को गंगाजल में घिसकर घाव में लगाये तुरंत आराम देता है। पीपल की छाल को खांड मिलाकर दिन में 5-6 बार चूसे, कोई भी नशा छूट जाता है। पीपल के पत्तों का काढ़ा पिये, फेफड़ो, दिल ,अमाशय और लीवर के सभी रोग ठीक कर देता है। पीपल के पत्तों का काढ़ा बनाकर पिये, किडनी के रोग ठीक कर देता है व पथरी को तोड़कर बाहर करता है। किंतना भी डिप्रेशन हो, पीपल के पेड़ के नीचे जाकर रोज 30 मिनट बैठिए डिप्रेशन खत्म कर देता है। पीपल की फल और ताजा कोपले लेकर बराबर मात्रा में लेकर पीसकर सुखाकर खांड मिलाकर दिन में 2 बार ले, महिलाओ के गर्भशय और मासिक समय के सभी रोग ठीक करता है। पीपल का फल और ताजा कोपले लेकर बराबर मात्रा में लेकर पीसकर सुखाकर खांड मिलाकर दिन में 2 बार ले, बच्चो का तुतलाना ठीक कर देता है और दिमाग बहुत तेज करता है। जिन बच्चो में हाइपर एक्टिविटी होती है, जो बच्चे दिनभर रातभर दौड़ते भागते है सोते कम है, पीपल के पेड़ के नीचे बैठाइए सब ठीक कर देता है। किंतना भी पुराना घुटनो का दर्द हो, पीपल के नीचे बैठे 30-45 दिन में बहुत लाभ होगा। शरीर मे कहीं से भी खून आये, महिलाओ को मासिक समय मे रक्त अधिक आता हो, बाबासीर में रक्त आता हो, दांत निकलवाने पर रक्त आये ,चोट लग जाये, 8-10 पत्ते पीसकर,छानकर पी जाएं, तुरंत रक्त का बहना बंद कर देता है। शरीर मे कहीं भी सूजन हो, दर्द हो, पीपल के पत्तों को गर्म करके बांध दे, ठीक हो जायेगे।

# चुनावी रथ में ही क्यों सवार होती हैं जन-हित योजनाएं



**पूर्णेन्दु पुष्पेश**





आजादी के अमृतकाल के पहले लोकसभा एवं पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव की आहट अब साफ-साफ सुनाई दे रही है, राज्यों में चुनावी सरगर्मियां उग्र हो चुकी है। भारत के सभी राजनीतिक दल अब पूरी तरह चुनावी मुद्रा में आ गये हैं और प्रत्येक प्रमुख राजनैतिक दल इसी के अनुरूप बिछ रही चुनावी बिसात में अपनी गोटियां सजाने में लगे दिखाई पड़ने लगे हैं। जिन पांच राज्यों में चुनाव होने हैं, उनमें राजस्थान सर्वाधिक महत्वपूर्ण बनता जा रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बहुत पहले ही विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है, वे हर दिन किसी-न-किसी लुभावनी एवं जनकल्याणकारी योजना की घोषणा करते हुए दिखाई दे रहे हैं। चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा सहित विभिन्न योजनाओं की तरह अब उन्होंने प्रदेश के 240 राजकीय विद्यालयों को महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों में रूपांतरित करने का ऐलान किया किया है। निश्चित ही एक आदर्श राज्य के रूप में गहलोत की योजनाओं की देशभर में चर्चा हो रही है, लेकिन क्या इन योजनाओं के बल पर वे पुनः सत्ता प्राप्त करने में सफल हो पायेंगे? असल में गहलोत का मुकाबला इस बार सीधे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से होने जा रहा है। मोदी पहले सीकर एवं अब जोधपुर में जनता का मानस बदलने एवं राजस्थान के गहलोत सरकार के घोटालों को उजागर किया है। लोकलुभावन घोषणा एवं मुक्त की रेवड़ियां राजस्थान की तरह ही मध्यप्रदेश में शिवराजसिंह चौहान भी बांट रहे हैं, अभी तो इनके बल पर चुनाव जीते जा सकते हैं, लेकिन उन्हें पूरा करने के लिए दोनों ही प्रांतों की चुनी सरकारों को एड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ेगा, क्योंकि राज्य की वित्तीय स्थिति उन्हें पूरा करने की अनुमति दे पाएंगी, इसमें संदेह है। जैसी गारंटियां, लोकलुभावन वादे एवं मुक्त की रेवड़ियां देने की परम्परा दक्षिण से शुरु हुई थी, वैसी ही अब देश के अन्य प्रांतों में वहां की सरकारें कर रही हैं। अभी हाल में दिल्ली नगर निगम चुनाव में आम आदमी पार्टी ने दस गारंटियां दी थीं। ये गारंटियां और कुछ नहीं लोकलुभावन वादे ही थे, जिन्हें जनकल्याण का नाम दिया गया है। मध्य प्रदेश में मुख्यमन्त्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने चुनाव से छह महीने पहले ही लोक कल्याणकारी योजनाओं की झड़ी लगा रखी है जिससे राज्य का चुनावी माहौल और गर्मा रहा है। निश्चित ही राजस्थान में लोकलुभावनी योजनाओं का जनता को लाभ मिला है, राजस्थान का कायाकल्प भी हुआ। गहलोत अपने राजनीतिक जीवन की सबसे चुनौतीपूर्ण पारी खेलते हुए एक कद्दावर नेता के रूप में सामने आ रहे हैं। लेकिन मतदाता के मन में ये योजनाएं हैं या और कुछ? यह वक्त ही बतायेगा। लेकिन एक बात बहुत स्पष्ट है कि मतदाता अब ज्यादा जागरूक हुआ है तो गहलोत भी ज्यादा सर्तक, समझदार एवं चालाक हुए हैं। उन्होंने जिस प्रकार चुनावी शतरंज पर काले-सफेद मोहरें बिछाने शुरु कर दिये हैं, उससे मतदाता भी उलझा हुआ प्रतीत करेगा। अपने हित की पात्रता नहीं मिल रही है। कौन ले जाएगा प्रदेश की लगभग आठ करोड़ जनता को आजादी के अमृतकाल में। सभी नंगे खड़े हैं, मतदाता किसको कपड़े पहनाएगा, यह एक दिन के राजा पर निर्भर करता है। सभी इस एक दिन के राजा को लुभाने में जुटे हैं। कोई मुफ्तखोरी की राजनीति का सहारा लेकर चुनाव जीतने की कोशिश करने में जुटा है तो कोई गठबंधन को आधार बनाकर चुनाव जीतने के सपने देख रहा है। विधानसभा चुनावों की सरगर्मियां उग्रता पर है, इस बार का चुनाव काफी दिलचस्प एवं चुनौतीपूर्ण होने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह भाजपा की स्थिति को मजबूती देते हुए गहलोत सरकार को पछताड़े में लगे हैं। लेकिन भाजपा की सबसे बड़ी विशेषता है कि वह अपनी हार के कारणों को बड़ी गहराई से लेते हुए उन कारणों को समझने एवं हार को जीत में बदलने के गणित को बिठाने में माहिर है। गहलोत प्रखर नेता के रूप में न केवल भीतर संघर्ष कर रहे हैं बल्कि भाजपा को चुनौती देने का हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने दूरगामी सोच एवं राजनीतिक कौशल से अनेक प्रभावी योजनाओं को लागू किया है। आज राजस्थान एक 'आदर्श राज्य' के रूप में उभरा है या नहीं? यह देश के सबसे तेजी से आगे बढ़ने वाले राज्यों में से एक है भी या नहीं है? यह विश्लेषण के विषय हैं।

आज देश में राजस्थान की चर्चा सबसे अच्छी सड़कों, सबसे अच्छी स्वास्थ्य सुविधाओं, सबसे अधिक विश्वविद्यालयों व सबसे आगे बढ़ने वाले राज्य से अधिक गहलोत की योजनाओं के रूप में हो रही है और यह सब योजनाएं चुनावी रथ पर सवाल होकर जीत को सुनिश्चित करने की चेष्ठा है। किसी भी राष्ट्र के जीवन में चुनाव सबसे महत्त्वपूर्ण घटना होती है। यह एक यज्ञ होता है। लोकतंत्र प्रणाली का सबसे मजबूत पैर होता है। राष्ट्र के प्रत्येक वयस्क के संविधान प्रदत्त पवित्र मताधिकार प्रयोग का एक दिन। सत्ता के सिंहासन पर अब कोई राजपुरोहित या राजगुरु नहीं बैठता अपितु जनता अपने हाथों से तिलक लगाकर नायक चुनती है। लेकिन पांच राज्यों में जनता तिलक किसको लगाये, इसके लिये सब तरह के साम-दाम-दंड अपनाये जा रहे हैं। हर राजनीतिक दल अपने लोकलुभावन वायदों एवं घोषणाओं को ही गीता का सार व नीम की पत्ती बता रहे हैं, जो सब समस्याएं मिटा देगी तथा सब रोगों की दवा है। लेकिन ऐसा होता तो आजादी के अमृतकाल तक पहुंच जाने के बाद भी देश एवं प्रदेश गरीबी, महंगाई, भ्रष्टाचार, अफसरशाही, बेरोजगारी, अशिक्षा, स्वास्थ्य समस्याओं से नहीं जुझता दिखाई देता। ऐसी स्थिति में मतदाता अगर बिना विवेक के आंख मूंदकर मत देगा तो परिणाम उस उक्ति को चरितार्थ करेगा कि "अगर अंधा अंधे को नेतृत्व देगा तो दोनों खाई में गिरेंगे।" राजस्थान के चुनाव का नतीजा अभी लोगों के दिमागों में है। मतपेटियां क्या राज खोलेंगी, यह समय के गर्भ में है। पर एक संदेश इस चुनाव से मिलेगा कि अधिकार प्राप्त एक ही व्यक्ति अगर ठान ले तो अनुशासनहीनता, भ्रष्टाचार, महंगाई, गरीबी, अशिक्षा, स्वास्थ्य आदि समस्याओं पर नकेल डाली जा सकती है। लेकिन देश एवं प्रदेश बनाने एवं विकास की ओर अग्रसर करने की बजाय सभी दल मुक्त रेवडियां बांट कर एक अकर्मण्य पीढ़ी को गढ़ने की कुचेष्टा करते हैं या येन-केन-प्रकारेण चुनाव जीत का सेहरा अपने सीर पर बांधना चाहते हैं। कई बार तो ऐसी घोषणाएं भी कर दी जाती हैं, जिन्हें पूरा करना संभव नहीं होता। उन्हें या तो आधे-अधूरे ढंग से पूरा किया जाता है या देर से अथवा उनके लिए धन का प्रबंध जनता के पैसों से ही किया जाता है। उदाहरणस्वरूप दिल्ली एवं कर्नाटक सरकार ने बिजली मुफ्त देने के वादे को पूरा करने के लिए बिजली महंगी कर दी या नई गलियां निकाल ली। इसी तरह पंजाब सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर वैट बढ़ा दिया। चुनाव जीतने के लिए वित्तीय स्थिति की अनदेखी कर लोकलुभावन वादे करना अर्थव्यवस्था के साथ खुला खिलवाड़ है। इस पर रोक नहीं लगी तो इसके दुष्परिणाम जनता को ही भुगतने पड़ेंगे। जो चुनाव सशक्त एवं आदर्श शासक नायक के चयन का माध्यम होता है, उससे अगर नकारा, ठग एवं अलोकतांत्रिक नेताओं का चयन होता है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण एवं देश की विडम्बना है। लेकिन गहलोत की ताजा शिक्षा योजना यदि चुनाव से न जुड़ी होती तो इस एक योजना से वे अनुकरणीय एवं आदर्श राजनेता बनकर उभरते?

## साहित्य/लोक साहित्य

### ब्रह्मेश्वर नाथ मिश्र की कविता





जैसे जैसे प्रभु श्रीराम बन में आगे बढ़ते जा रहे हैं वैसे वैसे दर्शन करने वालों की भीड़ बढ़ती जा रही है। स्त्री पुरुष घर से निकल कर प्रभु का दर्शन कर रहे हैं। स्त्रियाँ सब प्रभु की शोभा का वर्णन कर रही हैं। कहतीं हैं कि हे सखी! इनका अंग अंग कैसी शोभा पा रहा है? इनके रोम रोम में करोड़ों कामदेव की छवि छाई हुई है। कोमल बदन, रतनारे नैन और मन को भाने वाला साँवला रंग, अलौकिक शोभा छाई हुई है। जटा का मुकुट, मुनि का वेष और साथ में एक सुन्दर स्त्री जो बिना श्रृंगार के हीं शोभित हो रही है। बायें कन्धे पर धनुष और कमर में तरकस कसे हुए हैं। हे सखी! सरस्वती भी इनकी उपमा खोज कर थक गईं पर कहीं उपमा नहीं मिली। इसी प्रसंग पर प्रस्तुत है मेरी ये रचना :-----

**कुँवर के कैसो शोभत अंग ।**
**सखी री कैसो शोभत अंग ।**
**कुँवर के कैसो...........**
**रोम रोम ऐसो छवि छाई ,**
**शोभत कोटि अनंग ।**
**कुँवर के कैसो...........**
**कोमल बदन नयन रतनारे ,**
**रुचिर साँवलो रंग ।**
**कुँवर के कैसो...........**

**जटा मुकुट मुनि बसन सुहावन ,**
**सुन्दरि सुमुखी संग ।**
**कुँवर के कैसो...........**
**बायें कंध विराजत चापा ,**
**कटि तट कसे निषंग ।**
**कुँवर के कैसो...........**
**उपमा खोज शारदा थाकी ,**
**मति गति हो गइ भंग ।**
**कुँवर के कैसो...........**

# नारी ने तुझको जन्मा है, नारी की गोद में तू पलता है।

**राजेश मोहन सहाय**



प्रत्येक वर्ष 11 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस( इंटरनेशनल डे आफ द गर्ल चाइल्ड) के रूप में मनाया जाता है। यह बात किसी से छिपी नहीं है कि बालिकाएं किसी भी समाज के कल्याण, विकास में अहम भूमिका निभाती हैं। मिशेल ओबामा ने कहा है कि 'जब लड़कियाँ शिक्षित होती हैं, तो उनका देश अधिक मजबूत और समृद्ध होता है।' वास्तव में यह लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके अधिकारों और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। उल्लेखनीय है कि कनाडा सरकार ने एक आम सभा में अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने का प्रस्ताव रखा। साल 2011 में 19 दिसंबर के दिन संयुक्त राष्ट्र ने इस प्रस्ताव को पारित कर दिया। आज के इस समय में महिलाओं के, लड़कियों के सशक्तिकरण के बावजूद उनसे जुड़े बहुत से मुद्दे हैं,जिन पर ध्यान केंद्रित किए जाने की जरूरत है। आज भी हमें यौन अपराध, महिलाओं, बच्चियों के खिलाफ हिंसा, अत्याचार, कन्या भ्रूण हत्या, बाल विवाह जैसी अनेक समस्याएं देखने को मिलती हैं, यह दिन इन सभी मुद्दों पर ध्यान देने का दिन है, क्यों कि महिलाओं के विकास बिना कोई भी समाज कभी भी आगे नहीं बढ़ सकता है। जानकारी देना चाहूंगा कि एनसीआरबी यानी कि राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो के आंकड़ों के अनुसार सिक्किम में बच्चों के खिलाफ यौन अपराधों की दर सबसे अधिक है, इसके बाद केरल, मेघालय, हरियाणा और मिज़ोरम का स्थान है।पश्चिम बंगाल और ओडिशा शीर्ष पाँच राज्यों (महाराष्ट्र, एमपी और यूपी के साथ) में शामिल हैं, जो देश भर में बच्चों के खिलाफ किये गए कुल अपराधों का 47.1% है।वर्ष 2021 में अकेले पश्चिम बंगाल में बच्चों के खिलाफ अपराध के 9,523 मामले दर्ज किये गए। यह बहुत ही महत्वपूर्ण, गंभीर व संवेदनशील है कि भारत में कन्या भ्रूण हत्या की दर विश्व भर में कन्या भ्रूण हत्या की उच्चतम दरों में से एक है। वर्ष 2011 की जनगणना में 0-6 वर्ष की आयु वर्ग में सबसे कम लिंगानुपात (914) दर्ज किया गया है, जिसमें 3 मिलियन लापता लड़कियाँ शामिल थीं। इनकी संख्या वर्ष 2001 के 78.8 मिलियन की तुलना में वर्ष 2011 में 75.8 मिलियन हो गई।एक अन्य आंकड़े के अनुसार प्रत्येक वर्ष भारत में कम-से-कम 15 लाख लड़कियों की शादी 18 वर्ष से कम उम्र में हो जाती है, जिसके चलते भारत में बाल वधुओं की संख्या विश्वभर में सबसे अधिक (वैश्विक रूप से कुल संख्या का एक-तिहाई) है। आज भी हमारे समाज में महिलाओं और लड़कियों को उच्च शिक्षा ग्रहण नहीं करने दी जाती है, पुरूष मानसिकता के कारण भेदभाव की शिकार होती हैं। लड़कों की तुलना में लड़कियों के लिए असमान अवसर हैं। यह बहुत ही महत्वपूर्ण और संवेदनशील है कि आज के इस आधुनिक युग में भी कहीं न कहीं भारत में लड़कियों को अपने घरों के अंदर और बाहर अपने समाज में कहीं न कहीं किसी न किसी रूप और स्तर पर अनेक प्रकार से भेदभाव का सामना करना पड़ता है। यह भी गंभीर है कि भारत में पाँच साल से कम उम्र की लड़कियों की मृत्यु दर लड़कों की तुलना में 8.3 फीसदी अधिक है। विश्व स्तर पर यह लड़कों के लिये 14% अधिक है।

हालांकि ऐसा भी नहीं है कि सरकार द्वारा इस दिशा में कोई काम नहीं किए जा रहे हैं। सरकार महिलाओं, लड़कियों को आगे बढ़ाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध और कृतसंकल्पित है। आज हमारे देश में 'बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ के साथ ही अनेक प्रकार के अभियान चलाए जा रहे हैं। आज बालिकाओं के कल्याण के लिए 'सुकन्या समृद्धि योजना', 'सीबीएसई उड़ान योजना ', माध्यमिक शिक्षा के लिए लड़कियों को प्रोत्साहन देने हेतु राष्ट्रीय योजना चलाई जा रही है। यहां तक कि आज बालिकाओं के लिए मुफ्त या अनुदानित शिक्षा और कॉलेजों तथा विश्वविद्यालयों में सीटों का आरक्षण तक दिया जा रहा हैं। जानकारी देना चाहूंगा कि हाल ही में लोकसभा और राज्यसभा दोनों ने महिला आरक्षण विधेयक 2023 (128वाँ संवैधानिक संशोधन विधेयक) अथवा नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित कर दिया। यह विधेयक लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिये एक-तिहाई सीटें आरक्षित करता है। यह महिला सशक्तिकरण की ओर एक नायाब कदम कहा जा सकता है। हमारे देश में आज बाल संरक्षण प्रणाली का सुदृढ़ीकरण किया गया है। कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए बहुत कुछ किया जा रहा है। कानून को कड़ा व सख्त बनाया गया है। महिलाओं के प्रति हिंसा, अत्याचार रोकने के लिए कानून बनाए गए हैं। लड़कियों की शिक्षा पर लगातार बल दिया जा रहा है। सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए अनेकानेक प्रयास किए जा रहे हैं। आज समाज में बालिकाओं की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए बहुत कुछ किया जा रहा है। उनके सेहतमंद जीवन, अच्छी शिक्षा और कैरियर के लिए अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेकानेक प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि महिलाएं भी देश और समाज के विकास में योगदान दे सकें। बहरहाल, यदि इस दिवस की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि की हम यहां बात करें तो जानकारी देना चाहूंगा कि सबसे पहली बार वर्ष 1995 में बीजिंग डिक्लेरेशन एंड प्लेटफॉर्म फॉर एक्शन ने लड़कियों के अधिकारों को आगे बढ़ाने के लिये एक कार्ययोजना का प्रस्ताव रखा था और वर्ष 2011 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 11 अक्तूबर को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में घोषित करने हेतु संकल्प 66/170 को अपनाया गया था। जानकारी देना चाहूंगा कि 11 अक्तूबर 2012 को पहली बार अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया था। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि अन्य दिवसों की भांति ही इस दिवस को मनाने के लिए एक थीम रखी जाती है और पिछले वर्ष यानी कि वर्ष 2022 में इस दिवस की थीम 'अवर टाइम इज नाऊ, अवर राइट्स,अवर फ्यूचर ' यानी कि 'हमारा समय अभी है, हमारे अधिकार,हमारा भविष्य 'रखी गई थी। यहां यह भी जानकारी देना चाहूंगा कि हर साल 24 जनवरी का दिन राष्ट्रीय बालिका दिवस के रूप में मनाया जाता है जिसका उद्देश्य भी लोगों में बालिकाओं/लड़कियों को असमानताओं और अपने अधिकारों के बारे में जागरूक करना है।




**मेष राशि-** आज आपका दिन खुशहाल रहने वाला है। आज पारिवारिक सुख शांति की वृद्धि होगी। आज जीवनसाथी आपसे कहीं घूमने जाने की डिमांड कर सकते हैं। मसाले का कारोबार कर रहे लोगों का काम अच्छा चलेगा। आपके दांपत्य रिश्ते में मजबूती आयेगी। विद्यार्थियों के लिए आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। आज व्यापार आगे बढाने में सफल रहेंगे। लवमेट आज लंच पर जाने का प्लान बना सकते हैं। जॉब ढूंढ रहे लोगों को आज कोई अच्छी जॉब हाथ लगेगी।

**वृष राशि-** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आज किसी रिश्तेदार के आने से घर में उत्साह का माहौल बनेगा। मेडिकल स्टूडेंट्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। आज ऑफिस में अपने कार्यों पर ध्यान देने की जरुरत है। आज आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। क्राकरी का कारोबार कर रहे लोगों को अच्छा लाभ होगा। आय के नजरिये से आज का दिन लाभदायक है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में आ रही रुकावटें आज ख़त्म होगी।

**मिथुन राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। सोशल मीडिया पर आज आपकी किसी पोस्ट को ज्यादा पसंद किया जायेगा। शिक्षकों के लिए आज का दिन महत्वपूर्ण रहेगा आज आप किसी जरुरी मीटिंग में हिस्सा लेंगे। घर गृहस्थी की टेंशने आज ख़त्म होंगी। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को थोड़ी और मेहनत करने की जरुरत है।

**कर्क राशि-** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज पारिवारिक रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। घुटने की दर्द से परेशान लोगों को आज काफी राहत मिलेगी। आज अधिक धन व्यय करने से बचने की कोशिश करें। आज विद्यार्थी पढ़ाई में लापरवाही करने से बचे। वकीलों को आज अधिक क्लाइंट्स से जुडऩे का मौका मिलेगा। आज लवमेट के साथ आपको डिनर पर जाने का मौका मिलेगा।

**सिंह राशि-** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज अपनी छोटी मोटी गलतियों को सुधारने का प्रयास करें। आज आप दांपत्य जीवन में नयापन लाने के लिए जीवनसाथी को उपहार देंगे। फर्नीचर सम्बन्धी कारोबार कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। राजनीति में सहयोगी साथ देंगे। ट्रान्सफर में आ रही परेशानी आज ख़त्म होगी। ऑफिस में मिला टारगेट पूरा करने में आप व्यस्त रहेंगे।

**कन्या राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको व्यापार में अच्छा प्रॉफिट होगा। आज ऑफिस में अपनी बढ़ी हुई उर्जा के साथ काम करेंगे। आज दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज आपके घर की कन्या को बड़ी सफलता हासिल होगी, घर में ख़ुशी का माहौल रहेगा। विज्ञान जगत से जुड़े लोगों को सम्मानित किया जायेगा। आज आपके भाई आपसे मदद मागेंगे।

**तुला राशि-** आज आपका दिन ख़ास रहने वाला है। आज किसी करीबी रिश्तेदार के आने से घर में उत्साह का माहौल रहेगा। धैर्य और सैय्यम रख कर काम करने में आपकी भलाई है, आपको सफलता हासिल होगी। सिंगर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा, आज आपका कोई गाना लोगों को बहुत पसंद आयेगा। बैंक से लोन लेने में आ रही समस्या आज ख़त्म होगी। ग्राफिक डिजाइनिंग सीख रहे लोगों के लिए दिन अच्छा है। ऑफिस में अचानक कोई दूसरा काम आपको मिल सकता है।

**वृश्चिक राशि-** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज इस राशि के लोगों के कार्यक्षेत्र में बदलाव आयेगा । किसी मित्र या रिश्तेदार के वहज से व्यापार में लाभ होगा । आज आपका दांपत्य रिश्ता बेहतर बनेगा। डेकोरेशन कारोबारियों को कोई बड़ा आर्डर मिलने की सम्भावना है। आपकी आर्थिक स्थिति में पहले से बेहतर सुधार आयेगा, आज आय के एकाधिक स्त्रोत मिलेंगे। आज आप परिवार के साथ थोड़ा टाइम स्पेंड करेंगे।

**धनु राशि-** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी इंटरव्यू में आपका सिलेक्शन होने के चांसेस है। आज परिवार में आपसी तालमेल बेहतर बनेगा। आज आपकी सलाह से दोस्तों की समस्याओं का समाधान होगा। व्यापार को अपनी कुशलता से आगे बढाने में सक्षम रहेंगे। विद्यार्थी वर्ग अपने पुराने चैप्टर को रिवीजन करेंगे। आप-अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनायें रखें । ऑफिस में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी।

**मकर राशि-** आज आपका दिन मिला-जुला परिणाम देने वाला है। आज आपके लिए संघर्ष की स्थिति रहेगी लेकिन धैर्य से काम करने पर सफलता मिलेगी। दांपत्य जीवन में हो रही अनबन आज ख़त्म होगी। कास्मेटिक का कारोबार कर रहे लोगों के लिए दिन लाभदायक रहेगा। डिप्लोमा स्टूडेंट्स किसी टॉपिक में फ्रेंड्स की हेल्प लेंगे।

**कुंभ राशि-** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपको व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा। आज किसी मित्र की सहायता से आपके बिगड़े हुए कार्य बनेंगे और पिछले किये गए प्रयासों में सफलता प्राप्त होगी । आज आप दूसरों की मदद करने के लिए तैयार रहेंगे। कारोबार में बड़ों की सलाह कामयाबी दिलाएगी।

**मीन राशि-** आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। पॉजिटिव सोंच के साथ काम करेंगे, तो आपको निश्चित ही सफलता मिलेगी। बी.टेक स्टूडेंट्स को अपने सीनियर्स से कुछ महत्वपूर्ण सीखने का अवसर मिलेगा। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहने वाला है। ऑफिस का कोई टारगेट पूरा करेंगे, जिससे बॉस आपको दूसरा टारगेट देने का मन बना सकते हैं।

# यौन सहमति : भारतीय परिवेश का रहे ख्याल

**डॉ. विजय राय**

किसी व्यक्ति या समूह से आम संबंध के मामले उनका आपस में सहमत होना एक सामान्य अपेक्षा है। इसमें उम्र की बाध्यता नहीं है, लेकिन यौन संबंध बनाने में उम्र एक वैधानिक शर्त हो जाती है। इसमें तब एक खास भौगोलिक परिस्थिति में रहने वाले प्राणियों की विशिष्ट जैविक संरचना, वहां की पारिवारिक-सामाजिक रीति-रिवाजों एवं सांस्थनिक-वैधानिक मान्यताओं की भूमिका हो जाती है। इन आधारों पर सहमतिपूर्ण यौन संबंधों की वैधानिकता तय की जाती है। अपने देश में 2012 में प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस एक्ट (पोस्को) के तहत यौन संबंधों पर सहमति उम्र 18 वर्ष तय की गई है। इससे कम उम्र में बनाए गए ऐसे संबंध को रेप माना गया है-चाहे वह परस्पर प्रेम या सहमति से ही क्यों न बनाया गया हो। इसके लिए तीन से 10 वर्ष की सजा के प्रावधान हैं। प्रेम और सहमति से बने संबंधों पर पोस्को का कठोर प्रावधान प्रारंभ से ही एक खटकने वाला बिंदु रहा है। इसलिए कि यह उपबंध किशोरों-किशोरियों में हो रहे जैविक या अवधारणात्मक विकास को परिलक्षित नहीं करता। लिहाजा, बदलाव की मांग न्यायिक संस्थानों से भी की जा रही है, लेकिन विधि आयोग ने अपनी सिफारिश में सहमति की उम्र 18 से 16 वर्ष करने के संशोधन प्रस्ताव एवं आग्रहों को सिरे से खारिज कर दिया है। 22वें विधि आयोग ने शुक्रवार को केंद्रीय कानून मंत्रालय को सौंपी 126 पेज की रिपोर्ट में कहा कि सहमति की आयु घटाकर 16 वर्ष करने से बाल विवाह और बाल तस्करी के खिलाफ लड़ाई पर सीधा और नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा, यौन संबंधों को अपराध की श्रेणी से हटाने से वास्तविक मामलों को नुकसान होगा और पोस्को अधिनियम महज कागजी कानून बनकर रह जाएगा। तो फिर परस्पर सहमति से बने संबंध का क्या होगा? आयोग ने इस मामले सजा में छूट समेत अन्य पहलुओं को न्यायालय के विवेक पर छोड़ दिया है। उसका कहना है कि 16 साल या उससे अधिक (18 से कम) उम्र में सहमति से संबंध के मामले में लड़के-लड़की की उम्र का फासला 3 साल या उससे अधिक है तो इसे अपराध की श्रेणी में मानना चाहिए। यह सहमति तीन आधारों पर परखी जाए और उसी आधार पर इसे अपवाद भी माना जाए। अदालतें ये देखें कि दोनों में सहमति भय या प्रोभन पर तो आधारित नहीं थी? ड्रग का तो इस्तेमाल नहीं किया गया? यह सहमति किसी प्रकार से शारीरिक व्यापार के लिए तो नहीं। उम्र कम करने की बजाय इसके दुरुपयोग को रोका जाए। कर्नाटक उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश रितु राज अवस्थी की अध्यक्षता वाले आयोग ने उन स्थितियों से निपटने के लिए पोक्सो अधिनियम, किशोर न्याय (जेजे) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में कई संशोधनों की सिफारिश की, जहां मौन स्वीकृति है, जबकि 16 से 18 साल के बीच के किशोरों के यौन संबंध को कानून में सहमति नहीं माना जाता। पर किशोरों को यौन शोषण से बचाने के लिए लाए गए पोस्को कानून को लेकर इधर कुछेक वर्षो में आवाजें उठने लगी हैं। यह अनुभव किया जाने लगा है कि सहमतिपूर्ण संबंधों के वास्तविक मामलों में भी सैकड़ों किशोरों को सजा हो जा रही है। इससे वे बच्चे आपराधिक श्रेणी में आ रहे हैं। एनसीआरबी-2021 की रिपोर्ट के अनुसार, पोक्सो के तहत मामलों के पीड़ितों की सबसे बड़ी संख्या 16 से 18 के बीच है, और इनमें ज्यादातर लड़कियां हैं। इन मामलों में अखिल भारतीय सजा दर लगभग 32 फीसद थी। उल्लेखनीय है कि भारत में 18 वर्ष से कम उम्र के 400 मिलियन से अधिक लोग थे, जो कुल जनसंख्या का लगभग 36.7 फीसद है। एनफोल्ड प्रोएक्टिव हेल्थ ट्रस्ट, जो एक बाल अधिकार चैरिटी है, उसने खुलासा किया है कि 2016 और 2020 के बीच असम, महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में पोस्को के 24.3 प्रतिशत मामले 'रोमांटिक मामले थे और इनमें से 87.9 प्रतिशत मामलों में लड़की ने माना था कि लड़के के साथ उसके रोमांटिक रिश्ते थे। नेशनल लॉ स्कूल ऑफ इंडिया यूनिवर्सिटी में सेंटर फॉर द चाइल्ड एंड द लॉ द्वारा 2018 के एक अध्ययन से यह भी पता चला है कि आंध्र प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र और कर्नाटक के कुछ हिस्सों में 20 प्रतिशत से अधिक मामले रोमांटिक थे। इन्हीं मामलों की सुनवाई करते हुए निचली अदालतों से लेकर उच्च न्यायालयों तक को इसमें बदलाव की जरूरत लगी। पिछले दिसम्बर में, भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने संसद से सहमति की उम्र के मुद्दे पर फिर से विचार करने की अपील की थी क्योंकि किशोरों की सहमति से यौन संबंध के मामलों की जांच करने वाले न्यायाधीशों को कठिनाइयां होती हैं। इस साल जून में मध्य प्रदेश हाई कोर्ट से भी ऐसा ही अनुरोध किया गया था। न्यायमूर्ति दीपक कुमार अग्रवाल ने सरकार से किशोर लड़कों के साथ अपराधियों जैसा व्यवहार किए जाने के 'अन्याय से बचने के लिए सहमति की उम्र घटाकर 16 साल करने का आग्रह किया।

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु पुष्पेश** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित। पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
**रांची कार्यालय**– 113 बी, बसंत बिहार, हरमू, झारखंड–834002; **गिरिडीह कार्यालय**– बाभनटोली, गिरिडीह, झारखंड। **संपादक : पूर्णेन्दु पुष्पेश❋; प्रबंध संपादक : राजेश मोहन सहाय। समाचार संपादक : राजेश कुमार, बिहार प्रभारी : संतोष श्रीवास्तव 'अंजान'**
फोन– 9142412511/9334444424/9102251947/9431366404; WhatsApp- 9142412511; Web : www.rashtriyamukhyadhara.com
❋समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ◦ यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

## एक नजर

### जन संवाद की सफलता को लेकर एमओ ने की बैठक



**मांझागढ़।** मांझा प्रखंड कार्यालय के सभागार में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मांझागढ़ अभय कुमार ने मांझा प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं और कर्मियों के साथ बैठक आयोजित कर तैयारी की समीक्षा की।ज्ञातव्य हो कि आगामी 12 अक्टूबर को मांझागढ़ प्रखंड के मांझा पश्चिमी पंचायत अंतर्गत पंचायत सरकार भवन पर जिला पदाधिकारी डॉ नवल किशोर चौधरी का जन संवाद कार्यक्रम निर्धारित है।जिसकी तैयारी को लेकर सोमवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मांझा अभय कुमार ने प्रखंड के सभी जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं और आपूर्ति कार्यालय के कर्मियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की तथा जन संवाद कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोग शामिल हो इसके लिए उन्होंने उपस्थित सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं से अपील की।एमओ ने ये भी बताया कि जन संवाद कार्यक्रम में सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की ज्यादा से ज्यादा जानकारी दी जाएगी।

### जातीय जनगणना में माली समाज की संख्या जान बूझकर कम आंकी गई



**पटना।** माली समाज के नेता पृथ्वी कुमार माली ने कहा कि बिहार सरकार के जातीय जनगणना में माली समाज की संख्या को जान बूझकर कम आंका गया है। वर्तमान में बिहार में माली समाज की संख्या 20 लाख से ज्यादा है। बिहार सरकार का कहना है की बिहार में मात्र 3.30 लाख माली समाज के लोग हैं जबकि सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से एन सिन्हा समाज अध्ययन संस्थान में वर्ष 2016 में करायी गयी माली मालाकार जातियों की एथनोग्राफी रिपोर्ट बताती है कि यह संख्या 13 लाख 15 हजार है। बिहार सरकार के द्वारा माली समाज की उपेक्षा हो रही है, जातीय गणना में जान बूझकर की गई गलती से समाज के लोगों में आक्रोश है। माली समाज का हक और अधिकार को छीनने का काम कर रही है। उनकीक्षमांग है कि बिहार सरकार माली जातियों की जनगणना दुबारा कराये। अगर सरकार मांगों को पूरा नहीं करेगी तो आगे मालीज्ञसमाज आंदोलन को मजबूर होगा।

### दानापुर में घर में घुसकर मारपीट

**पटना।** दानापुर में दिनदहाड़े फ्लैट में घुसकर परिवार के लोगों के साथ मारपीट की गई है। जानकारी के मुताबिक बदमाशों ने विकास की मां, पिता व उसकी भाभी के साथ मारपीट की। इसके साथ ही अपराधियों ने विकास की मां से जबरन अलमारी की चाबी छिनकर उसमे रखे 11 लाख रुपये कैश और जेवर लेकर भाग गये। विकास की मां सरोज देवी ने दानापुर थाना में एक बिल्डर के गुंडों के खिलाफ लिखित आवेदन दिया है। इस संबंध में विकास ने बताया कि मेरे पिता शर्मानंद सिंह ने बिल्डर गिरिजा महतो को जमीन अपार्टमेंट बनाने के लिए दी थी। जिसका पचास लाख रुपया बिल्डर के पास बकाया था। दो साल से हमलोग बकाया रुपया बिल्डर से मांग रहे है। लेकिन बकाया पैसे का भुगतान नहीं किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि रुपये की मांग करने पर बिल्डर द्वारा मुझपर दो बार जानलेवा हमला भी किया गया है। बराबर बिल्डर अपने गुंडों को मेरे घर भेजकर जान से मारने की धमकी दिलवाता है। उन्होंने बताया कि शनिवार को भी बिल्डर के द्वारा भेजे गये गुंडों ने मुझसे मारपीट की। इसके बाद मैंने डायल 112 पर कॉल करके पुलिस को इसकी जानकारी दी। मौके पर पहुंची डायल 112 की टीम दोनों को समझा कर चली गई। विकास का कहना है कि सोमवार को वो घर पर नही थे, घर पर मां, पापा, भाभी और बच्चे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि बिल्डर के गुंडे जबरन फ्लैट में घुस गए और मेरे परिवार के लोगों के साथ मारपीट की।

# डीएम ने इंद्रधनुष टीकाकरण कार्यक्रम का किया उद्घाटन



**मांझागढ़।** इंद्रधनुष टीकाकरण कार्यक्रम का उद्घाटन जिला पदाधिकारी डॉक्टर नवलकिशोर चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। बताते चले कि नियमित टीकाकरण अभियान के तहत टीकाकरण से बंचित बच्चो को टिका लगाकर प्रतिरक्षित करने के लिए इंद्र धनुष टीकाकरण कार्यक्रम चल रहा है जिसके तहत सोमवार को मांझागढ़ प्रखण्ड अंतर्गत पुरानी बाजार अनुसूचित जाति आंगनबाडी केंद्र पर टिकाकार कार्यक्रम का आयोजन प्रभारी चिकित्सता पदाधिकारी मांझा डॉक्टर खुर्शेद जमाल के नेतृत्व में किया गया जिसका उद्घाटन जिला पदाधिकारी डॉक्टर नवलकिशोर चौधरी के द्वारा एक दो वर्षीय बच्चे को दो बूंद पोलियो की खुराक देकर किया गया तथा इस मौके पर पहुचे ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि टीकाकरण अति आवयश्क है। समय समय से सभी टिका लगवाने से बच्चे कई लाइलाज रोग के शिकार नही हो पाएंगे। बच्चे ही हमारे देश के भविष्य है उनका देखभाल करना माता पिता का कर्तव्य है।अगर टीकाकरण कराने में लापरवाही बरतने पर बच्चे पोलियो रोग से ग्रसित हो सकते है जिसका कोई इलाज नही है। पोलियो रोग से ग्रसित बच्चे की पढ़ाई से लेकर शादी करने तक परेशानी माता पिता को झेलनी पड़ती है इस परेशानी से बचना है तो नियमित टीकाकरण कराकर बच्चे का जीवन सुरक्षित बनाये इस मौके सिविल सर्जन डॉक्टर वीरेंद्र प्रसाद डी पी एम डॉक्टर धीरज कुमार यूनी सेफ के जिला कोडिनेटर रूबी कुमारी ,प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर खुर्शेद जमाल , प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विडडू कुमार राम , यूनिसेफ के वी एम सी नवीन कुमार , स्वास्थ्य समिति प्रबंधक सिद्धार्थ कुमार सेवानिवृत स्वास्थ्य निरीक्षक सुरेंद्र बैठा मांझा पूर्वी के मुखिया दिलीप कुमार सोनी सपंच व्यास मुन्नी शाही ने गुलदस्ता देकर डी एम को समानित किये इस मौके पर ए एन एम विभा कुमारी , पुष्पा कुमारी पूजा कुमारी , बेबी कुमारी ,नीतिका कुमारी ,उच्चतर विद्यालय पुरानी बाजार के प्राचार्य दिनांनाथ आर्य , शिक्षक रमेश प्रसाद , चंचल कुमार संजीव कुमार सन्तोष कुमार , रामजनक प्रसाद पपु कुमार सिंह डी एम के स्वागत में मौजूद रहे।

### उषा मार्टिन व्लर्ड स्कूल के बच्चों ने डांस कंपटीशन में दी मनमोहक प्रस्तुति



**पटना।** उषा मार्टिन व्लर्ड स्कूल के बच्चों ने रोटरी क्लब ऑफ पटना 42 वीं इंटर स्कूल डांस कंपटीशन में मनमोहक प्रस्तुति देकर लोगों का दिल जीत लिया। डांस कंपटीशन में उषा मार्टिन व्लर्ड स्कूल के पांचवी क्लास से नवीं क्लास के बच्चों ने हिस्सा लिया. प्रस्तुति देने वाले बच्चों में नियति सौम्या ,अदिति, आसी, अनुराधा, श्रवणी,सना दीवान,प्रतिज्ञा,सौरभ, विराट, अभिषेक, स्वंय, अयान, विराज, शौर्या सतीश, अनंता, श्रेया, आदित्या, पुरूषोत्तम, श्रेया रंजन, रिभेषक राज, हिमांशु ,अंश झा, श्रेष्ठ, रिषभ, राहुल, उत्कर्ष,साहिबा ,श्रेया,खुशी,दिव्यांशी,प्रकृति,वैशनवी ,माधवी,दीपाली और आयुषी शामिल रही। बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर लोगों का दिल जीत लिया। उषा मार्टिन व्लर्ड स्कूल की डांस टीचर दीप ज्योति, आर्ट टीचर प्रियंका और खेल टीचर तनुजा किरण के मार्गदर्शन में बच्चों ने प्रस्तुति दी।

## एसटीएफ व पटना पुलिस के संयुक्त छापेमारी में कुख्यात उज्ज्वल गिरफ़्तार

**पटना।** अपराधियों के दिन लदने शुरू हो गये है। नौबतपुर के कुख्यात जटहा की गैंगवार में बीते शनिवार को हत्या हो गयी। यह आम लोगों के लिये अच्छी खबर रही तो दूसरे दिन एसटीएफ एवं पटना पुलिस ने संयुक्त रेड कर कुख्यात उज्ज्वल सिंह को साथियों संग अत्याधुनिक हथियार सहित गिरफ़्तार कर लिया है। उज्जवल की मां पंचायत की मुखिया है। एसटीएफ व पटना पुलिस को गुप्त सूचना मिली की कुख्यात उज्जवल सिंह रामपुर अपने गांव में छिपकर रह रहा है और किसी घटना को अंजाम देने के लिए जुटा है। एसटीएफ एवं पटना पुलिस ने रविवार की देर रात्रि में गांव के हर गली- रास्ते में टीम खड़ी कर दी। पुलिस ने उज्जवल के ठिकाने पर छापेमारी करती भनक लगते ही भागने लगा लेकिन तो एसटीएफ एवं पुलिस की टीम ने कोई मौक़ा नहीं दिया और दबोच लिया। दो और साथियों को भी हिरासत में लिया गया है। हालाँकि पुलिस अभी कुछ भी बताने से इंकार कर रहीं है। एसटीएफ एवं पुलिस ने ठिकाने की तलाशी लिया तो एक अत्याधुनिक हथियार भी बरामद किया है। कुख्यात उज्जवल और हिरासत में लिये दो लोगों से पूछताछ की जा रहीं है कई जानकारी के निशानदेही पर एसटीएफ व पुलिस टीम ने नौबतपुर व बिहटा के जगहों पर रेड किया है। कुख्यात उज्जवल की गिरफ़्तारी पटना पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। हाल ही में मुज़फ़्फ़रपुर में ज़मीन कारोबारी की हत्या में पुलिस ने उज्जवल के घर रेड किया था। हत्या में तो वह शामिल नहीं था लेकिन हत्या में शामिल अन्य अपराधियों के उज्जवल के घर आने की सबूत मिले थे और सीसीटीवी में कई संदिग्ध के चेहरे क़ैद थे। इसके बाद पुलिस कुख्यात उज्जवल पर निगाहें रखे हुए थी। कुख्यात उज्जवल को पटना पुलिस कई मामले में तलाश कर रहीं थी वही झारखंड के देवघर कोर्ट में हुए बिहटा के कुख्यात अमित सिंह की हत्या में उज्जवल की भूमिका जांच में आयीं है। अमित सिंह की हत्या में दो कुख्यात मानिक सिंह व उज्जवल सिंह ने पुलिस जांच में खुलासा हुआ था।

## अतिपिछड़ों का हित कुचलने के लिए जातिगत गणना नहीं करवा रही है भाजपाः राजीव रंजन

**पटना।** भाजपा पर बरसते हुए जदयू के राष्ट्रीय महासचिव व प्रवक्ता श्री राजीव रंजन ने आज कहा है कि अंतिम जातीय जनगणना को अगर ठीक से पढ़ा जाए तो उस समय देश में अतिपिछड़ों की संख्या 31: थी लेकिन बिहार और ओड़िसा में हालिया हुए जातिगत गणनाओं के आधार पर आकलन करें तो पता चलता है कि अतिपिछड़ा समाज देश भर में बहुसंख्यक है. यदि राष्ट्रीय स्तर पर जातिगत गणना हो अतिपिछड़ों की संख्या आधी आबादी से भी अधिक निकलेगी. इसलिए राष्ट्रीय स्तर जातिगत गणना करवाना मौजूदा वक्त की सबसे बड़ी जरूरत है. उन्होंने कहा कि आज भाजपा के अलावे हर राजनीतिक दल और अतिपिछड़ा समाज का एक-एक आदमी देशव्यापी जातिगत गणना करवाने का पक्षधर है. लेकिन भाजपा के नेताओं को अतिपिछड़ा समाज की इस वाजिब मांग को सुनते ही सांप सूंघ जाता है. उन्हें पता है कि जातिगत गणना के बाद उन्हें अपनी अतिपिछड़ा विरोधी मानसिकता त्यागने और इस समाज का विकास करने पर बाध्य होना पड़ेगा. उन्हें पता है कि जिन अतिपिछड़ों को वह अपना बंधुआ मजदूर समझते आये हैं, वह जातिगत गणना के बाद अपने हक की मांग बुलंद करने लगेगा. इसीलिए इतने दिनों से इस विषय में लगातार की जा रही मांग के बावजूद भाजपा के किसी बड़े नेता अपना मुंह तक नहीं खोला है. इनकी चुप्पी यह साफ दिखलाती है केवल अतिपिछड़े समाज को दबाये रखने के लिए यह लोग जातिगत गणना नहीं करवाना चाहते. उन्होंने कहा कि वास्तव में अतिपिछड़ा विरोध भाजपा की रग-रग में बसा है. इनके ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष खुद स्वीकार कर चुके हैं कि उन्हें अतिपिछड़ा होने के कारण भाजपा में कैसी प्रताड़ना झेलनी पड़ती थी. अतिपिछड़ा समाज के लिए काम करने की अनुमति देना तो दूर, उन्हें कर्पूरी ठाकुर जैसे महामानव की जयंती मनाने से भी रोका जाता था. हकीकत में भाजपा की निगाह में अतिपिछड़ा समाज के लोगों का महत्व गुलामों से अधिक नहीं है. पार्टी में उनका वजूद केवल झंडा ढ़ोने और नेताओं की पालकी उठाने तक ही सीमित है. जदयू महासचिव ने कहा कि भाजपा को बताना चाहिए कि बिना अतिपिछड़ों का विकास किये वह देश के विकास का अपना वादा कैसे पूरा करने वाले हैं? भाजपा बताये कि जिस देश की आधी आबादी पर अतिपिछड़ा होने का ठप्पा लगा हो, उसे आगे बढ़ाये बिना वह देश को विश्वगुरु कैसे बनायेंगे? वह बताये कि यदि आजादी के अमृत काल में अतिपिछड़ों को उनका हक नहीं मिलेगा तो फिर कब मिलेगा? भाजपा यह जान ले कि उनके अतिपिछड़ा विरोधी रवैए से समाज में आक्रोश पनप रहा है, जिसका खामियाजा उन्हें आगामी चुनाव में भोगना ही पड़ेगा।

## सोशल मीडिया पर लाइव नहीं होगा जनता दरबार



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को जनता दरबार में हैं। इस बार जनता का दरबार कार्यक्रम सार्वजनिक नहीं किया जाएगा। यूट्यूब, फेसबुक, ट्विटर जैसे सोशल प्लेटफॉर्म पर यह नहीं दिख पाएगा। सूत्रों के मुताबिक कुछ तकनीकी खामियों की वजह से यह परेशानी सामने आई है। दरअसल,मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जनता दरबार सोशल मीडिया पर ऑनलाइन स्ट्रीमिंग होता रहा है। कोविड संक्रमण काल से यह ऑनलाइन व्यवस्था की गई है। आज पहला ऐसा मौका है जब सोशल साइट्स पर जनता का दरबार नहीं दिख पाएगा। पिछले जनता दरबार में ही कुछ तकनीकी खामियां आई थी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का ऑडियो नहीं सुनाई दे रहा था।

**जनता दरबार में पहुंचे 76 फरियादीः** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनता दरबार में 76 फरियादियों से राज्य की समस्याओं को सुना। संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए निर्देश दिए। जमुई जिले से आए फरियादी मुकेश कुमार ने कहा कि बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के तहत मिलने वाली राशि की दूसरी किश्त नहीं मिली। उन्होंने बतायाकि मैं बीसीए का छात्र हूं। इस मामले में मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। वहीं, सारण जिले से आए दिव्यांग नवीन प्रसाद ने कहा कि दिव्यांगजनों को मिलनेवाली बैट्री चालित ट्राई साइकिल मुझे उपलब्ध करायी जाए, ताकि मुझे सहूलियत हो सके। मुख्यमंत्री ने समाज कल्याण विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जबकि, मुजफ्फरपुर से आए एक पिता ने फरियाद करते हुये कहा कि मेरी बेटी किरण कुमारी को मुख्यमंत्री बालिका स्नातक प्रोत्साहन योजना का लाभ अभी तक नहीं मिला है। आवेदन किए हुए तीन वर्ष बीत गए हैं। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बेगूसराय जिले से आए नागेश्वर रजक ने शिकायत करते हुये कहा कि मर्डर केस में अभियुक्तों के साथ सांठ-गांठ कर पुलिस पदाधिकारी द्वारा केस उठाने के संबंध में मुझ पर दबाव बनाया जा रहा है। कृपा कर मुझे पुलिस से न्यायपूर्ण सहयोग दिलाई जाए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हर सोमवार को जनता के दरबार में शामिल होते हैं। बिहार की जनता की फरियाद को सुनते हैं। जनता के दरबार में अपनी फरियाद सुनने को लेकर ऑनलाइन व्यवस्था की गई है। फरियादी सबसे पहले जनता के दरबार वेबसाइट पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करवाते हैं। सरकार की ओर से फरियादी को लाने ले जाने की व्यवस्था की गई है। सीएम नीतीश कुमार महीने के सोमवार को स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग, कल्याण विभाग, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, कला संस्कृति एवं युवा विभाग, वित्त विभाग श्रम संसाधन विभाग और सामान्य प्रशासन विभाग से जुड़ी शिकायत सुनते हैं।

## पितृपक्ष मेला में मुन्ना पंडित ने किया धमाकेदार शुरुआत



**पटना।** पितृपक्ष के अवसर पर गया में पर्यटन विभाग ने पितृपक्ष मेला 2023 का आयोजन किया है। उक्त मेला 25 सितम्बर से शुरू है और 14 अक्टूबर तक चलेगा। मेला में प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए पर्यटन विभाग ने कलाकार चयन समिति द्वारा लिये गये निर्णय के आलोक में कलाकारों को आमंत्रित किया है। उक्त जानकारी वरीय उप समाहर्ता -सह- प्रभारी पदाधिकारी, पर्यटन, गया के सूत्रों ने दी। विष्णुपद मंदिर प्रांगण में भजन/निर्गुण, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुति करने के लिए म्यूजिशियन के साथ शुक्रवार को भाग लेगे के लिए मुन्ना पंडित और उनके सहयोगियों को आमंत्रित किया था। मुन्ना पंडित उर्फ देवराज मुन्ना ने "अमृत के धार केहू कतनों पिलाई" से धमाकेदार शुरुआत किया। उसके बाद जनता की मांग पर लगातार भजन की लड़ी लगा दिया और एक से एक भजन "एगो माई बिना कैसे करेजवा जुड़ाई ये माई" "तेरे दर पर ओ मेरी मईया तेरे दिवाने आए हैं" "भवरवा के तोहर संग जायी" गाकर लोगों को खूब झुमाया। मुन्ना पंडित उर्फ देवराज मुन्ना को गायन में गायक राहुल सहनी और वीणा श्री ने साथ दिया और वादन की बागडोर प्रियांशु कुमार, सुधांशु कुमार, बिट्टू कुमार और उपेन्द्र कुमार संभाले हुए था।

## IFWJ बिहार के पत्रकारों ने पटना में निकाला आक्रोश मार्च



**पटना।** संपूर्ण क्रांति के प्रणेता लोक नायक स्व० जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्टस (IFWJ) की बिहार इकाई की ओर से पटना के गाँधी मैदान स्थित जेपी गोलंबर से डाक बंगला चौराहा के बीच अपनी मांगों के समर्थन में पैदल मार्च निकाला। पैदल मार्च निकालने से पहले जेपी की मूर्ति के पास प्रदर्शन किया गया और अपनी मांगों को लेकर नारेबाजी की। बिहार में पत्रकारों की हत्या, उसके साथ मारपीट और गाली गलौज की बढ़ती घटनाओं के विरोध में और सूबे में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की के लिए प्रदर्शन और पैदल मार्च निकाला। IFWJ की पैदल मार्च में बिहार के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहन कुमार, प्रदेश अध्यक्ष डा. ध्रुव कुमार, उपाध्यक्ष मुकेश महान, प्रदेश महासचिव सुधीर मधुकर, कोषाध्यक्ष महेश प्रसाद, वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद दत्त, जितेन्द्र कुमार सिन्हा, अभिजीत पांडे, प्रभाष चंद्र शर्मा, बाढ़ से सत्यनारायण चतुर्वेदी, पूर्णियां से मोहित कुमार, सहरसा से निरंजन कुमार,आरा से राम प्रवेश राय, दनियावां से जयप्रकाश सिंह, शशांक शेखर, संतोष कुमार, दानापुर से चंद्रशेखर भगत, संजय पाठक, नीरज कुमार, मनोज कुमार, अवनीश कुमार, विक्कु कुमार, राकेश कुमार सिंह, अजय कुमार, प्रमेंद्र शर्मा, प्रभाष चंद्र शर्मा, राम प्रकाश राय, अजित कुमार सिंह समेत बिहार के दर्जनों पत्रकार शामिल थे। मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ध्रुव कुमार, महासचिव सुधीर मधुकर ने कहा कि आज लोक नायक जय प्रकाश नारायण की पुण्यतिथि पर बिहार में पत्रकारों के साथ मार-पीट, अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज, झूठे मुकदमों में फंसाने के विरूद्ध, अपना विरोध प्रदर्शन करने साथ और बिहार में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग को लेकर आक्रोश मार्च निकाला गया है। अन्य पत्रकारों ने भी कहा कि पूरे बिहार में हो रहे प्रशासनिक एवं आपराधिक हमले से पत्रकार आहत हैं।

## I.N.D.I.A गठबंधन मजबूत है, देखने वाले देखते रहेंगे

**पटना।** 2024 लोकसभा चुनाव से पहले बिहार में राजनीति पार्टियों का हलचल बढ़ गई है। सोमवार को पटना पहुंचे मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के राष्ट्रीय महासचिव सीताराम येचुरी ने केंद्र सरकार में जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि I.N.D.I..A गठबंधन मजबूत है। देखने वाले देखते रहेंगे। हमें देश के लोगों की चिंता है। देश के लोगों का समर्थन I.N.D.I.A गठबंधन को मिल रहा है। ED की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए सीताराम येचुरी ने कहा कि उसका दुरुपयोग किया जा रहा है। अगर कोई आरोप सही है तो कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन कनविक्शन रेट 0.1 प्रतिशत से भी कम है। उन्होंने कहा कि ED ने 5 हजार से ज्यादा केस दर्ज किया है और 23 लोग पर कार्रवाई हो रही है। इसका मतलब क्या है? उन्होंने कहा कि इस समय भारत में लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता की रक्षा करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इसके लिए मोदी को हटाना अनिवार्य है।

**बीजेपी ने अब तक गणना क्यों नहीं करवाईः** बिहार में हुए जातीय सर्वे पर बीजेपी की ओर से उठाए जा रहे सवाल पर येचुरी ने कहा कि पिछले 9 सालों में उन लोगों ने क्यों नहीं जातीय गणना करवाई। जातीय गणना बीजेपी को पच नहीं रही है। अगर ओबीसी की उन्हें फिक्र है तो अब तक क्यों नहीं जातीय गणना करवाई। बिहार सरकार ने जिम्मेदारी के साथ जातीय गणना की रिपोर्ट सार्वजनिक किया है। अभी I.N.D.I..A गठबंधन में लोकसभा चुनाव को लेकर सीटों का बंटवारा नहीं हुआ है। इस मुद्दे पर आप राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और सीएम नीतीश कुमार से मुलाकात करेंगे? इस सवाल पर येचुरी ने कहा कि हमारी मुलाकात होती रहती है। उन्होंने कहा कि इस समय देश के लोकतंत्र को बचाने की जिम्मेदारी है। हम देश भर में लड़ाई जारी रखेंगे। लोगों के मौलिक अधिकारों पर हमले किए जा रहे हैं। लोकसभा चुनाव में जनता फैसला करेगी।

## डा.नम्रता आनंद को मिला पर्यावरण योद्धा सम्मान



**पटना।** राष्ट्रीय-राजकीय सम्मान से अंलकृत समाजसेविका डा. नम्रता आनंद को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ठ योगदान के लिये राष्ट्रीय पर्यावरण योद्धा सम्मान से सम्मानित किया गया। पीपल नीम तुलसी अभियान के तत्वावधान में युथ होस्टल फ्रेजर रोड पटना में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार एवं पर्यावरण योद्धा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ जी महराज गोवर्द्धन पीठ के कर कमलों द्वारा किया गया।इस कार्यक्रम में देश के अन्य राज्यों झारखण्ड , राजस्थान , उत्तर प्रदेश , दिल्ली , मध्यप्रदेश , गुजरात, महाराष्ट्र के 150 पर्यावरण योद्धाओं को सम्मानित किया गया ।डा. नम्रता आनंद को पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ठ योगदान के लिये पर्यावरण योद्धा सम्मान से सम्मानित किया गया। डा. नम्रता आनंद इस सम्मान के लिये पीपल नीम तुलसी अभियान के संस्थापक एवं सह अध्यक्ष डा.धर्मेन्द्र कुमार का शुक्रिया अदा किया है।इस कार्यक्रम में बिहार राज्य के बक्सर , मुजफ्फरपुर , मधुबनी , सुपौल , दंरभगा , वैशाली ,मुंगेर , बांका , भागलपुर , समस्तीपुर ,नवादा आरा , पटना के पर्यावरण योद्धा शामिल हुये। डा. नम्रता आनंद ने बताया कि धरती को बचाने के लिए पर्यावरण संरक्षण करना बहुत जरूरी हैं। इसलिए लोगों को अपने जीवन में अधिकाधिक पौधे लगाकर पृथ्वी को और अधिक सुंदर बनाना चाहिए। पेड़ पौधे जीवन के आधार हैं। हर व्यक्ति को अपने जीवन के महत्वपूर्ण दिवसों को यादगार बनाने के लिए पौधारोपण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण देने के लिए पौधारोपण हर हाल में करना होगा। समय रहते यदि पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान नहीं दिया, तो मानव का अस्तित्व ही संकट में पड़ जाएगा। डा. नम्रता आनंद ने अपनी संस्था। दीदीजी फाउंडेशन के बैनर तले और ग्लोबल कायस्थ कॉन्फ्रेंस के गो ग्रीन अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय भूमिका निभायी है।

## पं.दीनदयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज-कानपुर के रास्ते पटना एवं गया से आनंद विहार के लिए चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन



**हाजीपुर।** आगामी पर्व त्यौहार के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनको सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के लिए रेलवे द्वारा पं.दीनदयाल उपाध्याय जं.-प्रयागराज-कानपुर के रास्ते पटना एवं गया से आनंद विहार के लिए पूजा स्पेशल ट्रेन का परिचालन करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-

गाड़ी सं. 03255 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट पूजा स्पेशल दिनांक 23.11.2023 से 10.12.2023 तक प्रत्येक गुरूवार एवं रविवार को पटना से 22.20 बजे खुलकर अगले दिन 15.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 03256 आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट पूजा स्पेशल दिनांक 24.11.2023 से 11.12.2023 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं सोमवार को आनंद विहार से 23.30 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 17.20 बजे पटना पहुंचेगी। अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज जं, कानपुर सेंट्रल स्टेशनों पर रूकेगी।

2. गाड़ी सं. 02391/02392 पटना-आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट पूजा स्पेशल (सप्ताहिक): गाड़ी सं. 02391 पटना-आनंद विहार सुपरफास्ट पूजा स्पेशल दिनांक 25.11.2023 से 09.12.2023 तक प्रत्येक शनिवार को पटना से 22.20 बजे प्रस्थान करेगी तथा विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 15.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 02392 आनंद विहार-पटना सुपरफास्ट पूजा स्पेशल दिनांक 26.11.2023 से 10.12.2023 तक प्रत्येक रविवार को आनंद विहार से 23.30 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 17.20 बजे पटना पहुंचेगी। अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन दानापुर, आरा, बक्सर, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज जं, कानपुर सेंट्रल स्टेशनों पर रूकेगी।

3. गाड़ी सं. 03635/03636 गया-आनंद विहार-गया सुपरफास्ट पूजा स्पेशल (सप्ताह में तीन दिन): गाड़ी सं. 03635 गया-आनंद विहार सुपरफास्ट पूजा स्पेशल दिनांक 20.11.2023 से 08.12.2023 तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को गया से 14.15 बजे प्रस्थान करेगी तथा विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 05.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी संख्या 03636 आनंद विहार-गया सुपरफास्ट पूजा स्पेशल दिनांक 21.11.2023 से 09.12.2023 तक प्रत्येक मंगलवार, गुरूवार एवं शनिवार को आनंद विहार से 07.00 बजे प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशनों पर रूकते हुए उसी दिन 20.45 बजे गया पहुंचेगी। अप एवं डाउन दिशा में यह ट्रेन अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, प्रयागराज जं, कानपुर सेंट्रल स्टेशनों पर रूकेगी।

# पुलिस विभाग में फिर दौड़ी तबादला एक्सप्रेस, इस जोन में किया गया 250 दारोगाओं का ट्रांसफर




**वाराणसी, एजेंसी।** वाराणसी के काशी, वरुणा और गोमती जोन के पुलिस उपायुक्त ने लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जोन स्तर पर विधानसभा बदलते हुए करीब ढाई सौ दारोगाओं का तबादला कर दिया है। काशी जोन में 98 दारोगाओं का तबादला हुआ है। गोमती जोन के डीसीपी प्रबल प्रताप सिंह ने भी तबादला किए जाने की पुष्टि की है।

वहीं शहर से लेकर गांव तक में सिलसिलेवार अपराध होने के बाद भी थानेदारों के कानू पर जूं तक नहीं रेंग रही। कई थोनदारों की पोल खुल गई, जब रात में चेकिंग पर निकलने की सच्चाई ज्वाइंट पुलिस आयुक्त ने खुद से जांची।

उन्होंने रात में सेट पर कई आवाज लगाई, लेकिन सात थानेदारों की ओर से कोई जवाब नहीं आया। पता चला कि थानेदार रात में आवास से निकले ही नहीं। नाराजगी रविवार को संयुक्त पुलिस आयुक्त की मीटिंग में दिखी, जब उन्होंने सात थानेदारों से स्पष्टीकरण मांगा। दो सहायक पुलिस आयुक्त को भी अलग-अलग मामलों में डांट मिली।

संयुक्त पुलिस आयुक्त डॉ. के एजिलरसन ने रविवार को अवकाश के दिन अपने कार्यालय में मीटिंग बुलाई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक जेसीपी के तेवर बैठक के दौरान बेहत तल्ख थे। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि और अपराध बर्दाश्त नहीं होगा। अपराध पर अंकुश कैसे लगे, इस पर चर्चा के दौरान रात में दस से एक बजे तक चेकिंग की सच्चाई ने माहौल को गर्म कर दिया।


असल में भेलूपर, लक्सा, मंडुआडीह, जैतपुरा, शिवपुर, पर्यटक थाना के प्रभारी रात में अपने आवास से निकले ही नहीं। इनके चेकिंग पर निकलने की सच्चाई खुद जेसीपी ने ही जांची थी। हालांकि, इसके लिए थानेदार अलग-अलग कारण बताते हुए खुद को पाक-साफ बताना चाह रहे थे। जेसीपी इससे और नाराज हो गए। कहा कि ठीक से काम नहीं करेंगे तो कुर्सी सलामत नहीं बचेगी।

मीटिंग के दौरान अलग-अलग वजहों से सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली अमित पांडेय और सहायक पुलिस आयुक्त पिंडरा प्रतीक कुमार को भी डांट मिली। एक डीसीपी मीटिंग में बुलाए जाने के बाद भी नहीं पहुंचे, जिसको लेकर महकमे में खूब चर्चाएं होती रहीं। संयुक्त पुलिस आयुक्त ने कहा कि अपराध पर अंकुश को बुलाई गई बैठक में सख्ती बरतने की बात कही। तीन घंटे की मीटिंग में डीसीपी, एडीसीपी, थानेदार मौजूद रहे।

## स्वदेशी गायों की खरीद पर 40 हजार का अनुदान देगी योगी सरकार, खर्च होंगे 31 करोड़

**लखनऊ, एजेंसी।** दुग्ध उत्पादन बढ़ाने एवं स्वदेशी गायों की नस्ल सुधार में जुटी योगी आदित्यनाथ सरकार नंद बाबा दुग्ध मिशन के तहत चालू वित्तीय वर्ष के शेष बचे पांच माह में 31 करोड़ रुपये खर्च करेगी। मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना और मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के मद में दस-दस करोड़ रुपये और नंदिनी कृषक समृद्धि योजना के तहत 11 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। दुग्ध आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना का लाभ लेने के लिए अभ्यर्थी 17 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए लाभार्थी को अपने शहर के विकास भवन में संपर्क करना होगा। विभाग की ओर से चयनित लाभार्थियों की सूची 25 अक्टूबर को जारी कर दी जाएगी। पहले चरण में योजना का लाभ प्रदेश के 18 मंडल मुख्यालय के लाभार्थी ही उठा सकेंगे। मुख्यालय के सभी जिलों में कुल 2500 गाय खरीदने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के तहत चयनित अभ्यर्थियों की सूची 25 अक्टूबर को जारी की जाएगी। इस तिथि में विस्तार भी किया जा सकता है। इस योजना के तहत प्रोत्साहन राशि को दो श्रेणियों में बांटा गया है, पहली श्रेणी में दस हजार और दूसरी श्रेणी में पंद्रह हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रगतिशील पशुपालक को दी जाएगी। इसी तरह नंदिनी कृषक समृद्धि योजना को पहले चरण में प्रदेश के दस शहरों (अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, प्रयागराज, लखनऊ, कानपुर, झांसी, मेरठ, आगरा और बरेली) में लागू किया गया है। पहले चरण में कुल 35 लाभार्थियों का चयन किया जाएगा। बता दें मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के तहत दूसरे राज्यों से उन्नत नस्ल की स्वदेशी गायों (गिर, साहीवाल, थारपारकर एवं हरियाणा प्रजाति) की खरीद पर अधिकतम 40,000 रुपये तक का अनुदान दिया जा रहा है।

## 37 सेकेंड की अश्लील वीडियो दिखाकर युवती ने वसूले एक लाख रुपये, दिल्ली क्राइम ब्रांच का अफसर बन ठगा



**आगरा, एजेंसी।** युवक को 37 सेकेंड का अश्लील वीडियो दिखा युवती ने ब्लैकमेल की कहानी रच दी। वीडियो काल को एडिट करने के बाद युवक को धमकी दी गई। दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बन साइबर शातिरों ने फोन किया। मुकदमा दर्ज होने और गिरफ्तारी का भय दिखाया।

उसे ब्लैकमेल कर खाते में करीब एक लाख जमा करा लिए। दोबारा और रकम की मांग करने पर युवक ने पुलिस की मदद ली। सदर थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है।

मामला सदर क्षेत्र के रहने वाले युवक का है। युवक ने पुलिस को बताया कि 26 जून 2023 को उसके पास अपरिचित नंबर से वाट्सएप काल आयी। काल रिसीव करने पर उसमें एक निर्वस्त्र युवती दिखाई दी। 37 सेकेंड बाद वीडियो काल कट गई। काल में मेरा भी फोटो आ गया था। अगले दिन 27 जून को मेरे पास अपरिचित नंबर से काल आयी। फोन करने वाले ने बताया कि वह दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बोल रहा हूं। आपका अश्लील वीडियो की क्लिप मिली है। इसे सोशल मीडिया और यूट्यूब पर वायरल कर दिया जाएगा। इसे यूट्यूब से हटाना चाहते हो तो वहां बात कर लो। इसके बाद खुद को दिल्ली क्राइम ब्रांच का अधिकारी बताने वाले ने एक मोबाइल नंबर दिया। उक्त नंबर पर बात करने वाले ने वीडियो को डिलीट करने के नाम पर करीब एक लाख रुपये फोनपे के माध्यम से अपने खाते में जमा करा लिए। प्रभारी निरीक्षक सदर नीरज कुमार शर्मा ने बताया विवेचना की जा रही है।



## लखनऊ व गाजियाबाद क्षेत्र की बसों में पैनिक बटन लगना हुआ शुरू, 100 बस स्टेशनों पर लगेगा एलईडी डिस्प्ले पैनल

**लखनऊ, एजेंसी।** रोडवेज बसों में पैनिक बटन लगाने का कार्य शुरू हो गया है। मेसर्स एनईसी कारपोरेशन संस्था के साथ परिवहन निगम का अनुबंध हो चुका है। चार माह में यह कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने निर्भया योजना के तहत बस स्टेशनों पर एलईडी डिस्प्ले पैनल लगाने के संबंध में आवश्यक कार्रवाई के आदेश परिवहन निगम अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि परियोजना के तहत 100 बस स्टेशनों पर एलईडी डिस्पले पैनल्स एवं यात्री उद्घोषणा तंत्र की स्थापना होनी है। इसमें से 85 बस स्टेशनों की सूची तैयार कर ली गई है।

अवशेष बस स्टेशनों की सूची शीघ्र ही उपलब्ध कराई जाएगी। परियोजना में लखनऊ व गाजियाबाद क्षेत्र की बसों में वीएलटी उपकरण और पैनिक बटन की स्थापना का कार्य शुरू हो चुका है तथा शीघ्र ही अन्य क्षेत्रों में शुरू कराया जाएगा।

परिवहन मंत्री ने बताया कि हर चिह्नित बस स्टेशन पर एलईडी डिस्प्ले पैनल व उपयुक्त स्थान के चयन के लिए क्षेत्रीय स्तर पर तीन सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। जिसमें संबंधित क्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक अध्यक्ष, बस स्टेशन से संबंधित डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, संयोजक सदस्य व सेवा प्रदाता संस्था मेसर्स एनईसी के प्रतिनिधि सदस्य के रूप में होंगे।

## मनरेगा मजदूरों के लिए बड़ा प्रोजेक्ट लेकर आई यूपी सरकार, श्रमिकों की आय बढ़ाने के लिए करेगी यह काम



लखनऊ, एजेंसी। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मनरेगा श्रमिकों को कौशल विकास का प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाने के लिए शुरू की गई उन्नति परियोजना पर गंभीरता से काम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मनरेगा श्रमिकों को उनकी इच्छानुसार विभिन्न क्षेत्रों में कौशल विकास के लिए राज्य सरकार ने प्रशिक्षण देने की योजना तैयार की है।

इस संदर्भ में लागू उन्नति परियोजना के तहत 18-45 वर्ष तक के 100 दिनों का रोजगार पूर्ण करने वाले मनरेगा जाब कार्ड धारकों को ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस बारे में ग्राम्य विकास आयुक्त जी एस प्रियदर्शी ने बताया कि समस्त मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वित्तीय वर्ष 2018-19 से 2023-24 तक के 100 दिनों का रोजगार प्राप्त 18-45 वर्ष तक के पात्र व इच्छुक अभ्यार्थियों के चयन के लिए खंड विकास अधिकारियों को निर्देश जारी किए जा चुके हैं। चयनित अभ्यार्थियों का पंजीकरण करवाकर उन्हें प्लंबर व बिजली मिस्त्री सहित कई क्षेत्रों में स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा।

गौरतलब है कि इससे पहले उत्तर प्रदेश सरकार ने मनरेगा कार्यों के कुशल व अर्ध कुशल श्रमिकों के लंबित भुगतान अदा करने का फैसला लिया था। इसके लिए सरकार ने 200 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की, जिसमें 50 करोड़ रुपये 25 सितंबर व 150 करोड़ रुपये 27 सितंबर को दिए गए थे।

## ध्वस्त हुआ बीएसएनएल का नेटवर्क, बात करने को परेशान रहे उपभोक्ता

**लखनऊ, एजेंसी।** भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) की प्रीपेड और पोस्टपेड सेवाएं रविवार को घंटों बाधित रहीं। शनिवार रात को भी कुछ देर तक नेटवर्क काम नहीं कर रहा था। हालांकि दूसरी कंपनियों के नेटवर्क से इनकमिंग में दिक्कत नहीं थी, जबकि बार-बार प्रयास करने पर भी आउटगोइंग नहीं हो पा रही थी।

गोमतीनगर के उपभोक्ता रामाशीष जैसे कई उपभोक्ताओं ने बताया कि रविवार सुबह नौ से 11 के बीच बीएसएनएल से काल नहीं लग पा रही थी और न ही इंटरनेट चल रहा था। अफसरों के मुताबिक यह दिक्कत चंडीगढ़ मुख्य सर्विस केंद्र तकनीकी समस्या के कारण आ रही थी।

विभागीय अधिकारियों ने चंडीगढ़ मुख्य सर्विस केंद्र के अधिकारियों से संपर्क किया। थोड़ी देर बाद समस्या ठीक हुई, लेकिन नेटवर्क एक घंटे बाद फिर बैठ गया। दोपहर बाद तक नेटवर्क खराब रहा। अधिकतर सरकारी अधिकारियों के पास बीएसएनएल के ही सीयूजी नंबर हैं। ऐसे में उन्हें भी बात करने में दिक्कतें हुईं। महाप्रबंधक बीएसएनएल मोबाइल सेवा एके गर्ग ने बताया कि सुबह तकनीकी दिक्कत थी। इसे सही कराया गया, लेकिन फिर समस्या हो गई। उन्होंने दावा किया कि शाम तक नेटवर्क दुरुस्त करा दिया गया था। हालांकि खबर लिखे जाने तक लखनऊ में अधिकतर क्षेत्र में दिक्कत बनी रही।

## हिस्ट्रीशीटरों की हाजिरी लेना भूले थानेदार, पुलिस की लापरवाही से बेअसर हुआ अभियान

**गोरखपुर, एजेंसी।** हिस्ट्रीशीटरों (आदतन अपराधी) के मनमानी शुरू करने की वजह उनकी कमजोर निगरानी है। अधिकांश थानों में तो थानेदारों ने अब हाजिरी लेना ही बंद कर दिया है। जहां कुछ हिस्ट्रीशीटर पहुंचे जो रसूखदार नहीं थे, वह भी कोरम पूरा करके लौट गए। थाने में किसी ने पूछा न उन्होंने कुछ बताया। वर्ष 2021 में पुलिस अधिकारियों ने व्यवस्था बनाई थी कि थानेदार हर रविवार को अपने क्षेत्र में रहने वाले हिस्ट्रीशीटरों को बुलाकर उनकी हाजिरी लेंगे। बातचीत कर उन्हें चेतावनी देंगे कि अपराध से दूर रहें। अभियान शुरू होने के बाद अधिकांश हिस्ट्रीशीटरों ने चुप्पी साध ली, इसमें कई ने जिला छोड़ दिया, लेकिन पुलिसकर्मियों की लापरवाही से अभियान बेअसर हो चला है। जिसका असर रविवार को दिखा। कैंपियरगंज में 20, पीपीगंज-सिकरीगंज में 25-25,खजनी में 22 हिस्ट्रीशीटर पहुंचे यह संख्या आधे से बहुत कम है।

पीपीगंज में 35, गीडा, गगहा व गोला में 12-12, शाहपुर, हरपुर-बुदहट व गुलरिहा में 10-10,पिपराइच में 8, सहजनवा में 6, बेलीपार, चौरीचौरा, झंगहा, बेलघाट, उरुवां, बड़हलगंज के साथ ही शहर के अधिकांश थानों पर हिस्ट्रीशीटर हाजिरी देने नहीं पहुंचा।

गोरखपुर जिले के 29 थाना क्षेत्रों में 1600 से अधिक हिस्ट्रीशीटर हैं। जिनमें कई ऐसे हैं जो अपराध में सक्रिय हैं। पिछले सप्ताह गोरखनाथ थाने में हिस्ट्रीशीटर ने दुकानदार व गुलरिहा में पट्टीदार को पीट दिया था। पीड़ित के शिकायत करने पर पुलिस ने दोनों पर कार्रवाई नहीं की थी।

## जिस घर में हुआ नरसंहार, उसी रास्ते पर छिपा है छह हत्याओं का राज; अब ऐसे होगा खुलासा

**रुद्रपुर (देवरिया), एजेंसी।** रुद्रपुर क्षेत्र के फतेहपुर लेहड़ा में हुई सामूहिक हत्या का राज सीसी कैमरे के डीवीआर में छुपा है। पुलिस ने सत्यप्रकाश दुबे के घर जाने वाली सड़क पर लगे सीसी कैमरे के डीवीआर को अब कब्जे में ले लिया है। साथ ही जांच के लिए भेज दिया है। फुटेज मिलने के बाद पुलिस अज्ञात को ज्ञात कर गिरफ्तारी करेगी।

दबंग प्रेमचंद यादव के घर से अभयपुर के एक विद्यालय के समीप कमलेश यादव की मकान के समीप मुख्य मार्ग पर सीसीटीवी कैमरा लगा है। पुलिस ने खुद फुटेज खंगालने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस ने डीवीआर को कब्जे में लेकर उसे जांच के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष महेंद्र चतुर्वेदी ने बताया कि सीसी कैमरे का डीवीआर कब्जे में लेकर जांच के लिए भेजा गया है। फुटेज मिलने के बाद तेजी से कार्रवाई की जाएगी। दो अक्टूबर की सुबह पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रेमचंद यादव अपनी बाइक से सत्य प्रकाश दुबे के घर पहुंचे।



घर के दरवाजे पर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। इस दौरान प्रेमचंद यादव की हत्या कर दी गई। इसकी जानकारी प्रेमचंद दुबे परिवार को मिली तो वह आग बबूला हो उठे और वह भीड़ के साथ सत्य प्रकाश दुबे के घर पहुंचे। इस दौरान हवाई फायरिंग की और घर में घुस गए। घर में छिपे सत्य प्रकाश दुबे व उनके परिवार के एक-एक लोग को ढूंढकर ताबड़तोड़ धारदार हथियार से व गोली मारकर हत्या कर दी गई।

## मेरठ ननि के पिंजरे में पिटबुल; नौ साल के इब्राहिम पर कुत्ते ने किया था हमला, कैद में आने से मिली राहत

**मोदीपुरम, एजेंसी।** कंकरखेड़ा की नगलाताशी के पास सैनिक विहार बी ब्लॉक में छह अक्टूबर को नौ साल का बच्चा इब्राहिम पर हमला कर गंभीर रूप से घायल करने वाला पालतू पिटबुल कुत्ते को नगर निगम की टीम में सोमवार सुबह उसके घर से पकड़ लिया।



इसके अलावा टीम ने मोहल्ले के एक दर्जन आवारा कुत्तों को भी पकड़ कर गाड़ी में डाला। वहीं घायल बच्चे की सेहत में सुधार हो रहा है। पिटबुल की पकड़े जाने के बाद घायल बच्चों के स्वजन ने भी राहत की सांस ली है।

कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में सरधना रोड स्थित नगलाताशी के पास सैनिक विहार बी ब्लॉक निवासी इमरान का 9 वर्षीय बेटा इब्राहिम अपने बड़े भाई सुभान के साथ 6 अक्टूबर को घर से सैलून की दुकान पर बाल कटवाने जा रहा था। घर की पिछली गली में विजय कुमार का पालतू पिटबुल कुत्ता गली में था। तभी पिटबुल ने इब्राहिम पर हमला कर दिया। उसकी जांघ को जबड़े में दबा दिया।

शोर शराबे पर पड़ोसी और कुत्ता स्वामी मौके पर दौड़कर आए। किसी तरह पिटबुल को भगाकर बच्चों को बचाया। घायल बच्चे का जिला अस्पताल में इलाज कराया गया। रेबीज के इंजेक्शन लगाए गए। साथ ही पीड़ित स्वजन बच्चों को दिल्ली भी ले गए और उसका उपचार कराया। इस मामले में इमरान की तहरीर पर पिटबुल स्वामी विजय कुमार के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज हुआ था।

गहरी नींद सोये नगर निगम के अधिकारी नींद से जागे और सोमवार सुबह मौके पर श्याम हेल्पिंग इनसाइड संस्था के सचिव गौरव सिंह और कुलदीप ठाकुर के नेतृत्व में एक टीम सैनिक विहार भेजी गई।

नगर निगम के पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉक्टर हरपाल के निर्देश पर यह टीम पहुंची। टीम सबसे पहले विजय कुमार के घर पहुंची, जहां से पिटबुल को जप्त किया। पिटबुल को पकड़ने के दौरान उसके मुंह को जालीदार कैप से बांध दिया था। जिससे पिटबुल किसी अन्य पर हमला न कर सके।

सैनिक विहार बी ब्लॉक में आवारा कुत्तों का आतंक है। इमरान ने बताया कि मोहल्ले में आवारा कुत्ते और पालतू पिटबुल का आतंक है। एक साल पहले भी पिटबुल ने इब्राहिम पर हमला किया था। तब हाथ जोड़कर विजय ने माफी मांगी थी, उसके बाद मामला निबट गया था।

मोहल्ले में एक दर्जन घरों में भी कुत्ते पाल रखे हैं। अधिकांश के पास नगर निगम से कुत्ता पालने का लाइसेंस नहीं है। सुबह-शाम यह लोग कुत्ते को घुमाने के लिए गली मोहल्ले में लेकर जाते हैं।

कभी-कभी कुत्ते को बिना जालीदार कैप मुंह पर लगाए भी छोड़ देते हैं, जिस कारण लोगों को भय रहता है। रात के समय गलियों से निकलना मुश्किल हो जाता है। मगर टीम द्वारा कुत्तों के पकड़े जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली है।

## दीपावली तक कानपुर को मिलेगा दूसरी वंदेभारत का तोहफा

**कानपुर, एजेंसी।** दीपावली तक शहर को दूसरी वंदेभारत एक्सप्रेस का तोहफा मिलने वाला है। ट्रेन प्रयागराज से सेंट्रल स्टेशन होते हुए आगरा जाएगी। इससे पहले वाराणसी व नई दिल्ली के बीच कानपुर होकर वंदे भारत एक्सप्रेस चल रही है।




फिलहाल संचालन की तिथि घोषित नहीं की गई है लेकिन ट्रेन की समय सारिणी सहित अन्य तैयारियां कर ली गई हैं। प्रयागराज-आगरा फोर्ट वंदेभारत एक्सप्रेस प्रयागराज से आगरा तक 450 किमी का सफर 5:40 घंटे में तय करेगी।

सेंट्रल स्टेशन से आगरा फोर्ट तक पहुंचने में इसे 3:38 घंटे लगेंगे। वर्तमान समय में सेंट्रल स्टेशन से आगरा तक अन्य ट्रेनों को यह दूरी तय करने में करीब साढ़े पांच घंटे लगते हैं। वंदेभारत एक्सप्रेस चलने से सेंट्रल स्टेशन से प्रयागराज और आगरा जाने वाले यात्रियों का समय बचेगा।

वंदेभारत एक्सप्रेस सप्ताह में छह दिन संचालित किया जाएगा। औसत गति 80 किमी प्रतिघंटा होगी। प्रयागराज से टूंडला के बीच ट्रेन की गति 100 किमी प्रतिघंटा रहेगी।

प्रयागराज से कानपुर होकर आगरा फोर्ट तक वंदे एक्सप्रेस का संचालन किया जाएगा। ट्रेन के संचालित होने की तिथि अभी निर्धारित नहीं की गई है। इसकी घोषणा जल्द की जाएगी। - अमित सिंह, पीआरओ, रेलवे प्रयागराज मंडल

प्रयागराज से सुबह छह बजे रवाना होगी। सेंट्रल स्टेशन 8:02 बजे पहुंचेगी। यहां से 8:06 बजे रवाना होकर आगरा फोर्ट सुबह 11:40 बजे पहुंचेगी। आगरा फोर्ट से ट्रेन शाम पांच बजे रवाना होगी, सेंट्रल स्टेशन रात 8:24 बजे पहुंचेगी, यहां से 8:28 बजे रवाना होकर रात 10:24 बजे प्रयागराज पहुंचेगी।

## आस्ट्रेलिया से मुकाबले को लखनऊ में तैयारी, दक्षिण अफ्रीकी टीम करेगी अभ्यास

**लखनऊ, एजेंसी।** नवाबों के शहर में विश्व कप का खुमार चढ़ने लगा है। श्रीलंका के खिलाफ शानदार जीत से बुलंद हौसले के साथ रविवार को दक्षिण अफ्रीकी टीम लखनऊ पहुंची।

मेहमान टीम की एक झलक पाने के लिए सैकड़ों प्रशंसक उत्साहित नजर आए। एयरपोर्ट पर यूपीसीए और इकाना स्टेडियम प्रबंधन के प्रतिनिधियों ने अफ्रीकी टीम का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान वहां मौजूद दर्शक क्रिंटन डिकाक के साथ सेल्फी लेने का भी प्रयास कर रहे थे।

दक्षिण अफ्रीका की टीम विश्व कप की ब्रांडिंग से सजी लक्जरी बस में सवार होकर हयात होटल पहुंची। टीम बस के साथ पुलिस की कई गाड़ियां भी साथ में चल रही थीं। एयरपोर्ट से होटल तक सुरक्षा व्यवस्था बेहद चुस्त-दुरुस्त नजर आई। अफ्रीकी टीम ने एयरपोर्ट से सीधे होटल का रुख किया। थकान की वजह से पहले दिन अभ्यास सत्र नहीं रखा गया। यूपीसीए के सीईओ अंकित चटर्जी ने बताया कि टीम का अभ्यास सत्र शाम छह से नौ बजे तक है। हालांकि, टीम के कप्तान और कोच सुबह इकाना स्टेडियम का दौरा कर सकते हैं। मेहमान टीम मुख्य स्टेडियम में अभ्यास करेगी।



वहीं, आस्ट्रेलियाई टीम चेन्नई में रविवार को भारत से मुकाबले के बाद सोमवार को दोपहर 12 बजे तक लखनऊ पहुंचेगी।

विश्व कप जैसे टूर्नामेंट में जब आपको पहले ही मैच में जीत मिल जाए तो इससे बेहतर शुरुआत क्या हो सकती है। हालांकि, हमारा अगला मैच आस्ट्रेलिया से है, जो चुनौतीपूर्ण होगा। क्रिंटन डिकाक और एडन मार्करम अच्छे फार्म में हैं। ऐसे में यहां रोचक मुकाबला होने वाला है। हम इसके लिए तैयार हैं। इकाना स्टेडियम में हमारे ज्यादातर खिलाड़ी खेल चुके हैं। -टेंबा बवूमा, कप्तान, दक्षिण अफ्रीका

टेंबा बवुमा (कप्तान), हेनरिक क्लासेन, क्रिंटन डिकाक, एडन मारक्रम, डेविड मिलर, रासी वान डर डुसे, रीजा हेंड्रिक्स, एंडिले फेहुकायो, मार्को यानसन, लंगिसानी एनगिडी, जेराल्ड कट्जी, केशव महाराज, कागिसो रबाडा,, लिजाड विलियम्स, तबरेज शम्सी, एनरिख नार्खिए व सिसंडा मगाला।

## नशा मुक्ति केंद्र में इलेक्ट्रानिक व्यापारी की पीट-पीटकर हत्या, स्वजन ने किया हंगामा

**मेरठ, एजेंसी।** गंगानगर स्थित आइआइएमटी कालेज के सामने नशामुक्ति केंद्र में इलेक्ट्रोनिक्स व्यापारी को पीट-पीट कर मार दिया। स्वजन ने आरोप लगाकर नशामुक्ति केंद्र में हंगामा कर दिया।

सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जबकि केंद्र के संचालक का कहना है कि नशा नहीं मिलने पर अचानक व्यापारी की तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके चलते उसकी मौत हो गई।



गाजियाबाद के साहनीगेट थाना क्षेत्र के मालीवाड़ा निवासी 28 वर्षीय नितिन वर्मा की इलेक्ट्रोनिक्स की दुकान है। नितिन पूरी तरह से नशे का आदी हो गया था। तभी परिवार के लोगों ने रिश्तेदारों से मिलकर नितिन को गंगानगर स्थित आइआइएमटी कालेज के सामने नशामुक्ति केंद्र में 29 सितंबर को भर्ती करा दिया।

भाई सचिन वर्मा ने बताया कि रात साढ़े तीन बजे नशा मुक्ति केंद्र से उन्हें काल कर नितिन की तबीयत बिगड़ने की सूचना दी गई। सुबह छह बजे नशामुक्ति केंद्र में पहुंचे, जहां नितिन का शव रखा हुआ था। उसके शरीर पर चोट के निशान बने हुए थे। सचिन वर्मा का आरोप है कि उसके भाई को पीट-पीट कर मार दिया।

अंकित का कहना है कि नितिन नशे की ज्यादा डोज लेता था। अचानक ही नशा बिल्कुल बंद करने पर उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसे डाक्टर के पास लेकर चले गए, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर अनिल शाही का कहना है कि मृतक के स्वजन की तहरीर पर मामले की जांच की जा रही है। उसके बाद ही आगे की कार्रवाई होगी।

# राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय

## संक्षिप्त समाचार

### रद्द ट्रेनों का विकल्प बनेंगी रोडवेज बसें, ऑनलाइन कराएं बुकिंग



**लखनऊ , एजेंसी।** अचानक ट्रेनें रद्द होने पर परेशान होने की जरूरत नहीं है। परिवहन निगम भी लंबी दूरी की बसें चलाना शुरू कर दिया है। यह बसें लखनऊ से दिल्ली और उत्तराखंड समेत आठ राज्यों के बीच चल रही हैं। यह आलमबाग और कैसरबाग बस अड्डे से रोजाना मिलेंगी। एसी बसों में खाली सीटों की बुकिंग शुरू हो गई है। यात्री वेबसाइट पर बुकिंग करा सकते हैं। यार्ड रीमॉडलिंग के चलते पूर्वोत्तर रेलवे की 52 ट्रेनें रद्द करते हुए 30 ट्रेनें बदले रूट और कम दूरी तक चलेंगी। ऐसे में यात्रियों को विकल्प के तौर पर रोडवेज की लंबी दूरी की गैर राज्यों की बसें सहारा बनेगी। यह बसें दिल्ली, उत्तराखंड, पंजाब, राजस्थान, बिहार, हिमाचल, एमपी के बीच चल रही है। नेपाल के लिए भी कैसरबाग बस स्टेशन से बसें उपलब्ध हैं। परिवहन निगम की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन सीटों की एडवांस बुकिंग करा सकते हैं। बस अड्डे के काउंटर पर एडवांस और तत्काल में खाली सीटों की बुकिंग भी हो सकती है।

### सिक्किम में अचानक आई बाढ़ में मारे गए असम के सैनिक का किया गया अंतिम संस्कार



**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के बक्सा जिले में उनके पैतृक गांव में मृत जवान मितुल कलिता के पार्थिव शरीर का सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। कलिता हाल ही में सिक्किम में आई बाढ़ में लापता हो गए थे। अधिकारियों के मुताबिक, रविवार सुबह उनका शव मिला। इसके बाद जवान के पार्थिव शरीर को बक्सा जिले के आनंदबाजार हटखुला इलाके में भेज दिया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मितुल के आवास पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। असम के कैबिनेट मंत्री रंजीत कुमार दास ने जवान के आवास पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। दास ने एक्स पर पोस्ट किया, च्वसिक्किम में आई विनाशकारी बाढ़ में भारतीय सेना के जवान मितुल कलिता के दुर्भाग्यपूर्ण निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ, जब वह बोरोंग में प्रैक्टिकल ट्रेनिंग सेशन से गुजर रहे इससे पहले, असम के मुख्यमंत्री ने भी कलिता के निधन पर दुख व्यक्त किया और अपने एक्स हैंडल पर लिखा, असम के लिए एक दुखद क्षति। सिक्किम में आई दुर्भाग्यपूर्ण बाढ़ में बक्सा जिले के भारतीय सेना ने मितुल कलिता जैसे बहादुर सैनिक को खो दिया। दिवंगत आत्मा के लिए मेरी प्रार्थनाएं और दुख की इस घड़ी में शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं।

### जेल में बंद तमिलनाडु के मंत्री सेंथिल बालाजी अस्पताल में भर्ती

**चेन्नई, एजेंसी।** नौकरी के बदले नकदी घोटाले से संबंधित एक मामले में पुझल केंद्रीय जेल में बंद तमिलनाडु के बिना विभाग के मंत्री सेंथिल बालाजी को सीने में दर्द की शिकायत के बाद सरकारी स्टेनली मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्हें सोमवार सुबह अस्पताल लाया गया जब जेल अस्पताल ने पाया कि उनका ब्लड प्रेशर बढ़ा हुआ है और उन्हें सीने में दर्द हो रहा है। मंत्री को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जून में गिरफ्तार किया था और उन्होंने सीने में दर्द की शिकायत की थी। चेन्नई के ओमांदुर सरकारी अस्पताल में एक एंजियोग्राम किया गया जिसमें उनकी कोरोनरी धमनी में तीन ब्लॉक का पता चला। हालांकि, मंत्री ने अपनी सर्जरी एक निजी अस्पताल में कराने का अनुरोध करते हुए मद्रास हाई कोर्ट का रुख किया था, जिसे अदालत ने अनुमति दे दी। चेन्नई के कावेरी अस्पताल में सर्जरी करने के बाद, उन्हें पुझल केंद्रीय जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, मंत्री को पैर सुन्न होने की भी शिकायत थी और उन्होंने कहा था कि वह ज्यादा देर तक बैठ नहीं पाते हैं।

### अब नागपुर और रीवा तक जाएगी वंदे भारत

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के रेल यात्रियों के लिए अच्छी खबर है क्योंकि रेलवे मंत्रालय ने इंदौर से भोपाल तक चलने वाली वंदे भारत को नागपुर तक और रानी कमलापति से जबलपुर के बीच चलने वाली ट्रेन को रीवा तक बढ़ाने का फैसला लिया है। इसके चलते यात्रियों का सफर पहले से कहीं बेहतर और आसान हो जाएगा। राज्य में विधानसभा चुनाव है और आचार संहिता लग रही है इससे पहले रेलवे मंत्रालय ने एक बड़ा फैसला लिया है, इसके मुताबिक इंदौर और भोपाल के बीच चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस को नागपुर तक बढ़ा दिया गया है। अब यह गाड़ी भोपाल के बाद इटारसी होते हुए नागपुर तक जाएगी।

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बड़ा हादसाः चलते-चलते अचानक टॉयर फटने से पलट गई बस

**आगरा, एजेंसी।** आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर बड़ा हादसा हुआ है। चलते-चलते एक बस का अचानक टॉयर फट गया। बस पलट गई। इस दौरान बस में बैठी सवारियों में चीख पुकार मच गई। दुर्घटना में 34 सवारियां घायल हो गई। इनमें से नौ की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना पर पहुंची यूपीडा और फतेहाबाद पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में भर्ती कराया। वहां से नौ लोगों की हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें आगरा के लिए रेफर कर दिया। हादसा थाना फतेहाबाद क्षेत्र के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन 20 पर 12.30 बजे के पास हुआ। पुलिस के मुताबिक यह दिल्ली से सवारियां भरकर वाराणसी जा रही थी। रात के साढ़े 12 बजे जैसे ही थाना फतेहाबाद क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन 20 के पास बस पहुंची अचानक बस का टॉयर फट गया। इसके बाद बेकाबू होकर बस डिवाइडर को तोड़कर नीचे खाई में पलट गई। इस दौरान बस में चीख-पुकार मच गई। बस में कुल 43 लोग बैठे थे। इनमें से 34 लोग घायल हो गए। नौ की हालत गंभीर है।

आमिर निवासी दिल्ली, चयन निवासी बंगाल, अखिल केरला, विश्वनाथ निवासी गाजियाबाद, श्रीजेट निवासी केरला, सुखदेव निवासी केरला दामिनी चावला पुत्री मनोज कुमार, सौरभ पांडे पुत्र अशोक कुमार पांडे, इनकी मां किरण देवी, सीम अशियार पुत्री युसूफ, एसल पुत्र सहाय को आगरा रेफर किया गया। इनके अलावा चार अन्य लोगों को रेफर किया गया है।

## अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में फिलिस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन, छात्रों ने लगाए धार्मिक नारे

**अलीगढ़ , एजेंसी।** अलीगढ़ में फिलिस्तीन के समर्थन में की गई नारेबाजी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जिसे एएमयू कैम्पस का बताया जा रहा है। हालांकि इस वीडियो को लेकर अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी प्रशासन कुछ भी बोलने को तैयार नही हैं। उधर, राजनीतिक दल मुख्य रूप से भाजपा से जुड़े नेताओं ने इस पर आपत्ति जताई है।



इजराइल-हमास जंग में सैकड़ों की मौत हो चुकी है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद एक और जंग की शुरुआत हुई है। हमास ने शनिवार को गाजा पट्टी से ताबड़तोड़ रॉकेट और बम दागे। इस हमले में इजराइल के कई नागरिकों की मौत हो चुकी है, जबकि कई लोग घायल हैं। इजराइल और हमास युद्ध में भारत किस देश के साथ खड़ा है, इसे लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर अपनी बात साफ कर चुके हैं। इजराइल-हमास युद्ध को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने एक्स (पहले ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए हमास द्वारा इजराइल पर किए गए हमले में 22 लोगों की मौत पर दुख जताया। पीएम ने अपने पोस्ट में लिखा है कि इजराइल में आतंकवादी हमलों की खबर से गहरा सदमा लगा है। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं निर्दोष पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। हम इस कठिन समय में इजराइल के साथ एकजुटता से खड़े हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। जो एएमयू कैम्पस के अंदर व एएमयू छात्रों का बताया जा रहा है। इस वीडियो में भारत देश के समर्थन में खड़े होने के उलट यानि फलस्तीन के समर्थन में नारेबाजी की गई। यह वीडियो करीब नौ सेकेंड का है। एएमयू प्रशासन की ओर से इस संबंध में कोई भी प्रतिक्रिया नहीं आई है। उधर दूसरी तरफ भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष मुकेश लोधी ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से इस नारेबाजी की जानकारी हुई। यह साफ तौर पर देशद्रोह का मामला है। एमएलसी डॉ. मानवेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि एएमयू शुरू से ही देश विरोधी गतिविधियों का केन्द्र रहा है। पाकिस्तान को बनाने में एएमयू की अहम भूमिका रहा। अब पाक भी हमास का समर्थन कर रहा है तो साफ है कि यह लोग फलस्तीन समर्थक हैं।

## धारा 370 हटने के बाद पहली बार चुनाव, लद्दाख में कांग्रेस-एनसी ने भाजपा को छोड़ा पीछे

**लद्दाख , एजेंसी।** कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन ने कारगिल के लद्दाख में हुए स्वायत्त पहाड़ी परिषदीय चुनावों में भाजपा को हरा दिया। साल 2019 में अनुच्छेद 370 रद्द होने के बाद यहां पर पहले चुनाव का आयोजन किया गया था। लद्दाख परिषदीय चुनाव के 26 सीटों के लिए मतगणना आगे बढ़ने के साथ कांग्रेस और नेशनल कांफ्रेंस ने भाजपा को पीछे छोड़ दिया। 22 सीटों के आए चुनाव परिणामों में से कांग्रेस ने आठ और नेशनल कांफ्रेंस ने 11 पर जीत हासिल की है। वहीं, भाजपा को दो और निर्दल उम्मीदवार को एक सीट मिली।



पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने कहा कि कारगिल में नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस जैसी धर्मनिरपेक्ष पार्टियों को जीतते देखना खुशी की बात है। पीडीपी ने चुनाव नहीं लड़ा। उन्होंने ट्वीट किया कि नेकां और कांग्रेस जैसी धर्मनिरपेक्ष पार्टियों को करगिल में जीत दर्ज करते देखकर खुशी हुई। पांचवें एलएएचडीसी चुनाव के तीसरे दौर के मतदान के आंकड़ों के मुताबिक कारगिल जिले में लगभग 65 प्रतिशत मतदाता मतदान में शामिल हुए।

पिछले महीने की शुरुआत में, लद्दाख प्रशासन ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद कारगिल क्षेत्र में पांचवें एलएएचडीसी के चुनावों के लिए नए कार्यक्रम की घोषणा की थी। यह अधिसूचना तब आई जब सुप्रीम कोर्ट ने आगामी चुनाव के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस के पार्टी चिह्न को बहाल करते हुए केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन की पिछली चुनाव अधिसूचना को भी रद्द कर दिया। क्योंकि नेशनल कॉन्फ्रेंस के उम्मीदवार नामांकन दाखिल करने में सक्षम नहीं थे। अधिसूचना के अनुसार, 30 सदस्यीय एलएएचडीसी की 26 सीटों के लिए चार अक्टूबर को चुनाव हुए थे।

मौजूदा परिषद की अध्यक्षता नेशनल कांफ्रेंस के फिरोज अहमद खान कर रहे हैं। कांग्रेस ने चुनाव से पहले नेशनल कांफ्रेंस के साथ हाथ मिला लिया और 22 उम्मीदवारों को मैदान में उतारा। नेशनल कांफ्रेंस ने 17 उम्मीदवार उतारे। दोनों पार्टियों ने कहा कि यह व्यवस्था उन क्षेत्रों तक सीमित है जहां भाजपा के साथ कड़ा मुकाबला है। पिछले चुनाव में एक सीट जीतने वाली और बाद में पीडीपी के दो पार्षदों के पार्टी में शामिल होने के बाद अपनी सीटों की संख्या तीन तक पहुंचाने वाली भाजपा ने इस बार 17 उम्मीदवार उतारे थे। आम आदमी पार्टी (आप) ने चार सीटों पर अपनी किस्मत आजमाई जबकि 25 निर्दलीय भी मैदान में थे।

चुनाव में भाजपा के बड़े नामों को भी हार का सामना करना पड़ा। पार्टी ने पोयेन सीट से हाजी इनायत अली को मैदान में उतारा था, लेकिन एनसी उम्मीदवार मोहम्मद आमीन ने उन्हें 360 मतों के अंतर से हरा दिया। खास बात है कि निर्दलीय उम्मीदारों में भी दो ने जीत हासिल की है। करगिल में भाजपा की इस हार को बड़ा झटका माना जा रहा है।

भाजपा ने स्ताक्चे खंगराल और छा सीटों पर जीतने में सफलता हासिल की है। इस चुनाव में एक ओर जहां एनसी के खाते में 12 सीटें आईं। वहीं, कांग्रेस 5 सीटें जीतने में सफल रही। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा, ये नतीजे उन सभी ताकतों और दलों के लिए संदेश हैं, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक तरीके से लोगों की मर्जी के बगैर बांट दिया।

भाजपा भले ही एलएएचडीसी में बड़ा प्रदर्शन करने में असफल रही हो, लेकिन बीते चुनाव के मुकाबले इस बार मामूली बढ़त हासिल करने में सफल रही है। साल 2018 में हुए चुनाव में यहां भाजपा ने सिर्फ एक ही सीट जीती थी। उस दौरान एनसी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी थी और 10 सीटों पर जीत के साथ कांग्रेस दूसरे स्थान पर रही थी।

पूर्व सीएम महबूबा मुफ्ती की पार्टी पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी यानी क्कक्कने 2018 में 2 सीटें अपने नाम की थीं। हालांकि, 5 अगस्त 2019 के बाद दोनों ही पार्षद दल बदलकर भाजपा में शामिल हो गए थे। इसके साथ ही भाजपा की संख्या 1 से बढ़कर 3 पर पहुंच गई थी। इधर, चार नामित पार्षद पहले भी भाजपा के साथ जुड़े हुए थे।

## विपक्षी गठबंधन जब सभी जगह फेल हो गए तो जाति का आधार ले रहेः अनुराग

**हमीरपुर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आपदा के समय हिमाचल के मुख्यमंत्री को फोन करके एक बार नहीं कई बार कुशल जाना और हिमाचल को सहायता राशि भी दी। भारत सरकार ही सबसे पहले यहां आपदा के लिए सहायता को आगे आई । एनडीआरएफ, एयर फोर्स हेलीकॉप्टर सबसे पहले पहुंचाने की या मनरेगा के तहत यहां रास्ते डंगे और दूसरे विकास कार्य करवाने की बात हो यह सब केंद्र सरकार ही करवा रहा है।

यह बात यहां सांसद एवं केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा कार्यक्रम व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने अनौपचारिक पत्रकार वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 862 करोड़ की मदद की है जबकि 2700 करोड़ सड़कों के लिए दिया । अनुराग ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा,डॉ राजीव बिंदल और वह खुद भी कई बार यहां आए। अनुराग ठाकुर ने कहा कि यूपीए ने नाम बदलकर इंडी रख लिया है यह घमंडिया गठबंधन है। राहुल गांधी ने ओबीसी समाज के लिए टिप्पणियां की यही कारण था कि उनकी लोकसभा सदस्यता गई थी लेकिन उन्होंने अभी तक भी उस समाज से माफी नहीं मांगी है । जब यह सभी जगह फेल हो गए तो जाति का आधार ले रहे हैं सबसे बड़ी जाती गरीबी है उसके कल्याण के लिए नरेंद्र मोदी सरकार प्रतिबद्ध है। साढ़े 13 करोड़ गरीब परिवारों को पिछले 6 सालों में गरीबी रेखा से बाहर लाया है। खेलों पर होगा अधिक निवेश ठाकुर ने कहा कि आने वाले समय में खेलों पर और अधिक निवेश किया जाएगा। हिमाचल में बहुत से इंडोर स्टेडियम कई जगह एथलेटिक ट्रैक, हॉकी टर्फ की मंजूरी की है, जिनका निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। हिमाचल में वॉटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए सेंटर बिलासपुर जिला में स्थापित किया गया है। नेशनल सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस हमीरपुर में भी शुरू किया जाएगा, जिससे प्रदेश के खिलाड़ियों को यहां पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश की इतिहास में पहली बार 107 मेडल एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों ने जीते हैं। उम्मीद है कि क्रिकेट मैच में भारतीय टीम जीत से आगाज करेगी। केंद्रीय मंत्री ने हमीरपुर के अणू कॉलेज ग्राउंड कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस दौरान कबड्डी लीग डायरेक्टर हरप्रीत चौहान संगठन के पदाधिकारी कृष्ण लाल असिस्टेंट डायरेक्टर अथॉरिटी ऑफ इंडिया भारत मनोज कुमार जिला भाजपा अध्यक्ष देशराज शर्मा, अजय रिंटू भी मौजूद थे। इसके बाद अनुराग ने गौतम गर्ल्स कॉलेज में भी खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया ओर दोपहर बाद पंचायत जंगल रोपा में जनता से संवाद कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## पाकिस्तान ने देश में पोलियो के 90 प्रतिशत मामलों के लिए अफगानिस्तान को ठहराया जिम्मेदार



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के अंतरिम स्वास्थ्य मंत्री नदीम जान ने देश में पोलियो के 90 प्रतिशत मामलों के लिए अफगानिस्तान को जिम्मेदार बताया है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार स्वास्थ्य मंत्री नदीम जान ने कहा कि पोलियो के लगभग नब्बे फासदी मामले अफगानिस्तान से आयातित हैं। इस साल का तीसरा मामला सामने आने के ठीक एक दिन बाद आई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य संस्थान (हृद्ब॥) की पोलियो प्रयोगशाला के एक अधिकारी के अनुसार बलूचिस्तान और पेशावर में डेरा बुगती से एकत्र किए गए सीवेज नमूनों में वायरस के लिए सकारात्मक परीक्षण किया गया था। सीवेज नमूनों में पाए गए दोनों वायरस अफगानिस्तान के पोलियो वायरस के समान हैं।गौरतलब है कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान ही ऐसे देश हैं जहां पोलियो वायरस पाया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, जंगली पोलियो वायरस का संचरण खैबर पख्तूनख्वा के दक्षिण में सात जिलों, अर्थात् टैंक, बन्नू, उत्तरी वजीरिस्तान, दक्षिण वजीरिस्तान ऊपरी, दक्षिण वजीरिस्तान निचला, डेरा इस्माइल खान और लक्की मारवत तक सीमित कर दिया गया है।

## अफगानिस्तान तक बीआरआई का विस्तार करेंगे चीन और पाकिस्तान, भारत पर क्या असर होगा?

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे का विस्तार अब अफगानिस्तान तक किया जाएगा। पाकिस्तान और चीन सीपीईसी में तीसरे पक्षों को शामिल करने पर सहमत हो गए हैं। एक शीर्ष पाकिस्तानी राजनयिक ने यह जानकारी दी।



दरअसल, सीपीईसी चीन की महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड पहल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। भारत इसका दृढ़ता से विरोध करता आ रहा है। सीपीईसी चीन के शिनजियांग को पाकिस्तान के बलूचिस्तान में स्थित ग्वादर बंदरगाह से जोड़ेगा, जो कि पीओके से होकर गुजरता है। यह 60 अरब डॉलर की परियोजना है। बीआरआई के जरिए चीन विदेशों में अपना प्रभाव बढ़ाना चाहता है।

पाकिस्तान के सरकारी एसोसिएटेट प्रेस ऑफ पाकिस्तान के मुताबिक, चीन में पाकिस्तानी राजदूत मोइनुल हक ने रविवार को बताया कि सीपीईसी पाकिस्तान के आर्थिक विकास के लिए गेम चेंजर और बहुत महत्वपूर्ण रहा है। उन्होंने कहा कि अब हम इस परियोजना में भाग लेने के लिए तीसरे पक्षों को आमंत्रित करने पर सहमत हुए हैं। अब हम इसे अफगानिस्तान तक बढ़ाएंगे।

मोइनुल हक ने चीन की जमकर तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि चीन्ढ्ढ, ई-कॉमर्स और हरित प्रौद्योगिकियों समेत कई टेक्नोलॉडी में वैश्विक नेता है। हक ने कहा कि सीपीईसी के तहत पाकिस्तान को 8000 मेगावाट की ऊर्जा मिल रही है, जिससे उद्योगों की जरूरतों को पूरा करने में मदद मिली है।

भारत कई बार सीपीईसी परियोजना में तीसरे देशों की भागीदारी की योजना पर अपना विरोध जता चुका है। उसके बावजूद चीन और पाकिस्तान इसका विस्तार करना चाहते हैं। विदेश मंत्रालय का साफ तौर पर कहा है कि ऐसी कोई भी योजना भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडा का उल्लंघन करती है। ऐसी गतिविधियां अवैध, नाजायज और अस्वीकार्य है।

## रामलीला में सीता के अपहरण के लिए हेड कांस्टेबल ने रावण पर किया हमला, निलंबित

**आगरा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश पुलिस कितनी विचित्र हो सकती है इसका अंदाजा लगाना मुश्किल है। हेड कांस्टेबल हरि चंद आगरा में एक रामलीला देख रहे थे। जब रावण ने सीता का अपहरण किया तो वह इतने क्रोधित हो गए कि च्जय बजरंगबली चिल्लाकर मंच पर कूद गए और रावण की भूमिका निभा रहे अभिनेता पर हमला कर दिया। अचंभित होकर, रावण छिपने के लिए भागा जबकि अन्य कांस्टेबलों ने हरि चंद को रोकने की कोशिश की।
हरि चंद पर उनके सहयोगियों ने काबू पा लिया और बाद में उन्हें निलंबित कर लाइन हाजिर कर दिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले में विभागीय जांच भी बैठा दी गयी है।बाद में हरि चंद ने आयोजकों को बताया कि वह भगवान हनुमान के शिष्य थे और सीता के च्अपहरणज्को बर्दाश्त नहीं कर सकते थे। उन्होंने इस बात से इनकार किया कि घटना के वक्त वह नशे की हालत में थे।

## चेतावनी का संकेत होगा रूसी परमाणु परीक्षण, ब्रिटेन की संस्था ने जताई चिंता

**लंदन, एजेंसी।** हाल ही में रूस ने एक सफल परमाणु परीक्षण किया था और वह परमाणु परीक्षण करने का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। हालांकि, यह एक ऐसा कदम होगा, जो पश्चिम के साथ तेजी से तनाव बढ़ाएगा और संभवतः अन्य विश्व शक्तियों को फिर से परीक्षण शुरू करने के लिए प्रेरित करेगा। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पिछले सप्ताह कहा था कि रूस की संसद को 1996 की व्यापक परीक्षण प्रतिबंध संधि (सीटीबीटी) के मास्को के अनुसमर्थन को वापस लेने पर विचार करना चाहिए, जो परमाणु विस्फोटों से जुड़े परीक्षणों पर रोक लगाता है। संसदीय नेता सोमवार को इस मुद्दे पर चर्चा करने वाले थे। कुछ पश्चिमी सुरक्षा विश्लेषकों को अब रूसी परीक्षण की संभावना



बढ़ती दिख रही है, भले ही पुतिन ने कहा कि इसका उद्देश्य केवल संयुक्त राज्य अमेरिका की स्थिति को प्रतिबिंबित करना था, जिसने संधि पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन इसकी पुष्टि नहीं की है। कार्नेगी में परमाणु नीति कार्यक्रम के सह-निदेशक जेम्स एक्टन ने कहा, अब एक रूसी परमाणु परीक्षण स्पष्ट रूप से पूरी तरह तैयार है। मुझे नहीं लगता कि यह निश्चित है, लेकिन अगर ऐसा होता है तो किसी को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। पूर्व सोवियत और रूसी राजनयिक निकोलाई सोकोव ने आगे कहा, एक रूसी परमाणु परीक्षण वास्तव में परमाणु हथियार के उपयोग की दिशा में एक बहुत ही गंभीर वृद्धि का प्रतीक होगा। सोकोव ने कहा, ÷फिलहाल मुझे परमाणु परीक्षण की संभावना नहीं दिख रही है, लेकिन स्थिति बहुत तनावपूर्ण है और इसका बढ़ना असंभव नहीं है। सोकोव ने कहा, किसी बिंदु पर आपको यह दिखाने की आवश्यकता हो सकती है कि आप संभवतः परमाणु हथियारों के उपयोग के बारे में बहुत गंभीर हैं। यहीं पर परमाणु भूमिगत परीक्षण एक बड़ी भूमिका निभा सकता है। गौरतलब है कि रूस ने 1990 में सोवियत संघ का हिस्सा बनने के बाद से कोई परमाणु परीक्षण नहीं किया है। रूस ने साल 2000 में ष्टञ्जक्च की पुष्टि की। हालांकि, यह संधि औपचारिक रूप से लागू नहीं हुई है, क्योंकि संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन, भारत, पाकिस्तान और इजरायल सहित अन्य ने इसकी पुष्टि नहीं की है, इसने प्रभावी रूप से परमाणु परीक्षण को वर्जित बना दिया है।

# विराट कोहली के छूटे कैच से जीता भारत, हेजलवुड ने किया मिचेल मार्श का बचाव



**चेन्नई, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा कि भारत के हाथों विश्व कप के पहले मैच में मिली हार में मिचेल मार्श के हाथों विराट कोहली का कैच टपकाये जाने की कोई भूमिका नहीं थी। कोहली को आठवें ओवर में हेजलवुड की गेंद पर जीवनदान मिला जब मार्श ने मिडविकेट में उनका कैच टपकाया।विकेटकीपर एलेक्स कारी भी दौड़े थे लेकिन गलतफहमी की वजह से कैच छूट गया। हेजलवुड ने मैच के बाद कहा, 'नहीं। मुझे नहीं लगता कि इसकी कोई भूमिका थी।

उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि कारी वहां तक पहुंच पाता। यह मिचेल का ही कैच था। उसने कैच छोड़ा लेकिन ऐसा होता रहता है। हर कोई काफी मेहनत कर रहा है। हम आगे भी करते रहेंगे।' ऑस्ट्रेलिया के 199 रन के जवाब में भारत ने पहले दो ओवर में ही तीन विकेट गंवा दिए थे। कोहली उस समय आउट हो जाते तो भारत का स्कोर 20 रन पर चार विकेट होता। कोहली ने उस समय 12 रन ही बनाये थे।

भारतीय बल्लेबाजों को गेंदबाजी के बारे में हेजलवुड ने कहा, 'हमारा मानना है कि नयी गेंद ने अपना काम किया। हमें पता था कि स्पिनरों को खेलना कठिन होगा। उन्होंने अच्छी साझेदारी की लेकिन हमने भी शुरूआत अच्छी की थी। ' उन्होंने भारतीय गेंदबाजों खासकर कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव की तारीफ की जिन्होंने डेविड वॉर्नर समेत दो विकेट लिये।

उन्होंने कहा, 'कुलदीप ने पिछले एक से डेढ साल में शानदार गेंदबाजी की है। वह हमेशा से अच्छा खिलाड़ी रहा है। उसे खेलना कठिन था। उसके पास इतनी विविधता है। भारत के तीनों स्पिनर एक दूसरे से अलग है और उन्हें हालात का बखूबी पता है जिसके अनुसार उन्होंने गेंदबाजी की।'

## मेरी कमजोरी पता सभी को थी, लेकिन किसी ने मदद नहीं की... कुलदीप यादव का छलका दर्द



**चेन्नई।** कुछ साल पहले जब सफेद गेंद के क्रिकेट में कुलदीप यादव का खराब फॉर्म चल रहा था तो हर किसी ने उनसे यही कहा कि गेंद की रफ्तार कम है लेकिन किसी ने यह नहीं बताया कि उसे कैसे बढाना है। उन्हें 2020 में कोरोना काल के दौरान यूएई में हुए आईपीएल में घुटने में चोट भी लगी। यह पूछने पर कि उन्होंने अपनी गेंदों में रफ्तार कैसे बढ़ाई जिससे पिछले 18 महीने में वनडे क्रिकेट में भारत के सबसे कामयाब गेंदबाज बने इस पर कुलदीप इमोशनल हो गए।कुलदीप ने कहा, 'हर किसी ने मुझे कहा कि गेंद में रफ्तार की जरूरत है लेकिन किसी ने नहीं बताया कि वह कैसे किया जाए।' ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप के पहले मैच में डेविड वॉर्नर और ग्लेन मैक्सवेल के कीमती विकेट लेने वाले कुलदीप ने कहा कि उन्होंने खुद ही इसका हल निकाला लेकिन टीम फिजियो आशीष कौशिक की एक सलाह उपयोगी साबित हुई।उन्होंने कहा, 'जब मैं चोट से वापिस आ रहा था तो फिजियो आशीष कौशिक ने कहा कि दाहिने पैर पर कम वजन देना है। मैंने अभ्यास में भी वही किया और मैच हालात में मुझे फर्क पता चला। यह रातोरात नहीं हुआ। लय दोबारा पाने में छह महीने लगे।' यह पूछने पर कि चेपॉक की पिच क्या धीमे गेंदबाजों की मददगार थी कुलदीप ने कहा, 'मुझे नहीं लगता लेकिन मुझे अपनी गेंदों में गति बढानी पड़ी।

## विराट ने टेस्ट क्रिकेट के अंदाज में खेलने को कहा, केएल राहुल ने किया खुलासा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच रविवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में रोमांचक मैच खेला गया। केएल राहुल और विराट कोहली ने चौथे विकेट के लिए 165 रन की साझेदारी करके ऑस्ट्रेलिया के जबड़े से जीत छीन ली।

विराट कोहली 116 गेंदों में 6 चौके की मदद से 85 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद केएल राहुल और हार्दिक पांड्या ने टीम को जीत की रेखा के पार पहुंचाया। केएल राहुल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जिन्होंने 115 गेंदों में 8 चौके और दो छक्के की मदद से नाबाद 97 रन बनाए।

राहुल ने मजाक में कहा कि क्रीज पर पहुंचने के बाद वो अपनी सांस वापस लेना चाह रहे थे क्योंकि भारतीय टीम ने केवल दो रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। राहुल ने इस दौरान यह भी बताया कि बीच मैदान पर विराट कोहली के साथ उनकी क्या बातचीत हो रही थी। वैसे, हमारी ज्यादा बातचीत नहीं हुई। मैं बस अपनी सांस वापस पाने की कोशिश कर रहा था क्योंकि शावर लेकर ही निकला था। मुझे लगा था कि आराम करने के लिए आधा घंटा या एक घंटा मिलेगा। मगर मुझे समय नहीं मिला। जल्दबाजी में क्रीज पर पहुंचना पड़ा। मैं बस अपनी सांस वापस लेने की कोशिश कर रहा था। 31 साल के राहुल ने बताया कि कोहली ने उनसे क्रीज पर समय बिताने को कहा और ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों का डटकर मुकाबला करने के लिए टेस्ट क्रिकेट के अंदाज में खेलने को कहा।

## वीजा नहीं मिलने से पाकिस्तान के क्रिकेट प्रसंशकों और पत्रकारों में निराशा

**इस्लामाबाद।** आईसीसी क्रिकेट विश्वकप के मैचों को देखने के लिए भारत आने के तैयार पाकिस्तानी प्रसंशक और पत्रकार वीजा नहीं मिलने से निराश है। डॉन समाचार पत्र की आज यहां जारी रिपोर्ट के अनुसार वीजा को लेकर पाकिस्तान स्थित भारतीय उच्चायोग, भारत के गृह मंत्रालय के निर्देशों का इंतजार कर रहा है। जोकि प्रसंशक के लिए पीड़ादायक, कष्टदायी इंतजार है।



प्रसंशकों को मंगलवार को होने वाले श्रीलंका बनाम पाकिस्तान मुकाबले के छूटने की चिंता सता रही है। एक प्रसंशक ने रविवार को डॉन समाचारपत्र को बताया, 'सबसे बुरी बात यह है कि वीजा के कारण न आने वालों के लिए कोई रिफंड नीति नहीं है। उन्होंने इस बात पर निराश जताई कि मेजबान भारत पर पाकिस्तान के प्रशंसकों और पत्रकारों को वीजा देने के लिए पर्याप्त दबाव नहीं डाला गया। प्रसंशक ने कहा कि दुर्भाग्य से क्रिकेट भारत और पाकिस्तान के बीच खराब राजनीतिक संबंधों का सबसे बड़ा शिकार रहा है। हालांकि कई प्रशंसक वीजा मुद्दे पर पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के सुस्त रुख से निराश हैं। पाकिस्तानी मंत्रालय ने कहा है कि भारत को खेल को राजनीति के साथ नहीं मिलाना चाहिए। कराची स्थित एक रिपोर्टर ने कहा, 'आईसीसी केवल सामान्य बयान भेज रही है कि 'हर प्रयास किया जा रहा है लेकिन हमें कोई नतीजा नहीं दिख रहा है। इस समय अधिकांश पत्रकार अफवाहों पर भरोसा कर रहे हैं कि पाकिस्तान के 50 मान्यता प्राप्त पत्रकारों में से 15 को 14 अक्टूबर को भारत और पाकिस्तान के बीच बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले वीजा दिया जाएगा। इस्लामाबाद स्थित एक रिपोर्टर ने कहा, 'भारतीय उच्चायोग के अधिकारी पहले काफी संवेदनशील थे लेकिन अभी, वे हमारा फोन भी नहीं उठा रहे हैं। पीसीबी ने कहा है कि वह प्रशंसकों और पत्रकारों के लिए वीजा जारी करने पर आईसीसी को उनके दायित्वों और सदस्यों के समझौते के बारे में याद दिलाकर संबंधित अधिकारियों के साथ चिंताओं को उठाना जारी रखे हुए है, लेकिन कई लोगों का मानना है कि यह पर्याप्त नहीं है।


## वर्ल्ड कप क्वालीफायर्स के लिए अर्जेंटीना की टीम से बाहर हुए डायबाला



**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने बताया कि स्ट्राइकर पाउलो डायबाला घुटने की चोट के कारण पैराग्वे और पेरू के खिलाफ अर्जेंटीना के फीफा विश्व कप क्वालीफायर में नहीं खेल पाएंगे।

रिपोर्ट के अनुसार, कॅग्लियारी में रोमा की 4-1 सीरी ए जीत के पहले हाफ में 29 वर्षीय खिलाड़ी अपने बाएं घुटने में चोट लगने के कारण लंगड़ाते हुए नजर आए। एएफए ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, पाउलो डायबाला को चोट के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है। हालांकि, अभी उनके रिप्लेसमेंट का नाम नहीं बताया गया है। रोमा के मैनेजर जोस मोरिन्हो ने मैच के बाद कहा कि चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए डायबाला का सोमवार को स्कैन किया जाएगा। अर्जेंटीना 12 अक्टूबर को ब्यूनस आयर्स में पराग्वे से और पांच दिन बाद लीमा में पेरू से भिड़ेगा।

## अबू धाबी टी-10: बोल्ट, यूसुफ और रायडू समेत प्री-साइन और रिटेन खिलाड़ियों की सूची जारी




**अबू धाबी।** अबू धाबी टी10 लीग के 2023 संस्करण से पहले, भाग लेने वाली आठ टीमों बांग्ला टाइगर्स, चेन्नई ब्रेव्स, डेक्कन ग्लेडिएटर्स, दिल्ली बुल्स, मॉरिसविले सैंप आर्मी, नॉर्थन वॉरियर्स, न्यूयॉर्क के साथ खिलाड़ियों के ड्राफ्ट की घोषणा सोमवार को की गई है। इस संस्करण में दुनियाभर से कुल 782 खिलाड़ियों का पंजीकरण हुआ, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े नाम भी शामिल हैं। पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर शाहिद अफरीदी उन आइकन स्टार्स की सूची में शामिल हैं, जो अपने हमवतन मोहम्मद हफीज, वहाब रियाज, बांग्लादेश के बल्लेबाज तमीम इकबाल और श्रीलंका के दासुन शनाका के साथ सोमवार को मैदान में उतरेंगे। टीमों द्वारा रिटेन किए गए खिलाड़ियों में पूर्व भारतीय सुपरस्टार अंबाती रायडू और यूसुफ पठान शामिल हैं। जहां बांग्ला टाइगर्स ने विस्फोटक ऑलराउंडर पठान को अपने साथ जोड़ा है, वहीं दिल्ली बुल्स ने हमेशा रायडू को अपने साथ जोड़ा है। अबू धाबी टी10 के आगामी संस्करण में प्रतिस्पर्धा पर बोलते हुए, पठान ने कहा, 10 ओवर का प्रारूप रोमांचक है और इसलिए, मुझे लीग का हिस्सा बनकर हमेशा खुशी होती है। मेरा लक्ष्य प्रशंसकों का मनोरंजन करना और अपनी टीम को इस सीज़न में ट्रॉफी जीतने में मदद करना है।

नए सीज़न में रिटेन्शन के बीच 2022 के खिताब विजेता डेक्कन ग्लेडियेटर्स ने पावरहाउस निकोलस पूरन पर कब्जा बरकरार रखा है। बाएं हाथ का बल्लेबाज पिछले सीज़न का अग्रणी रन-स्कोरर था। उन्होंने 10 मैचों में 49.29 की औसत और 234.69 की जबरदस्त स्ट्राइक रेट से 345 रन बनाए थे। पूरन ने पिछले सीज़न में किसी भी खिलाड़ी द्वारा सर्वाधिक 25 छक्के भी लगाए। इस बीच, चेन्नई ब्रेव्स ने कप्तान सिकंदर रज़ा को बरकरार रखा।

आगामी ड्राफ्ट पर बोलते हुए, टी10 ग्लोबल के चेयरमैन शाजी उल मुल्क ने कहा, फ्रेंचाइजी ने स्मार्ट प्लेयर रिटेंशन और डायरेक्ट साइनिंग के साथ अपना पहला कदम उठाया है। कुछ चयन आश्चर्यजनक हो सकते हैं, यह दर्शाता है कि टीमों के पास पहले से ही कुछ तरकीबें हैं।

# व्यापार

### ईडी ने पीएमएलए के तहत 55.17 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आरए डिस्ट्रीब्यूटर्स और अन्य (अफरोज फट्टा मामले) के मामले में पंकज कपूर, विजेन गिरीशचंद्र झावेरी और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर रखी गई 55.17 करोड़ रुपये (लगभग) की दस अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। ईडी ने छह अक्तूबर को पीएमएलए, 2002 के प्रावधानों के तहत आरए डिस्ट्रीब्यूटर्स और अन्य (अफरोज फट्टा मामले) के मामले में पंकज कपूर, विजेन गिरीशचंद्र झावेरी और उनके परिवार के सदस्यों के नाम पर रखी गई 55.17 करोड़ रुपये (लगभग) की दस अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। ईडी ने कहा है कि इस मामले में कुल 115 करोड़ रुपये के संपत्ति की कुर्की की गई है।

### रुपया शुरुआती कारोबार में चार पैसे मजबूत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.24 पर खुला और फिर 83.23 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। यह पिछले बंद स्तर की तुलना में चार पैसे की बढ़त है। शुक्रवार को रुपया 83.27 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। स्थानीय शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख और विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा में मजबूती के बीच सोमवार को रुपया सीमित दायरे में कारोबार कर रहा था। विदेशी कारोबारियों ने बताया कि इजराइल-हमास संघर्ष के बीच डॉलर मजबूत हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.24 पर खुला और फिर 83.23 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। यह पिछले बंद स्तर की तुलना में चार पैसे की बढ़त है। शुक्रवार को रुपया 83.27 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.26 प्रतिशत की बढ़त के साथ 106.32 पर रहा।

### चालू वित्त वर्ष की दूसरी छमाही में 38,000 करोड़ रुपए के 28 आईपीओ आएंगे

**मुंबई, एजेंसी।** चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में रिकॉर्ड 31 आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) आने के बाद दूसरी छमाही में 28 कंपनियां 38,000 करोड़ रुपए जुटाने के लिए आईपीओ लाने के लिए तैयार हैं। दूसरी ओर आईपीओ से 44,000 करोड़ रुपए जुटाने के लिए 41 कंपनियों को शेयर बाजार नियामक सेबी से मंजूरी मिलने का इंतजार है। प्राइमडाटाबेस की रिपोर्ट के अनुसार आईपीओ के माध्यम से जुटाया गया धन चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में सालाना आधार पर 26 प्रतिशत घटकर 26,300 करोड़ रुपये रह गया। हालांकि, इस दौरान आए कुल आईपीओ की संख्या पिछले साल के 14 के मुकाबले दोगुने से ज्यादा (31) थे। प्राइमडाटाबेस के प्रबंध निदेशक प्रणव हल्दिया के अनुसार आगामी 69 आईपीओ में से तीन नई पीढ़ी की प्रौद्योगिकी कंपनियां हैं, जो संयुक्त रूप से 12,000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना बना रही हैं।

### मैक्स लॉन्च करेगा नया कमोडिटी डेरिवेटिव प्लेटफॉर्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े कमोडिटी डेरिवेटिव एक्सचेंज मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज को बाजार नियामक सेबी ने नए वेब बेस्ड कमोडिटी डेरिवेटिव प्लेटफॉर्म पर कारोबार शुरू करने की उसकी योजना को मंजूरी दे दी है। मार्केट रेगुलेटर ने इसे 28 सितंबर को स्थगित कर दिया था। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ने यह निर्देश दिया था क्योंकि चेन्नई फाइनैंशियल मार्केट्स ऐंड एकाउंटेबिलिटी ने सीडीपी पर रिट याचिका दायर की थी और मामला मद्रास हाईकोर्ट में लंबित है।

## इंडिगो को ईंधन शुल्क से उम्मीद, हर हफ्ते होगी 100 करोड़ की कमाई




**नई दिल्ली, एजेंसी।** विमानन कंपनी इंडिगो को ईंधन शुल्क से प्रति सप्ताह 90 करोड़ से 100 करोड़ रुपए तक की कमाई होने की उम्मीद है। इसके अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह शुल्क विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में उल्लेखनीय वृद्धि होने के कारण 6 अक्टूबर से टिकट की कीमतों में लगाया गया था। भारतीय विमानन कंपनियों की लागत में एटीएफ सबसे बड़ा व्यय होता है। उनके कुल राजस्व का लगभग 45 प्रतिशत भाग इसमें खपता है। 1 जून से 1 अक्टूबर तक दिल्ली में एटीएफ की कीमतें 32.4 प्रतिशत बढ़कर 1.18 लाख रुपए प्रति किलोलीटर तक पहुंच चुकी हैं। एक अधिकारी ने बताया 'हमारा मानना है कि अगर ईंधन शुल्क दिसंबर तक प्रभावी रहता है तो हम तीसरी तिमाही (अक्टूबर से दिसंबर तत्क) में अपने कुल राजस्व का लगभग सात से आठ प्रतिशत भाग इससे अर्जित कर सकेंगे।' एक अन्य अधिकारी ने कहा कि विमानन कंपनी को ईंधन शुल्क से प्रति सप्ताह लगभग 90 करोड़ से 100 करोड़ रुपए तक की कमाई होने की उम्मीद है।

वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में देश की सबसे बड़ी विमानन कंपनी इंडिगो ने 17,161 करोड़ रुपए की कुल समेकित आय हासिल की थी और 3,090.6 करोड़ रुपए का अब तक का अपना सर्वाधिक तिमाही समेकित शुद्ध लाभ दर्ज किया था। पिछले साल की अक्टूबर से दिसंबर तक अवधि के दौरान कंपनी की कुल आय और शुद्ध लाभ क्रमश- 15,410 करोड़ रुपए और 1,423 करोड़ रुपए था।

6 अक्टूबर से इंडिगो ने 500 किलोमीटर तक की दूरी वाली उड़ानों के लिए 300 रुपए और 501 से 1,000 किलोमीटर तक की दूरी वाली उड़ानों के लिए 400 रुपए का ईंधन शुल्क लगाया है। इस प्रकार की श्रेणीबद्ध वृद्धि सभी उड़ान श्रेणियों पर लागू की गई है, जिसमें 3,501 किलोमीटर और उससे अधिक की दूरी तय करने वाली उड़ानों पर 1,000 रुपए का ईंधन शुल्क लगेगा।

## त्योहारी सीजन के साथ वाहनों की मांग में उछाल, सितंबर में बिक्री 20 प्रतिशत बढ़ी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि सितंबर में वाहन बिक्री में बढ़ोतरी व्यापक रही है। दोपहिया वाहनों की बिक्री में जहां 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, वहीं तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री में 49 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यात्री वाहनों की बिक्री में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में पांच प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है।

त्योहारी सीजन की शुरुआत के साथ देश में वाहनों की बिक्री में जोरदार उछाल आया है। सितंबर माह में देशभर में वाहन बिक्री में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने सोमवार को बताया कि कुल मिलाकर सितंबर में वाहनों के पंजीकरण का आंकड़ा 18,82,071 इकाई पर पहुंच गया। सितंबर, 2022 में यह 15,63,735 इकाई रहा था। फाडा के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा कि आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि सितंबर में वाहन बिक्री में बढ़ोतरी व्यापक रही है। दोपहिया वाहनों की बिक्री में जहां 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, वहीं तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री में 49 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यात्री वाहनों की बिक्री में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में पांच प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले महीने ट्रैक्टर बिक्री में जरूर 10 प्रतिशत की गिरावट आई है। आंकड़ों के अनुसार, उपलब्धता में सुधार के साथ पिछले महीने वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर 19 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 3,32,248 इकाई हो गया, जबकि सितंबर, 2022 में यह 2,79,137 इकाई था। सिंघानिया ने कहा कि नए उत्पादों की पेशकश की वजह से भी पिछले महीने वाहनों का उठाव बढ़ा है। समीक्षाधीन महीने में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 22 प्रतिशत बढ़कर 13,12,101 इकाई हो गई, जो सितंबर, 2022 में 10,78,286 इकाई थी। वहीं वाणिज्यिक वाहनों का पंजीकरण पांच प्रतिशत बढ़कर 80,804 इकाई हो गया। तिपहिया वाहनों की बिक्री 49 प्रतिशत बढ़कर 1,02,426 इकाई हो गई, जबकि सितंबर 2022 में यह 68,937 इकाई थी। ट्रैक्टर की बिक्री घटकर 54,492 इकाई रह गई, जो सितंबर, 2022 में 60,321 इकाईरही थी। सिंघानिया ने कहा कि श्राद्ध 14 अक्टूबर को समाप्त हो रहे हैं। उसके बाद नवरात्र शुरू होंगे। कुल 42 दिन के त्योहारी अवधि में हम बिक्री को लेकर आशान्वित हैं। ''हमें उम्मीद है कि यह त्योहारी सीजन वाहन खुदरा क्षेत्र के लिए शानदार रहेगा।'' फाडा ने पिछले महीने देशभर के 1,440 क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में से 1,352 से वाहनों के पंजीकरण के आंकड़े जुटाए हैं।

## फिजिक्सवाला के सीईओ ने बताया- 200 करोड़ की स्कॉलरशिप देना हमारा लक्ष्य

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फिजिक्सवाला सीईओ अंकित गुप्ता ने इस एडटेक यूनिकॉर्न के सफर, चुनौतियों, लक्ष्य और उम्मीदों के बारे में कालीचरण से विस्तार से बातचीत की... फिजिक्सवाला एडटेक क्षेत्र में एक जाना-माना नाम है। कोविड के दौरान 2020 में शुरू हुआ यह स्टार्टअप आज एक यूनिकॉर्न बन चुका है। एडटेक स्टार्टअप जहां फंडिंग की समस्या से जूझ रहे हैं, वहीं फिजिक्सवाला लगातार विस्तार की योजना बना रहा है। हाइब्रिड मॉडल से पढ़ाने वाली यह कंपनी आज कई वर्टिकल में बच्चों की सफलता में योगदान दे रही है। गुणवत्तापूर्ण और किफायती शिक्षा देने के विजन के साथ शुरू हुई यह कंपनी उन बच्चों तक पहुंचना चाहती है, जो आर्थिक रूप से कमजोर होने के बावजूद पढ़ाई में अच्छे हैं। ऐसे बच्चों के लिए वह खास स्कॉलरशिप प्रोग्राम भी लेकर आई है। फिजिक्सवाला 2020 में बना था। अभी हमारे पास 12,000 कर्मचारी हैं। करीब 2,800 शिक्षक हैं। हमारी खास बात है कि हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देते हैं। हमारे सभी कोर्स किफायती भी हैं। गुणवत्ता पर हम सबसे अधिक ध्यान देते हैं। हमारा कंटेंट अच्छा है। नीट और आईआईटी जेईई में इस्तेमाल होने वाली हमारी किताबें बाजार में सबसे अच्छी हैं। नीट समेत 25 से ज्यादा हमारे वर्टिकल हैं। एनडीए में 2023 में हमने नंबर एक रैंक दिया है। यूपीएससी में भी इस साल 170 बच्चों को क्वालिफाई कराया है। फिजिक्सवाला ने डेढ़ साल पहले पहला ऑफलाइन वर्टिकल पाठशाला नाम से खोला। पिछले साल जून में विद्यापीठ वर्टिकल की शुरुआत की, जो ऑफलाइन है। पाठशाला हाइब्रिड है यानी ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों। पाठशाला और विद्यापीठ के जरिये इस अकादमिक वर्ष हम 1.50 लाख से ज्यादा बच्चों को पढ़ा रहे हैं। पाठशाला 16 और विद्यापीठ 37 शहरों में मौजूद है। अगले साल हम 40 पाठशाला व 26 विद्यापीठ और खोलेंगे। 2024 में पाठशाला और विद्यापीठ दोनों मिलाकर 110-115 शहरों में पहुंच जाएंगे। वहां करीब 2.50 लाख बच्चे पढ़ेंगे। हमारे यहां गवर्नेंस को लेकर पारदर्शिता है।इसलिए, हमारा मार्केटिंग बजट काफी कम होता है। हम माउथ पब्लिसिटी पर भरोसा करते हैं। हमारा कोर्स इतना किफायती और गुणवत्तापूर्ण है कि हमें इसकी जरूरत नहीं पड़ती है। सितंबर में एनसेट यानी नेशनल स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट लॉन्च किया है। यह आर्थिक रूप से पिछड़े पर पढ़ाई में बहुत अच्छे बच्चों के लिए है।इस साल हमारा लक्ष्य 200 करोड़ की स्कॉलरशिप देना है। यह परीक्षा 15 अक्तूबर को होगी। इसमें बच्चों की फी 90 फीसदी तक माफ होगी।उम्मीद है कि 15 लाख से ज्यादा बच्चे एनसेट देंगे। कोटा की घटनाएं दुर्भाग्यपूर्ण हैं। इसे रोकने में पेरेंट्स के साथ कोचिंग संस्थानों की बड़ी भूमिका है। तनाव से निपटने के लिए बच्चों की काउसलिंग जरूरी है। पेरेंट्स का समर्थन जरूरी है।इसे देखते हुएफिजिक्सवाला ने प्रेरणा नाम से एक इनिशिएटिव शुरू किया है।इसमें एक डेडिकेटेड लाइन है, जहां फोन कर बच्चे अपनी परेशानियों के बारे में बात कर सकते हैं। अब तक बच्चों के 21,000 फोन आ चुके हैं। हमारे सेंटरों पर साइकोलॉजिस्ट भी हैं। हमने विद्यापीठ रेसिडेंशियल प्रोग्राम भी शुरू किया है।यह अभी तीन शहरों इंदौर, पटना और कोटा में है। यहां पढ़ने के साथ बच्चों के रहने की भी सुविधा है।



# हरि विष्णु

## के तीसरे अवतार का समपूर्ण जीवन चरित्र

ईश्वर अनंत है। वे सर्वशक्तिमान, करुणामय परमात्मा अपना कोई प्रयोजन न रहने पर भी साधु–परित्राण, धर्म–संरक्षण एवं जीवों पर अनुग्रह करने के लिए शरीर धारण कर लिया करते हैं। श्री हरि विष्णु ने धर्म रक्षा एवं लोक कल्याणार्थ 24 बार अवतार लिया जिसमें तीसरे अवतार के रूप में देवर्षि नारद का अवतार होता है।

मंगलमूर्ति देवर्षि नारद जी मन के अवतार हैं। श्री हरि विष्णु जो कुछ भी करना चाहते हैं, तीनों लोकों में विराजमान सर्वदर्शी वीणापति देवर्षि नारद जी के द्वारा वैसी ही चेष्टा होती है।

देवर्षि नारद जी परम तपस्वी और ब्राह्मतेज से सम्पन्न हैं जो देवराज इंद्र के द्वारा दिए हुए उज्ज्वल, महीन, दिव्य शुभ और बहुमूल्य वस्त्र धारण करते हैं। वह वेद एवं उपनिषदों के ज्ञाता, देवताओं द्वारा वंदनीय, पूर्वकल्पों की बातों के जानकार, महाबुद्धिमान और असंख्य सद्गुणों से सम्पन्न महातेजस्वी, भगवान से प्राप्त वीणा से श्री हरि विष्णु के मधुर मनोहर मंगलमय नाम एवं गुणों का गान करते हुए लोक–लोकांतरों में विचरण करते हैं। वह मुक्ति की इच्छा रखने वाले प्राणियों के हित के लिए सतत प्रयत्नशील रहते हैं। उन्होंने त्रैलोक्य में कितने प्राणियों को किस प्रकार परम प्रभु के पावन पद पद्मों में पहुंचा दिया, इसकी गणना संभव नहीं।

भगवान नृसिंह के अवतरण की पृष्ठभूमि में जाएं तो उसमें देवर्षि नारद का ही योगदान रहा है। बालक प्रह्लाद की दृढ़ भक्ति से भगवान नृसिंह अवतरित हुए। प्रह्लाद के इस भगवद्विश्वास एवं प्रगाढ़ निष्ठा में देवर्षि नारद ही प्रमुख मार्गदर्शक थे। जब भक्त प्रह्लाद गर्भ में थे, उसी समय माता दैत्येश्वरी कयाधू को देवर्षि नारद जी ने भक्ति और ज्ञान का उपदेश दिया। प्रह्लाद जी का वही ज्ञान उनके जीवन और जन्म को सफल बनाने में सहायक रहा।

राजकुमार ध्रुव ने जब पिता के तिरस्कार से व्यथित होकर वन की ओर प्रस्थान किया, उस समय देवर्षि नारद ने उन्हें भगवान वासुदेव का मंत्र दिया तथा उन्हें उपासना की विधि विस्तारपूर्वक बताई। दक्ष प्रजापति ने पंचजन की पुत्री असिक्री से हर्यश्व नामक दस सहस्त्र पुत्र उत्पन्न कर उसे सृष्टि विस्तारण का आदेश दिया और एतदर्थ वे पश्चिम दिशा में सिंधु नदी और समुद्र के संगम पर स्थित पवित्र नारायण सर पर तपश्चरण करने पहुंचे तब देवर्षि नारद जी ने अपने अमृत मय उपदेशों से उन सभी में विरक्ति ला दी जिससे दक्ष प्रजापति बड़े दुखी हुए।

उन्होंने फिर शावलश्व नामक एक सहस्त्र पुत्र उत्पन्न किए। देवर्षि नारद जी ने उन्हें भी भगवच्चरणाविन्दों की ओर उन्मुख कर दिया जिससे क्रुद्ध होकर दक्ष प्रजापति ने अजातशत्रु देवर्षि नारद को शाप दे दिया कि तुम लोक लोकांतरों में भटकते ही रहोगे। देवर्षि नारद ने दक्ष प्रजापति के श्राप को प्रभु श्री हरि विष्णु की मंगलमयी इच्छा समझकर स्वीकार कर लिया और तब से ये लोक कल्याणार्थ एवं धर्म रक्षा के लिए तीनों लोकों में विचरण कर रहे हैं।

शास्त्रों में मिलता है कि जब व्यास जी ने वेदों का विभाग तथा पंचम वेद महाभारत की रचना कर ली लेकिन मन में अपूर्ण कार्य की अनुभूति हो रही थी, इस कारण खिन्न हो रहे थे, तब देवर्षि नारद जी उनके समीप पहुंच गए और व्यास जी के पूछने पर बताया कि आपने भगवान के निर्मल यश का गान प्रायः नहीं किया। मेरी ऐसी मान्यता है कि वह शास्त्र या ज्ञान सर्वथा अपूर्ण है जिससे जगदाधार स्वामी संतुष्ट न हों। वह वाणी आदर के योग्य नहीं है जिसमें श्री हरि की परमपावनी कीर्त वर्णित न हो। देवर्षि नारद कहते हैं कि व्यास जी आपका ज्ञान पूर्ण है, आप भगवान की ही कीर्त का उनकी प्रेममयी लीला का वर्णन कीजिए। नारद जी ने कुल 84 सूत्र दिए हैं जिनमें भक्त और भगवान के आदर्श संबंधों की वृहद व्याख्या है जो स्पष्ट, सटीक और सहज है।

द्वापर में जब दुर्योधन के छल और कुटिल नीति से पांडवों ने अरण्य के लिए प्रस्थान किया, उस समय भारतवंशियों के विनाश सूचक अनेक प्रकार के भयानक अपशकुन होने लगे। चिंतित होकर इस संबंध में धृतराष्ट्र और विदुर परस्पर बातचीत कर ही रहे थे कि उसी समय महर्षियों से घिरे देवर्षि नारद जी कौरवों के सामने आकर खड़े हो गए और सुस्पष्ट शब्दों में उन्होंने भविष्यवाणी करते हुए कहा ः

इतश्चतुर्दश वर्से विनक्ष्यन्तीह कौरवाः।
दुर्योधनपराधेन भीमार्जुनबलेन च।।

अर्थात आज से चौदहवें वर्ष में दुर्योधन के अपराध से भीम और अर्जुन के पराक्रम द्वारा कौरवों का नाश हो जाएगा। इतना कह कर महान ब्रह्मतेजधारी नारद जी आकाश में जाकर सहसा अंतर्ध्यान हो गए। जब अविनाशी नारायण और नर बद्रिकाश्रम में घोर तप करते हुए अत्यंत दुर्बल हो गए थे और उस परम तेजस्वी प्रभु का दर्शन अत्यंत दुर्लभ था, उस समय नारद जी महामेरु पर्वत से गंधमादन पर्वत पर उतर गए और जब भगवान नर और नारायण के समीप पहुंचे तब उन्होंने शास्त्रीय विधि से देवर्षि नारद जी की पूजा अर्चना की।

नारद जी ने उनसे अनेक प्रश्नों का तृप्ति कर उत्तर प्राप्त किया और फिर उनकी अनुमति से श्वेतद्वीप में पहुंच कर श्री भगवान के विश्वस्वरूप का दर्शन लाभ कर पुनः गंधमादन पर्वत पर श्री नर–नारायण के समीप चले गए। नारद जी ने भगवान नर–नारायण को सारा वृत्तांत सुनाया और उनके समीप दस सहस्त्र दिव्य वर्षों तक रहकर वे भजन एवं मंत्रानुष्ठान करते हैं।

देवर्षि नारद जी की कीर्त यशगान एवं कृतित्व व्यक्तित्व पर सभी धर्म शास्त्रों में वर्णन मिलता है। स्कंदपुराण में इंद्रकृत देवर्षि नारद जी की अत्यंत सुंदर स्तुति है। उसके संबंध में एक बार भगवान श्री कृष्ण ने नारद जी के गुणों की प्रशंसा करते हुए राजा उग्रसेन से कहा था कि मैं देवराज इंद्र द्वारा किए गए स्तोत्र से दिव्य दृष्टि सम्पन्न देवर्षि नारद जी की सदा स्तुति किया करता हूं।

सर्वे सुहृद देवर्षि नारद जी ही एक मात्र ऐसे हैं जिनका सभी देवता और दैत्यगण समान रूप से सम्मान एवं विश्वास करते हैं उन्हें अपना शुभेच्छु समझते हैं। निश्चय ही वह दयामय सबके यथार्थ हित, साधक के लिए सचित्त और प्रयत्नशील रहते हैं, जब भी करुणामय प्रभु के सच्चे प्रेमी भक्तों को उनके दर्शन हो जाते हैं।

रुद्र संहिता के अनुसार जब राजकुमारी श्रीमती के स्वयंवर में शामिल होने देवर्षि नारद पहुंचते हैं वहां पर उनका चित्त माया से मोहित हो रहा था, उस समय परमेश्वर की कृपा से महादेव जी के दो गण, देवर्षि नारद का उपहास कर रहे थे उन्हें वह शाप दे दिया लेकिन जब दोनों गणों ने देवर्षि नारद जी के पास शापमुक्ति का उपाय पूछा तो उन्होंने कहा कि मैंने जो कुछ शाप में कहा है वह वैसा ही होगा। आप दोनों मुनिवर विश्रवा के पुत्र के रूप में जन्म लेकर रावण कुंभकर्ण के रूप में राक्षस राज का पद प्राप्त करेंगे। वैभव से युक्त परम प्रतापी भी होंगे, समस्त ब्रह्मांड के राजा होकर शिव भक्त एवं जितेंद्रिय होंगे और शिव के ही दूसरे स्वरूप श्री विष्णु के हाथों मृत्यु पाकर फिर अपने पद पर प्रतिष्ठित हो जाएंगे।

इतना ही नहीं देवर्षि नारद जी ने ब्रह्मा जी से शिव तत्व के उत्तम महात्मय का ज्ञान प्राप्त किया। उन्होंने भक्ति मार्ग, ज्ञान मार्ग, तपोमार्ग, दानमार्ग तथा तीर्थमार्ग का वर्णन सुनकर तीनों लोकों में विचरण कर शिव तत्व का प्रचार–प्रसार कर मोक्ष प्राप्त करने का उपाय जीव जंतुओं का बताया।

# किन लोगों में बसता है ईश्वर

प्रेम अन्तःकरण का अमृत है। जिसकी भावनाएं स्नेहसिक्त होती हैं, वे अनुभूतियों से आनंदित रहते हैं और दूसरों पर उसके छीटें छिड़ककर उन्हें उल्लास प्रदान करते हैं।

प्रेम एक चुंबक है जिसके सहवर्गी तत्त्व अनायास ही खिंचते चले जाते हैं। यदि प्रेम भावना के साथ आदर्शवादिता भी जुड़ी हुई हो तो अपना संपर्क–क्षेत्र श्रेष्ठ तत्वों के साथ सघन होता चला जाएगा।

बुरी प्रकृति के किंतु प्रेमी स्वाभाव के लोग, बुरी चांडाल चौकड़ी के सरगना बने हुए देखे जाते हैं। यही बात अच्छी प्रकृति पर भी लागू होती है, मधुरता और ममता के साथ यदि सज्जनता भी जुड़ी हुई हो, तो फिर निश्चय ही अपने को देव समाज के सम्मानित सदस्य के रूप में पाया जाएगा।

दर्पण में अपनी ही छाया दिखाई पड़ती है। कुरूप छाया दृष्टिगोचर हो तो दर्पण पर क्रुद्ध होना बेकार है। अपनी मुखाकृति जैसी होगी वैसी ही सूरत सामने खड़ी होगी। दूसरों को सुधारने के लिए अपने में आवश्यक हेर–फेर करना होगा अन्यथा मनमरजी की दुनिया देखने के सपने कभी साकार न हो सकेंगे।



अक्सर होता यह है कि अपने दुर्गुणों की प्रतिक्रिया ही अवांछनीय परिस्थितियों के रूप में इर्द–गिर्द घूमती रहती है। यदि अपने में आवश्यक सुधार कर लिया जाए तो दूसरों में भी उस परिवर्तन का आभास सहज ही होने लगेगा।

जीवनक्रम में प्रमाणिकता का समावेश % सादा जीवन , उच्च विचार % का आदर्श अपनाने से ही हो सकता है। सादगी शालीनता की निशानी है। दूसरों को प्रभावित करने के लिए प्रदर्शन के साधन जुटा लेना पर्याप्त नहीं है। किसी को चकाचौंध से क्षणभर के लिए चमत्कृत तो किया जा सकता है पर श्रद्धा और विश्वास से भरा सम्मान प्राप्त करने के लिए चरित्र और चिंतन की गहराई ही काम आती है।

अति भावुकों की बात अलग है सामान्यतः विश्वास उपलब्ध करने के लिए प्रमाणिकता की कसौटियों पर खरा उतरना पड़ता है। इस अग्निपरीक्षा में उत्तीर्ण वही हो सकता है जिसने आदर्श की आग में तपाकर अपने व्यक्तित्व को प्रखर एवं परिपक्व बनाया है। इस मार्ग पर चलते हुए % बड़ा आदमी % बना नहीं जाता है।

जड़ें दिखाई नहीं पड़तीं पर पेड़ का अस्तित्व उन्हीं पर निर्भर रहता है।

जीवन की जड़ें कर्तव्यपालन के तंतुओं के रूप में बिखरी हुई देखी जा सकती हैं। प्रेम के जल से इन्हें सींचा जाता है और आत्मसंयम की खाद पाकर वे परिपुष्ट होती हैं। जीवन का वटवृक्ष कितना विशाल, कितना हरित और कितना सघन होता है – यह इस बात पर निर्भर है कि उसकी जड़ें सींचने में कितना प्रयास किया गया ?

जीवन की सफलता और सार्थकता का भवन छोटे–छोटे सद्गुणों की ईंटों और सतर्कता के गारे चूने में चूना जाता है। यदि हम जीवन को महत्वहीन न समझें और उसके सदुपयोग का समुचित ध्यान रखें तो उस लक्ष्य तक सहज ही पहुंच सकते हैं जिसके लिए यह मनुष्य जीवन की महान विभूति उपलब्ध हुई है।

जो सचमुच प्रेम करता है उसका हृदय धरती पर साक्षात स्वर्ग है ! ईश्वर उसमें बसता है क्योंकि ईश्वर प्रेम है !

वास्तु

# सावधान! घर का बिगड़ा वास्तु खिला सकता है आपको जेल की हवा



वास्तुशास्त्र में ऐसे भवनों की भी जानकारी दी गई है, जिसमें निवास करने वाले परिवार या उनके किसी सदस्य को परिस्थितिवश जेल जाने की नौबत आ जाती है।

- घर व घर की चारदीवारी के नैऋत्य कोण में मुख्यद्वार या मार्ग प्रहार हो तब ऐसे में दक्षिण नैऋत्य होने पर घर की महिला सदस्य और पश्चिम नैऋत्य में हो तो पुरुष सदस्य के जेल जाने की सम्भावना बनती है।
- नैऋत्य नीचा हो, दक्षिण और नैऋत्य के बीच में या नैऋत्य और पश्चिम के बीच में कुंए, गड्ढे और चैम्बर आदि खोदे जाएं या मोरी बनाई जाए तो उस प्लाट के स्वामी को जबरदस्ती गिरफ्तारी व जेल जीवन का सामना करना पड़ता है।
- जब घर के दक्षिण नैऋत्य में बढ़ाव हो तो घर की महिला सदस्य और यदि घर के पश्चिम नैऋत्य में बढ़ाव हो तो घर के पुरुष सदस्य के जेल जाने की नौबत आती है।
- घर के दक्षिण भाग स्थित मुख्यद्वार इस प्रकार लगा हो कि द्वार से आग्नेय कोण दिखता हो तो घर के किसी सदस्य की गिरफ्तारी होने की आशंका होती है।

# घर का वास्तु

## भी कर सकता है आपको समाज में अपमानित



हर वो आदमी जिसमें आत्म सम्मान है वह कभी नहीं चाहता है कि वह अपने जीवन में कभी किसी अन्य के द्वारा अपमानित हो। अपमान किसी भी तरह का हो सकता है, जैसे स्वयं द्वारा या परिवार के किसी सदस्य अवांछनीय कार्य करने से अथवा किसी शत्रु द्वारा किसी प्रकार की साजिश रचने इत्यादि से।

वास्तुशास्त्र में ऐसे घरों की बनावट के बारे में जानकारी दी गई है, जिनमें रहने वालों को अपने जीवन में कभी ना कभी अपमान का सामना करना पड़ता है जैसे –

- घर की पूर्व दिशा की कम्पाऊण्ड वाल सीधी हो और उत्तर दिशा में कट गई हो और यह कटाव सीढ़ियों की तरह उत्तर वायव्य से होता हुए पश्चिम दिशा की ओर बढ़ रहा हो तो ऐसे घर में रहने वालों को अपमान से पीड़ा होगी।
- यदि परिसर का उत्तर ईशान एवं उत्तर दिशा कट गई हो तो परिसर के स्वामी को अपमान का सामना करना पड़ेगा।
- ऐसा घर जिसमें उत्तर के साथ मिलकर अगर वायव्य में बढ़ाव होता हो तो वहां रहने वालों को अपमान का सामना करना पड़ता है।
- किसी प्लाट पर पूर्व की ओर नीचा हो या ऊंचा यदि उस ओर दीवार पर शेड या कमरा आदि बनाया जाएं तो घर के मालिक का अपमान होता है।
- घर का नैऋत्य ऊंचाई पर हो, उधर दक्षिण और नैऋत्य के बीच में या नैऋत्य और पश्चिम के बीच में कुएं, गड्ढे या रंध्र खोदे जाएं या मोरी बनाई जाए तो उस प्लाट का मालिक अपमान से पीड़ित होगा।
- पश्चिम वायव्य पश्चिम दिशा के साथ मिलकर बढ़ाव लिए हुए हो तो प्लाट के स्वामी का जीवन में कभी ना कभी अपमान होता है।
- यदि मुख्यद्वार के साथ सीधे खिड़की जुड़ी हुई हो और खिड़की के पास टूटी–फूटी हालत में या जीर्णक्षीर्ण हालत में दीवार हो, प्लास्टर उखड़ा हुआ हो या खिड़की ही टूटी हुई हो तो उस घर के मुखिया को समाज में अपमान का सामना करना पड़ता है।



# रियल स्टोरी पर फिल्में बनाना पसंद, आगे भी समाज को अच्छा मैसेज देने वाली फिल्में करना चाहता हूं

एक्टर अक्षय कुमार ने कहा कि हम एक्टर्स केवल अच्छे रिस्पॉन्स के लिए तरसते हैं। मैं फिल्म के रिस्पॉन्स से बहुत ज्यादा खुश हूं। ये मेरी अब तक कि सबसे बेस्ट फिल्म है। वहीं अक्षय का मानना है कि फिल्में प्रमोशन से नहीं चलती हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म रानीगंज की स्क्रिप्ट सुनते ही मुझे ये कहानी बहुत पसंद आ गई थी। मैं ऐसी फिल्में करना पसंद करता हूं, जो समाज को अच्छा मैसेज दे। फिल्म मिशन रानीगंज ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 2.8 करोड़ रुपए की कमाई की है। मुझे जसवंत सिंह गिल ने कहा था कि 'ये फिल्म तुम सिख बनकर करना और पग जरूर पहनना।'

### इस फिल्म के लिए मैं बहुत एक्साइटेड था

सिनेमा में कोल माइन के ऊपर बहुत कम फिल्में बनी हैं। इस फिल्म के लिए मैं बहुत एक्साइटेड था। इस फिल्म की सबसे स्पेशल बात थी कि ये रियल स्टोरी बेस्ड है। अक्षय कहते हैं कि ये बहादुरी की कहानी है। कोल माइन में काम करने वाले लोग हर दिन अपनी जान जोखिम में डालकर काम करते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे ऐसी कहानियां बाहर लाने में मजा आता है। जानता हूं ऐसी फिल्मों की कमर्शियल वैल्यू ज्यादा नहीं होती है। इसके बावजूद मुझे ऐसी कहानियों पर काम करना अच्छा लगता है। मैं अच्छी नॉलेज वाली फिल्में बनाना चाहता हूं, जो सोसाइटी को अच्छा मैसेज दे।

### मेरे हिसाब से प्रमोशन करना बेफिजूल है

अक्षय ने कहा मेरे हिसाब से प्रमोशन करना बेफिजूल है। मैंने पहले कई फिल्मों के प्रमोशन नहीं किए लेकिन उनका रिस्पॉन्स अच्छा है। कुछ ऐसी भी फिल्में हैं जिनका प्रमोशन करने के बाद भी रिस्पॉन्स सही नहीं था। जब लोग एक दूसरे को फिल्म देखने की सलाह देते हैं, तो वो सही मायने में प्रमोशन होता है।

### क्या यह फिल्म नेशनल अवॉर्ड की हकदार है?

इस पर अक्षय ने कहा कि नेशनल अवॉर्ड ही नहीं बल्कि जो भी अवॉर्ड हैं। टीनू देसाई उन सबके हकदार हैं। उन्होंने इस फिल्म के लिए बहुत मेहनत किया है। वो पिछले 4 सालों से इस स्टोरी पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं इस फिल्म की कमाई के बारे में नहीं कहूंगा लेकिन मुझे इस फिल्म पर बहुत प्राउड है।

### रानीगंज जैसी फिल्म बनाना कितना चैलेंजिंग होता है?

फिल्म की प्रोड्यूसर दीपशिखा देशमुख ने कहा कि ऐसी फिल्में बनाना बहुत बड़ा चैलेंज होता है। फिक्शन फिल्मों में आप अपने अनुसार कहानी बदल सकते हैं। रियल स्टोरी बेस्ड फिल्में बनाना बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है। इस फिल्म में हम और अच्छा भी कर सकते थे। फिलहाल कम समय में हमने अपना बेस्ट दिया था।

### फिल्म की कहानी क्या है?

फिल्म में एक इंसान की सूझबूझ और अदम्य साहस की कहानी दिखाई गई है। बात 1989 की है, जसवंत सिंह गिल और उनकी टीम ने रानीगंज में कोयले की खदान से 65 मजदूरों को निकालने के लिए एक रेस्क्यू मिशन किया था। मजदूर जिंदा रहने की आशा छोड़ देते हैं ,ऐसे में जसवंत सिंह गिल उनके लिए मसीहा बनकर आते हैं। जसवंत सिंह गिल दृढ़ निश्चय के साथ मजदूरों को बचाने में लग जाते हैं और आखिरकार सफल भी होते हैं।

# कोर्टरूम में संजय दत्त से भिड़ते नजर आएंगे सनी देओल, जल्द शुरू होगी जन्मस्थान की शूटिंग





**फिल्म गदर 2 की सुपर सक्सेस के बाद सनी देओल की डिमांड इंडस्ट्री में काफी बढ़ गई है। सनी के पास फिलहाल टी सीरीज की बॉर्डर 2 और आमिर खान की लाहौर 1947 जैसी फिल्में हैं। इसी बीच सनी देओल की एक और फिल्म को लेकर खबर सामने आई है।**

खबरों के अनुसार सनी देओल ने तीन से चार फिल्में कमिट की हुई है। वह लाहौर 1947 पर काम शुरू करने से पहले फिल्म जन्मभूमि की शूटिंग करेंगे। इस फिल्म में सनी के साथ संजय दत्त भी नजर आएंगे। इस फिल्म में सनी देओल और संजय दत्त 30 साल बाद साथ नजर आएंगे। सनी देओल और संजय दत्त इससे पहले क्रोध, योद्धा और क्षत्रिय जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। दोनों ने साथ में आखिरी बार साल 1993 में रिलीज फिल्म क्षत्रिय में काम किया था।

बताया जा रहा है कि सनी देओल ने पांच महीने पहले फिल्म जन्मस्थान का नैरेशन लिया था। यह एक कोर्ट–रूम ड्रामा है। इसका बैकड्राप राम जन्मभूमि मामले से जुड़ा हुआ है। सनी इसमें वकील के रोल में नजर आएंगे। फिल्म जन्मस्थान के निर्देशक मनोज नौटियाल ने बताया कि वह सनी देओल के टच में हैं। सनी इस वक्त यूएस में हैं। और इससे पहले वो गदर 2 की शूटिंग और प्रमोशन में जुटे हुए थे। उनके फ्री होते ही हम इस फिल्म को फ्लोर पर ले जाने की तैयारी कर रहे हैं।

# टीवी पर वापसी करने जा रही हैं हिना खान



हिना खान ने ये रिश्ता क्या कहलाता है छोड़ने के बाद अपने करियर को और ऊंचाइयों पर ले गई हैं। उस शो को छोड़ते ही वह बिग बॉस 11 में जा पहुंचीं। ट्रॉफी तो वह जीतते जीतते रह गईं लेकिन उसके बाद उनकी इमेज पूरी तरह से बदल गई। अभी तक दर्शकों ने उन्हें सीधी सादी बहू के रूप में देखा था। बिग बॉस से वह स्टाइलिश डीवा के रूप में सभी को प्रभावित करने में कामयाब रहीं। पिछले कुछ सालों में हिना फिल्मों, वेब सीरीज और म्यूजिक वीडियो में व्यस्त रहीं। अब ऐसा लग रहा है वह फिर से टीवी पर वापसी करने जा रही हैं। वह डांस रियलिटी शो में धांसू डांस करती दिख सकती हैं। झलक दिखला जा 11 जल्द ही शुरू होने वाला है। यह टीवी के मोस्ट पॉपुलर शोज में से है। कई कंटेस्टेंट के नाम पहले ही सामने आ चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, शोएब इब्राहिम, शिवांगी जोशी, सुंबुल तौकीर खान, मनीषा रानी, सुरभि चांदना, उर्वशी ढोलकिया, डेजी शाह, शिव ठाकरे और फैजल शेख नजर आएंगे। इस लिस्ट में अब हिना खान का नाम भी जुड़ सकता है।



# सूर्या को लेकर हिन्दी में बनाई जा रही 500 करोड़ी फिल्म कर्ण

कॉलीवुड सुपरस्टार सूर्या इन दिनों अपनी मचअवेटेड मूवी कंगुवा को लेकर चर्चा में हैं। तमिल सुपरस्टार सूर्या की इस मूवी को निर्देशक शिवा बना रहे हैं। कॉलीवुड सुपरस्टार सूर्या की ये पहली पैन इंडिया मूवी है। इस बीच खबरों की मानें तो कॉलीवुड सुपरस्टार जल्दी ही धमाकेदार बॉलीवुड डेब्यू की भी तैयारी में हैं। खबरों की मानें तो जय भीम स्टार सूर्या जल्दी ही रंग दे बसंती फेम निर्देशक राकेश ओम प्रकाश मेहरा की अगली मूवी कर्ण में नजर आएंगे। ये मूवी भारतीय पौराणिक कहानी महाभारत की कहानी को सिल्वर स्क्रीन पर कर्ण के किरदार पर केंद्रित होकर दिखाने वाली है। इस फिल्म में तमिल सुपरस्टार सूर्या लीड रोल निभाएंगे। खबर है कि इस मूवी पर मेकर्स पानी की तरह पैसा बनाने वाले हैं। मिली जानकारी के मुताबिक इस मूवी का बजट 500 करोड़ रुपये रखा गया है। रिपोर्ट्स की मानें तो कॉलीवुड सुपरस्टार सूर्या की मूवी कर्ण को मेकर्स अगले साल तक फ्लोर पर ले जाएंगे। इस मूवी की शुरुआत तमिल सुपरस्टार सूर्या अपनी फिल्म वादी वासाल को पूरा करने के बाद करेंगे। इस फिल्म को नेशनल अवॉर्ड विनिंग डायरेक्टर सुधा कोंगरा बना रही हैं। इस मूवी को खत्म होने के बाद ही एक्टर कर्ण की शूटिंग शुरू करेंगे। जबकि, उनकी पहली पैन इंडिया रिलीज मूवी कंगुवा की शूटिंग भी पूरी होने के करीब है। इस मूवी के आखिरी शिड्यूल की शूटिंग जल्दी ही थाइलैंड में शुरू होगी। यही नहीं, खबर है कि महाभारत जैसे बड़े प्रोजेक्ट पर बनने वाली सूर्या की कर्ण को मेकर्स 2 भागों में बनाने वाले हैं। इस फिल्म की बाकी स्टारकास्ट का खुलासा अभी नहीं हुआ है। न ही इस मूवी का अभी तक आधिकारिक तौर पर ऐलान किया गया है। इधर, एक्टर की अपकमिंग मूवीज की बात करें तो कंगुवा, वादी वासाल और कर्ण के अलावा एक्टर अक्षय कुमार स्टारर मूवी सोराराई पोट्टरू रीमेक को लेकर भी चर्चा में हैं। इस मूवी में सूर्या कैमियो करते दिखेंगे। जबकि, इसके साथ ही वो लोकेश कनगराज के साथ अगली फिल्म को लेकर भी चर्चा में हैं। ये मूवी उनकी फिल्म विक्रम में दिखाए गए किरदार रोलेक्स को लेकर बनेगी।

# तेजस में अपने डायलॉग का क्रेडिट पीएम मोदी को देंगी कंगना?



अभिनेत्री कंगना रणौत इन दिनों अपनी आगामी फिल्म तेजस को लेकर चर्चा में हैं। रविवार को इस फिल्म का ट्रेलर जारी हो चुका है, जो काफी पसंद किया गया। तेजस में कंगना के तेवर देखने लायक हैं। ट्रेलर से उनका एक डायलॉग सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है और यह डायलॉग है, भारत को छेड़ोगे तो छोड़ेंगे नहीं। यह लाइन टीजर में भी इस्तेमाल की गई थी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने कंगना को इस डायलॉग का क्रेडिट पीएम मोदी को देने का सुझाव दिया है। एक यूजर ने एक्स पर पीएम मोदी का एक वीडियो शेयर किया है। इसमें मोदी कहते नजर आ रहे हैं, भारत किसी को छेड़ता नहीं है, लेकिन अगर कोई भारत को छेड़े तो भारत उसे छोड़ता भी नहीं है। किसी संबोधन में पीएम मोदी की कही गई बात और कंगना रणौत के तेजस के डायलॉग में काफी समानता होने की वजह से यूजर ने मजाक में कंगना को सुझाव दिया है कि वह पीएम को डायलॉग राइटिंग का क्रेडिट दें। इस पर कंगना ने काफी दिलचस्प प्रतिक्रिया दी है। अभिनेत्री ने यूजर का पोस्ट रिट्वीट करते हुए लिखा है, क्रेडिट तो निश्चित रूप से बनता है। इसके साथ उन्होंने हंसने वाले इमोजी बनाए हैं। इस पोस्ट पर यूजर्स के काफी दिलचस्प कमेंट्स आ रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, डायलॉग उसी अंदाज में रखा जाना चाहिए था, जैसे प्रधानमंत्री ने बोला है, लेकिन कोई बात नहीं, अब भी बेहतर है। एक यूजर ने लिखा, यह गलत है। क्रिएटिविटी कहां है? हमारे लीडर का डायलॉग इस तरह कॉपी न करें। बता दें कि फिल्म तेजस 27 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। यह एक एरियल एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसमें कंगना एयर फोर्स ऑफिसर तेजस गिल के रोल में नजर आएंगी। कंगना के अलावा इस फिल्म में अंशुल चौहान, वरुण मित्रा और आशीष विद्यार्थी जैसे सितारे भी नजर आएंगे।

# अभिषेक बच्चन की परफॉर्मेंसेस को कम आंका गया

**आर बाल्की उन फिल्मकारों में से हैं, जो हर बार अपनी फिल्म में कुछ नया प्रयोग करते हैं। फिर वो अधेड़ उम्र में प्यार वाली प्रेम कहानी चीनी कम हो या हाउस हस्बैंड के नए कॉन्सेप्ट वाली की ऐंड का। क्रिटिक्स को खूनी रेटिंग देने वाली चुप-रिवेंज ऑफ द आर्टिस्ट हो या एक हाथ से बोलिंग करने वाली क्रिकेटर की प्रेरणादायक कहानी घूमर। यही वजह है कि उनकी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर न भी चले, लेकिन लोगों की तारीफ जरूर बटोरती है। ऐसा ही कुछ अभिषेक बच्चन और संयमी खेर की मुख्य भूमिका वाली उनकी पिछली फिल्म घूमर के साथ भी हुआ।**

### घूमर की रिलीज टाइमिंग गलत हो गई

बाल्की इस फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर न चलने की वजह के बाबत कहते हैं, ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि तब गदर 2 और ओह माय गॉड 2 इतनी चल रही थी कि उसकी सूनामी में घूमर को स्क्रीन ही नहीं मिल पाया। बहुत से लोग चाहकर भी फिल्म नहीं देख पाए क्योंकि शोज कम थे। रिलीज टाइमिंग के चलते ये थोड़ा गड़बड़ चला गया। बहुत से लोगों ने मुझे फोन करके कहा कि हम फिल्म देखने जाना चाहते हैं पर शाम का शो ही नहीं है, रात का है, तो कभी कभी ऐसा होता है। ये किस्मत की बात है।

### फिल्मों में बिजनेस और क्रिएटिविटी अलग नहीं

अपनी क्रिएटिविटी के लिए चर्चित बाल्कि के लिए बॉक्स ऑफिस कितनी अहमियत रखता है, यह पूछने पर उन्होंने कहा, बॉक्स ऑफिस सबके लिए अहम है। उसके बिना कौन फिल्म बना सकता है। यहां बिजनेस और क्रिएटिविटी अलग–अलग नहीं होती है। हम अच्छी क्रिएटिविटी इसीलिए करते हैं कि अच्छा बिजनेस हो। ये दोनों अलग नहीं होते हैं, लेकिन कभी कभी बुरी पिक्चर भी चल जाती है और अच्छी पिक्चर नहीं चलती है, क्योंकि बहुत सारे फैक्टर होते हैं, जो फिल्म को प्रभावित करते हैं। फिल्में सिर्फ अच्छी या बुरी होने से नहीं चलती, कभी माहौल ऐसा होता है या किसी के बारे में हवा चल रही होती है, कभी कोई मूवमेंट चल रहा है या देश का कुछ मूड ऐसा होता है कि बहुत सारी बड़ी बड़ी फिल्में हिट हो रहे हैं, उसके बीच में एक छोटी पिक्चर खो जाती है तो एक फिल्म के हिट और फ्लॉप होने के पीछे बहुत से कारण होते हैं। फिल्म न चलने पर मैं हताश नहीं होता लेकिन निश्चित तौर पर बॉक्स ऑफिस बहुत ज्यादा मायने रखता है।

फिल्म हिट होती है तो यह जस्टीफिकेशन भी होता है न कि बहुत से लोगों को पिक्चर पसंद आ रही है। वहीं, इन दिनों गदर 2, जवान, पठान जैसी इवेंट फिल्मों के बड़ी हिट होने के ट्रेंड पर उनका कहना है, ऐसा नहीं है कि सिर्फ इवेंट फिल्में चल रही हैं। जरा हटके जरा बचके भी चल गई, ये सब टाइमिंग की बात है। फिर ऑडियंस भी कितनी फिल्में देखेगी। टिकट की कीमतें भी तो बहुत ज्यादा है न, एक परिवार फिल्म देखने गया तो 2000 रुपये गए, तो वे सिलेक्टिव फिल्में ही देखेंगे।

### अभिषेक गुस्सा भी करे तो बुरा नहीं लगता

महानायक अमिताभ बच्चन और जूनियर बच्चन अभिषेक के साथ आर बाल्की की हमेशा बेहतरीन तालमेल रही है। फिल्म पा के बाद घूमर में भी बाल्की ने अभिषेक से उम्दा काम करवाया। इस केमिस्ट्री के बारे में पूछने पर वह कहते हैं, अभिषेक हमेशा से बहुत ही कमाल के परफॉर्मर रहे हैं। उनकी परफॉर्मेंसेस को बहुत कम आंका गया है। इस फिल्म में मैंने अभिषेक को इसलिए कास्ट किया, क्योंकि उनके बारे में एक चीज मुझे बहुत अच्छी लगी कि जब वो एक लड़की जिसका एक हाथ नहीं है, उस पर गुस्सा करते हैं, तब भी हमें बुरा नहीं लगता। अभिषेक इकलौते ऐसे इंसान हैं जो बहुत रूखा बर्ताव करें तो भी बुरा नहीं लगेगा, अपमानजनक नहीं लगेगा। वह क्रूरता भी करें, तो एक नम्रता झलकती है। वहीं, यह पूछने पर क्या वह मानते हैं कि वह खुद और मणिरत्नम ही अभिषेक से ऐसी बढ़िया परफॉर्मेंस करवा पाते हैं? उन्होंने कहा, मुझे तो अभिषेक बॉब बिस्वास में भी अच्छे लगे। रोहन सिप्पी की ब्लफमास्टर जैसी फिल्मों में भी मुझे वो पसंद आए। दोस्ताना में बहुत अच्छे लगे। मेरे हिसाब से अभिषेक बहुत ही स्पेशल ऐक्टर हैं।

